CMYK

अधिकतम :27°C
न्यूनतम : 12°C

खबरें छुपाता नहीं, छापता है
# शाह टाइम्स

मुरादाबाद, मंगलवार 11 नवम्बर 2025 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 87 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष 6 विक्रमी सम्वत् 2082 | 19 जमादिउल उला1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



**बिहार में दो दशक के अन्याय के अंत के लिए महागठबंधन सरकार बनाएं: खड़गे** पेज 2



**अनीश भानवाला ने विश्व चैंपियनशिप पिस्टल स्पर्धा में रजत पदक जीता** खेल टाइम्स



**सुप्रीम कोर्ट का आदेश और आवारा कुत्तों की समस्या** सम्पादकीय



**भारत पर हमले की तैयारी में हाफिज सईद** पेज 12

## संक्षिप्त समाचार

### SIR को लेकर बंगाल कांग्रेस ने किया सुप्रीम कोर्ट का रुख

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने राज्य में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में राहत की मांग करते हुए उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है। यह मामला सोमवार को न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ के समक्ष प्रस्तुत किया गया। वकील ने याचिका को मंगलवार को सूचीबद्ध किए जाने का यह कहते हुए अनुरोध किया कि अन्य राज्यों में एसआईआर को चुनौती देने वाली कई याचिकाओं पर मंगलवार को सुनवाई होनी है।

### सुप्रीम कोर्ट ने महिला आरक्षण याचिका पर केंद्र से मांगा जवाब

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने महिला आरक्षण अधिनियम के क्रियान्वयन की मांग वाली एक जनहित याचिका पर सोमवार को केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया। इस अधिनियम में लोकसभा, राज्य विधानसभाओं और दिल्ली विधानसभा में महिलाओं के लिए एक-तिहाई आरक्षण का प्रावधान है। न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति आर. महादेवन की पीठ ने नोटिस जारी करते हुए स्पष्ट किया कि न्यायपालिका के पास नीति कार्यान्वयन में हस्तक्षेप करने की सीमित गुंजाइश है, लेकिन इस मामले में आगे बढ़ने से पहले केंद्र सरकार से जवाब मांगा जा रहा है।

### हेयर स्टाइलिस्ट जावेद हबीब और उनके बेटे को हाईकोर्ट से राहत

**प्रयागराज।** सेलिब्रिटी हेयर स्टाइलिस्ट जावेद हबीब और उनके बेटे अनोश हबीब को इलाहाबाद से बड़ी राहत मिली है। धोखाधड़ी के मामले में दर्ज मुकदमे की सुनवाई करते हुए कोर्ट ने दोनों की गिरफ्तारी पर रोक लगा दी है। कथित धोखाधड़ी और जालसाजी के मामलों में अपने खिलाफ दर्ज एफआईआर के संबंध में इलाहाबाद हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। उन्होंने अपने खिलाफ दर्ज एफआईआर को रद्द करने की मांग करते हुए एक याचिका दायर की है। दोनों के खिलाफ संभल के रायसत्ती पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज की गई है। जावेद हबीब और उनके बेटे पर संभल के राय सत्ती पुलिस स्टेशन में धोखाधड़ी और जालसाजी के आरोप में मुकदमा दर्ज है।

# लालकिले के पास कार में धमाका, 11 मरे, 24 घायल

## पार्किंग में खड़ी अन्य कई गाड़ियां भी जलीं, धमाके की वजह साफ नहीं, दिल्ली, मुंबई, यूपी और हरियाणा में हाई अलर्ट जारी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** दिल्ली में लालकिले के पास कार में जोरदार धमाका हुआ है। धमाका इतना तेज था कि वाहनों के परखच्चे उड़ गए। ब्लास्ट में 11 लोगों की मौत हो गई है और 24 लोग घायल हैं। धमाके की वजह साफ नहीं है, लेकिन इसके बाद दिल्ली समेत मुंबई, हरियाणा और उत्तर प्रदेश में हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है।

जानकारी के मुताबिक सोमवार शाम 6.55 बजे फोर्ट मेट्रो स्टेशन के गेट नंबर-1 की पार्किंग में खड़ी एक इको कार में धमाका हुआ। आग इतनी तेजी से फैली कि आसपास खड़ी 3 और गाड़ियां जल गईं। घटना के बाद पुलिस ने इलाके को घेर लिया है। फॉरेंसिक टीम पहुंच गई है। आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। वहीं एनआईए और एनएसजी को भी घटनास्थल के लिए रवाना कर दिया गया है। गृह मंत्री अमित शाह से दिल्ली पुलिस कमिश्नर ने बात की। शाह इस समय चुनाव प्रचार के लिए सोमवार को बिहार में थे। डिप्टी चीफ फायर ऑफिसर एके मलिक ने बताया कि हमें सूचना मिली कि चांदनी चौक मेट्रो स्टेशन के पास एक कार में विस्फोट हुआ है। हमने तुरंत सात यूनिट मौके पर भेजी। शाम 7:29 बजे आग पर काबू पा लिया गया। इसमें लोगों के हताहत होने की आशंका है। हमारी सभी टीमें मौके पर मौजूद हैं। लोक नायक जय प्रकाश नारायण (एलएनजेपी) अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक ने बताया लालकिला मेट्रो स्टेशन के गेट नंबर 1 के पास विस्फोट के 15 लोगों को लोक नायक अस्पताल लाया गया है। उनमें से 11 की अस्पताल पहुंचने से पहले ही मौत हो गई। तीन गंभीर रूप से घायल हैं। एक की हालत स्थिर है। मेट्रो स्टेशन के पास एक दुकानदार ने बताया कि मैंने अपनी जिंदगी में इतना जोरदार धमाका कभी नहीं सुना। मैं धमाके की वजह से तीन बार गिरा। ऐसा लगा जैसे हम सब मर जाएंगे। घटना के चश्मदीद राजभर पांडे ने बताया कि उनके घर काफी तेज धमाके की आवाज सुनाई दी। घर की खिड़कियां हिल गईं। बाहर आकर देखा तो आग की लपटें दिखाई दीं।





- **गृह मंत्री अमित शाह से दिल्ली पुलिस कमिश्नर ने की बात**
- **शाम 6.55 बजे फोर्ट मेट्रो स्टेशन के गेट नंबर-1 की पार्किंग में खड़ी एक इको कार में हुआ धमाका**

### यूपी के सभी जिलों में हाई अलर्ट

दिल्ली में रेड फोर्ट मेट्रो स्टेशन के गेट नंबर 1 के पास हुए धमाके के बाद उत्तर प्रदेश को अलर्ट पर रखा गया है। उत्तर प्रदेश के एडीजी (कानून-व्यवस्था) अमिताभ यश ने बताया कि डीजीपी ने राज्य के सभी वरिष्ठ अधिकारियों को संवेदनशील धार्मिक स्थलों, संवेदनशील जिलों और सीमावर्ती क्षेत्रों में सुरक्षा बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। सभी सुरक्षा एजेंसियों को सतर्क कर दिया गया है। उत्तर प्रदेश के सभी जिलों की पुलिस को अलर्ट पर रखा गया है। लखनऊ से आदेश जारी कर संवेदनशील इलाकों में गश्त और जांच बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं।

## सुरक्षा एजेंसियों ने दिया तत्परता और सूझबूझ का परिचय

# देश में बड़ी आतंकी वारदात नाकाम

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुरक्षा एजेंसियों की तत्परता और सूझ-बूझ से देश में बड़ी आतंकी वारदात टल गई हैं। एक तरफ गुजरात एटीएस ने देश में रसायनिक हमले की खतरनाक साजिश का भंडाफोड़ किया। वहीं जम्मू-कश्मीर पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए यूपी के सहारनपुर से एक डाक्टर को गिरफ्तार किया।

अब उस डाक्टर से जुड़े एक व्यक्ति के फरीदाबाद स्थित घर से 350 किलो अमोनियम नाइट्रेट बरामद होने की खबर है। अमोनियम नाइट्रेट का इस्तेमाल विस्फोटक बनाने में किया जाता है। गौरतलब है कि दोनों ही मामलों में गिरफ्तार लोगों में मेडिसिन की पढ़ाई करने वाले डाक्टर शामिल हैं। हरियाणा के फरीदाबाद में जम्मू- कश्मीर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। फरीदाबाद के धौज में डाक्टर के घर से 350 किलो अमोनियम नाइट्रेट बरामद हुआ है। कमरे से अमोनियम नाइट्रेट से भरे 14 बैग, 2 ऑटोमैटिक पिस्टल, 84 कारतूस, पांच लीटर केमिकल और एके-47 बरामद की गई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, गिरफ्तार संदिग्ध मुजम्मिल शकील की निशानदेही पर यह कार्रवाई की गई है। आरोपी एक डाक्टर है। जम्मू-कश्मीर पुलिस की टीम ने दो दिन पहले सहारनपुर से जम्मू कश्मीर के अनंतनाग के रहने वाले डाक्टर आदिल को गिरफ्तार किया था। पूछताछ के बाद आदिल की निशानदेही पर उसके साथी डा. मुजम्मिल शकील का पता चला। जब पुलिस ने फरीदाबाद स्थित मुजम्मिल शकील के आवास पर छापा मारा, तो यहां से टीम को 14 बैग अमोनियम नाइट्रेट, दो ऑटोमैटिक पिस्टल, 84 कारतूस, पांच लीटर केमिकल और एक एके-47 राइफल बरामद हुई है। यह बरामदगी सुरक्षा एजेंसियों के लिए चिंता का विषय है, क्योंकि अमोनियम नाइट्रेट का इतनी बड़ी मात्रा में मिलना किसी बड़े खतरे की ओर इशारा कर रहा है।

**फरीदाबाद में अमोनियम नाइट्रेट से भरे 14 बैग, दो ऑटोमैटिक पिस्टल, 84 कारतूस, पांच लीटर केमिकल और एके-47 भी बरामद**

**खतरनाक साजिश का भंडाफोड़, गुजरात एटीएस ने विफल किया रसायनिक हमला, फरीदाबाद से 350 किलो विस्फोटक सामग्री बरामद**

### पहाड़ों से मैदानों में ठिकाना बनाने की फिराक में आतंकी

**जम्मू।** सर्द मौसम में पारा गिरने के साथ ही ऊपरी पहाड़ी क्षेत्र के जंगलों में छिपे आतंकी निचले क्षेत्रों में अपना ठिकाना खोजने की फिराक में हैं। खुफिया एजेंसियों का मानना है कि ऊपरी ठंडे इलाकों में आतंकियों के लिए छिपना आसान नहीं रहेगा। इसलिए वह मैदानी क्षेत्रों में आने के लिए अपने मददगारों से संपर्क कर रहे हैं। सुरक्षाबल सतर्क हैं और आतंकियों के इसी मंसूबे को ध्वस्त करने के लिए पूरे जम्मू संभाग में व्यापक छापे एवं तलाशी अभियान चलाए गए हैं। डोडा के एसएसपी संदीप मेहता ने कहा कि आतंकवादी संगठनों के स्थानीय समर्थन नेटवर्क की पहचान के लिए चल रही तलाशी में मारे गए आतंकवादियों, आत्मसर्मण कर चुके आतंकियों समेत संदिग्धों के घरों को भी खंगाला जा रहा है। स्थानीय युवाओं को निशाना बनाने वाले संभावित स्लीपर सेल और ऑनलाइन प्रचारकों पर भी नजर रखी जा रही है।

### जम्मू-कश्मीर में आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने एक बड़े अंतर्राज्यीय और अंतर्राष्ट्रीय आतंकी नेटवर्क का पर्दाफाश किया है, जो प्रतिबंधित आतंकी संगठनों जैश और अंसार गजवत-उल-हिंद से जुड़ा हुआ था।कई प्रमुख आतंकी आरोपी गिरफ्तार किए गए और उनके कब्जे से भारी मात्रा में हथियार, गोला-बारूद और विस्फोटक सामग्री बरामद की गई।



# यूपी के सभी स्कूलों में अनिवार्य होगा वंदे मातरम का गायन: योगी

**गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को गोरखपुर में आयोजित 'एकता यात्रा' कार्यक्रम में ऐलान किया कि प्रदेश के सभी शैक्षणिक संस्थानों में अब 'वंदे मातरम' का गायन अनिवार्य किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि यह कदम नागरिकों में भारत माता और मातृभूमि के प्रति श्रद्धा, गर्व और राष्ट्रीय एकता की भावना को सशक्त करेगा। योगी ने कहा कि राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के प्रति सम्मान की भावना होनी चाहिए। अब प्रदेश के हर स्कूल और शिक्षण संस्थान में वंदे मातरम का गायन अनिवार्य रूप से किया जाएगा। यह केवल एक गीत नहीं, बल्कि देश की आत्मा का प्रतीक है, जो राष्ट्रभक्ति और एकता का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि देश की एकता और अखंडता को कमजोर करने वाले तत्वों की पहचान हो और उनका विरोध किया जाए। उन्होंने कहा कि वंदे मातरम के गायन से एकता, अनुशासन और देशभक्ति की भावना मजबूत होगी। यह प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि वह राष्ट्रगीत के प्रति सम्मान प्रकट करे। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में अखिल भारतीय मुस्लिम लीग के नेताओं मोहम्मद अली जिन्ना और मोहम्मद अली जौहर का उल्लेख करते हुए कहा कि जो लोग वंदे मातरम का विरोध करते हैं, वे भारत की एकता और अखंडता का अपमान करते हैं। योगी ने कहा कि आज भी हम उम्मीद करते हैं कि भारत में रहने वाला हर व्यक्ति राष्ट्र के प्रति वफादार रहेगा।



- **कहा: यह कदम नागरिकों में भारत माता और मातृभूमि के प्रति श्रद्धा, गर्व और राष्ट्रीय एकता की भावना को सशक्त करेगा**

### ज्ञानवापी मामले में अगली सुनवाई 20 नवम्बर को

**वाराणसी।** वाराणसी के जिला जज संजीव शुक्ला की अदालत ने सोमवार को ज्ञानवापी के सील वजूखाने के ताले में लगे फटे कपड़े को बदलने के मामले में सुनवाई की। मामले की अगली सुनवाई 20 नवम्बर को होगी।

**मिरगी**
**घबराएं नहीं उचित इलाज करवाएं**

मिरगी कोई भूत-प्रेत, छाया या आत्मा आदि का प्रकोप नहीं है। इसका इलाज नीम-हकीम, फ्कीर और ढोंगी लोग नहीं कर सकते हैं। इसका इलाज केवल उचित दवाओं द्वारा योग्य डाक्टर ही कर सकते हैं। यह एक साधारण रोग है। इसका इलाज संभव है।

**मिरगी के लक्षण**
- अचानक बेहोश होकर जमीन पर गिर जाना
- आंखे पथराना
- हाथ-पैर ऐंठ जाना
- मुंह से झाग निकलना
- मुंह एक तरफ हो जाना
- जीभ का बाहर व दांतो के बीच आना
- मुट्ठियां कसना
- गर्दन टेढ़ी पड़ना
- अचानक झटका-सा लगना
- घे-घे-ऑं-ऑं की आवाज आना



अगर आपमें या आपके आस-पास किसी में इस प्रकार के लक्षण हैं तो विश्व प्रसिद्ध वरिष्ठ मिरगी रोग विशेषज्ञ डा. अय्यूब हसन 'मार्शल' के इलाज से लाभ उठाकर हमेशा के लिए मिरगी से छुटकारा पाएं।

**डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'**
M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), F.C.G.P., F.A.P.S. (U.S.A.)
M.A.P.A.(U.S.A.), M.R.C.S.M.I.P.S., F.I.P.S., M.I.E.A.(INDIA)

- आजीवन सदस्य भारतीय मिरगी एसोसिएशन
- पूर्व सी.एम.ओ., इरविन अस्पताल, नई दिल्ली
- फैलो ऑफ इंडियन साइकैट्रिक सोसाइटी
- पूर्व सी.एम.ओ., जी.बी. पन्त अस्पताल, नई दिल्ली

**मिलने का पता**
**मार्शल चिकित्सा केन्द्र**
निकट चन्द्रा टाकीज़ व सैन्ट्रल बैंक के सामने
मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.: 9997411423, 9358348826

**नोट** जांच कराने वाले रोगी बालों को शैम्पू से धोकर आयें
समय 11 बजे से 5 बजे तक मंगलवार अवकाश
असुविधा से बचने के लिए कृपा पहले से समय लेकर मिलें।

# स्वच्छ हवा लोगों का बुनियादी अधिकार: राहुल

## कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा: नागरिकों को अपराधी की तरह क्यों देखती है सरकार

शाह टाइम्स ब्यूरो

- **कांग्रेस नेता ने देश में वायु प्रदूषण की गंभीर होती स्थिति को लेकर केंद्र सरकार को कठघरे में खड़ा किया**

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने देश में वायु प्रदूषण की गंभीर होती स्थिति को लेकर केंद्र सरकार को कठघरे में खड़ा करते हुए कहा कि स्वच्छ हवा हर नागरिक का बुनियादी अधिकार है, लेकिन जब नागरिक साफ हवा के हक की मांग करते हैं, तो सरकार उनके साथ अपराधी की तरह पेश आती है।

श्री गांधी ने सोशल मीडिया पोस्ट में सोमवार को कहा कि संविधान ने हर नागरिक को शांतिपूर्ण विरोध करने का अधिकार दिया है और उनके इस अधिकार की सुरक्षा सरकार को सुनिश्चित करना चाहिए। उन्होंने लिखा कि स्वच्छ हवा का अधिकार एक बुनियादी मानव अधिकार है। शांतिपूर्ण विरोध का अधिकार हमारे संविधान द्वारा दी गई गारंटी का हिस्सा है। जब नागरिक स्वच्छ हवा में जीने की अपनी बुनियादी मांग के लिए प्रदर्शन कर रहे हैं, तो उनके साथ अपराधी की तरह व्यवहार क्यों किया जा रहा है। श्री गांधी ने आरोप लगाया कि वायु प्रदूषण से करोड़ों भारतीय प्रभावित हो रहे हैं, बच्चों और देश के भविष्य को नुकसान पहुंच रहा है, लेकिन 'वोट चोरी से सत्ता में आई सरकार' इस गंभीर संकट को सुलझाने के बजाय चुप बैठी है और और इसका विरोध कर रहे नागरिकों पर कार्रवाई कर रही है। उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि वह जनता की आवाज़ दबाने के बजाय वायु प्रदूषण के संकट को सुलझाने के लिए ठोस कदम उठाए और लोगों के जीवन तथा स्वास्थ्य की रक्षा के लिए तुरंत सकारात्मक कार्रवाई करे।



# दिल्ली एयरपोर्ट पर फ्लाइट के जीपीएस से छेड़छाड़

- **पायलट को रनवे पर खेत दिखे थे, आसमान में प्लेन के बीच दूरी बढ़ाकर हादसे टाले**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर दो दिन पहले 800 से ज्यादा उड़ानें बाधित होने के मामले में बड़ा खुलासा हुआ है।

अब तक की जांच और एक्सपर्ट्स से मिली जानकारी में सामने आया है कि जीपीएस यानी ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम के सिग्नल से छेड़छाड़ की साजिश की गई थी। जानकारी के अनुसार, 6 से 7 नवम्बर शाम लगभग 7 बजे के बीच पायलट्स को जीपीएस से फेक सिग्नल मिल रहे थे। इससे कॉकपिट स्क्रीन पर विमान की पोजिशन ही बदल गई और एक नकली तस्वीर सामने आने लगी। इस दौरान रनवे के बजाय खेत दिखने लगे और विमान की ऊंचाई को लेकर भी भ्रम की स्थिति पैदा हो गई। फिर विमानों के पायलट जीपीएस बेस्ड ऑटो मैसेजिंग की बजाय मैनुअल पोजिशन पर शिफ्ट हो गए। 7 नवम्बर को आईजीआई पर एटीसी के ऑटोमैटिक मैसेज स्विच सिस्टम में तकनीकी खराबी से फ्लाइटस ऑपरेशन 12 घंटे से ज्यादा प्रभावित रहा। 800 से ज्यादा डोमेस्टिक और इंटरनेशनल फ्लाइट्स देरी से उड़ीं, जबकि 20 को रद्द करना पड़ा। एयरपोर्ट का ऑपरेशन 48 घंटे के बाद नार्मल हुआ। 6 नवम्बर की शाम से गड़बड़ी शुरू हो गई।

## संक्षिप्त समाचार

### नीति निर्माण में जनता की भागीदारी से तेज होगा विकासः बिरला

**नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा है कि विकास की नीतियों और रूपरेखा निर्माण में जितनी जनता की भागीदारी होगी वह प्रदेश उतना ही विकसित हो पाएगा। बिरला ने कोहिमा स्थित नागालैंड की विधानसभा में राष्ट्रमंडल संसदीय संघ (सीपीए) भारत क्षेत्र जोन-।।। के 22वें वार्षिक सम्मेलन का उद्घाटन करने के बाद कहा कि विकास की नीतियों और योजनाओं में जनता की भागीदारी हो, इसके लिए हमारी विधानसभाएं उत्प्रेरक की भूमिका निभाती हैं। उन्होंने कहा कि नागालैंड संस्कृति, सुंदरता और वीरों की धरती रही है। आज उत्तर-पूर्वी राज्य तेजी से विकास पथ पर आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि आधारभूत संरचना से लेकर सड़क संपर्क, रेल संपर्क, वायु संपर्क और डिजिटल कनेक्टिविटी की दिशा में उत्तर पूर्वी राज्यों ने प्रगति की है।

### साइबर सुरक्षा को लेकर आगरा में आज होगी कार्यशाला

**आगरा।** साइबर सुरक्षा और महिला सशक्तिकरण के लिए आगरा पुलिस 11 नवम्बर को आगरा में एक बड़ी कार्यशाला का आयोजन करेगी। पुलिस अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि छह घंटे की कार्यशाला में तीन सत्र दो-दो घंटे के होंगे। कार्यशाला में प्रदेश के आईजी राजीव कृष्णा भी आधा घंटे के लिए ऑनलाइन जुड़ेंगे और लोगों को संबोधित करेंगे। कार्यशाला में आगरा के छात्र और छात्राएं हिस्सा लेंगीं। इसके अलावा शहर में जिम्मेदार लोग भी शामिल होंगे। मंगलवार को सूरसदन सभागार में आयोजित कार्यक्रम में कई साइबर एक्सपर्ट भी बताएंगे कि किस तरह से साइबर फ्रॉड से बचना है।

# भ्रष्टाचार या घूसखोरी की शिकायत पोर्टल पर देंः असीम

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** विभाग के चार अधिकारियों की बर्खास्तगी के बाद समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण ने जनता से भी अपील की है कि यदि कहीं भ्रष्टाचार या घूसखोरी की घटना दिखे, तो तुरंत विभागीय शिकायत पोर्टल या जिलाधिकारी कार्यालय में जानकारी दें।

उन्होंने कहा कि समाज कल्याण विभाग जनता की सेवा से जुड़ा सबसे संवेदनशील विभाग है, ऐसे में पारदर्शिता और ईमानदारी सर्वोपरि है। समाज कल्याण योजनाओं का पैसा जनता का है। इसे किसी भी कीमत पर भ्रष्टाचार की भेंट नहीं चढ़ने दिया जाएगा। मंत्री ने कहा कि समाज कल्याण विभाग की योजनाएं गरीब, असहाय, दिव्यांग, छात्रवृत्ति प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों और पेंशनधारकों के हित के लिए चलाई जाती हैं। ऐसे में यदि कोई अधिकारी या कर्मचारी जनता के हक पर चोट करने की कोशिश करेगा, तो उसके खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि विभागीय स्तर पर निगरानी तंत्र को और मज़बूत किया जा रहा है, ताकि किसी भी अनियमितता या भ्रष्टाचार की शिकायत पर तुरंत कार्रवाई हो सके।

मंत्री ने यह भी कहा कि जिन अधिकारियों की भूमिका संदिग्ध पाई जाएगी, उनके खिलाफ निलंबन से लेकर बर्खास्तगी तक की कार्रवाई की जाएगी। असीम अरुण ने कहा कि समाज कल्याण योजनाओं का उद्देश्य जन-सेवा है, न कि व्यक्तिगत लाभ। उन्होंने सभी जिलाधिकारियों और समाज कल्याण अधिकारियों को निर्देशित किया कि योजनाओं के लाभार्थियों का चयन पूरी पारदर्शिता के साथ किया जाए और किसी भी प्रकार की मध्यस्थता या घूसखोरी की शिकायत पर तत्काल संज्ञान लिया जाए। गौरतलब है कि एक दिन पूर्व भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस के तहत अब समाज कल्याण विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। विभाग ने चार अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की है और उन्हें सेवा से बर्खास्त कर दिया है। इसी के साथ तीन सेवानिवृत्त अधिकारियों के खिलाफ भी कार्रवाई करते हुए, उनकी पेंशन में कटौती करने का फैसला लिया है।

### घोटालों पर की गई कार्रवाई

मंत्री ने कहा कि ये कार्रवाई श्रावस्ती, मथुरा, शाहजहांपुर और औरैया जनपदों में हुए घोटालों पर की गई है। श्रावस्ती में तैनात अधिकारी मीना श्रीवास्तव पर मुख्यमंत्री महामाया गरीब आर्थिक मदद योजना और छात्र वृत्ति में अनियमितता के आरोप लगे हैं। जांच के दौरान आरोप सही पाए गए हैं। इसी तरह मथुरा में तैनात करुणेश त्रिपाठी को भी सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है। इनके खिलाफ प्राइवेट आईटीआई संस्थानों को अनियमित भुगतान, 11 अमान्य संस्थानों को 2.53 करोड़ का भुगतान, फर्जी छात्रों से जुड़ी गड़बड़ियां के आरोप जांच के दौरान सही पाए गए हैं।

# इमोशन पर चल रही यूपी सरकारः सपा

## 2027 चुनाव से पहले ही शुरू कर दी बेईमानीः अखिलेश

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने योगी सरकार और चुनाव आयोग पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि यूपी में 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले ही सरकार बेईमानी करने में जुट गई है। वास्तव में सरकार इमोशन पर चल रही है, जबकि जनता महंगाई व भ्रष्टाचार से परेशान है।

यादव ने सोमवार को एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि सरकार बताए पीडीए के कितने ईआरओ लगाए गए हैं। अभी 427 दिन बाकी हैं विधानसभा चुनाव में और सरकार पहले से ही गड़बड़ी की तैयारी कर रही है। चुनाव आयोग पर भी कई गंभीर शिकायतें हैं, जबकि 2003 की वोटर लिस्ट सबसे साफ थी। उन्होंने कहा कि अयोध्या में जो रिपोर्ट दी गई है, वह पढ़ने लायक नहीं है। वहां एक डीआईओएस जिसकी जांच चल रही थी, उससे सरकार ने वोट डलवाने में मदद ली।

### कुर्सी से दूर रहने पर बौखला गए हैं अखिलेशः पाठक

**लखनऊ।** यूपी के डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने सपा मुखिया अखिलेश यादव पर हमला करते हुए कहा कि वे कुर्सी से दूर होने की वजह से बौखला गए हैं। उन्होंने कहा कि बीजेपी, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, सीएम योगी आदित्यनाथ का विरोध करते करते वो भारत माता का विरोध करने पर उतर आए हैं। उन्होंने कहा कि बिहार में अखिलेश ने जातीय गोलबंदी कराने की काफी कोशिश की, लेकिन उसमें वो सफल नहीं हो पाए।

# देश में अपने हकों की मांग करना अपराधः कांग्रेस

नई दिल्ली, वार्ता



कांग्रेस सोशल मीडिया प्रमुख सुप्रिया श्रीनेत ने प्रदूषण से निपटने में नाकाम दिल्ली सरकार के खिलाफ रविवार शाम इंडिया गेट पर प्रदर्शन कर रहे लोगों की गिरफ्तारी की आलोचना करते हुए कहा है कि ऐसा लगता है कि इस देश में अपने हकों की मांग करना अब अपराध बन गया है।

सुश्री श्रीनेत ने इस रवैए को लेकर दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और दिल्ली पुलिस की कड़ी आलोचना करते हुए सोमवार को कहा कि इस देश के लोग अगर साफ़ हवा के लिए आवाज़ उठाएंगे, तो गिरफ्तार किए जाएंगे, नौजवान नौकरी के लिए गुहार लगाएंगे, तो गिरफ्तार किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि छात्र पेपर लीक के खिलाफ बोलेंगे, तो गिरफ्तार किए जाएंगे, महिलाएंअपनी सुरक्षा की मांग करेंगी, तो गिरफ्तार की जाएंगी। किसान उपज का सही दाम मांगें. गे, तो गिरफ्तार किए जाएंगे। आशा, आंगनवाड़ी सही मानदेय मांगेंगी, तो गिरफ्तार की जाएंगी। लेकिन बलात्कारी पेरोल पर पेरोल पा कर आज़ाद घूमेंगे। यह है मोदी मॉडल जिसका खामियाज़ा पूरा देश भुगत रहा है। कांग्रेस नेत्री ने कहा इस देश के युवा साफ़ हवा में सांस लेने और रोजगार के अपने अधिकार की मांग कर रहे हैं, लेकिन बदले में सरकार उन्हें गिरफ्तार कर जेल में डाल रही है। इस पीढ़ी को संविधान में आस्था और अब राहुल गांधी से उम्मीद है और उनका यही विश्वास इस देश की राजनीति बदलेगा।रविवार शाम इंडिया गेट पर कई महिलाएं अपने बच्चों के साथ पहुंची थीं।

## गोरखपुर में सीएम योगी ने उग्रवाद पर कड़ा प्रहार किया

# दूसरा जिन्ना पैदा होने से पहले दफनाना होगा

गोरखपुर, वार्ता

सीएम योगी आदित्यनाथ ने विरोधियों पर निशाना साधते हुए बड़ा बयान दिया है। उन्होंने सपा सांसद का जिक्र करते हुए कहा कि जब वंदे मातरम को लेकर आयोजन हुआ, तो उन्होंने विरोध शुरू कर दिया। ये वहीं लोग हैं जो जिन्ना के कार्यक्रमों शर्मनाक तरीके से शामिल होते हैं।

सीएम योगी ने गोरखपुर में वंदे मातरम के 150 साल पूरे होने के आयोजित कार्यक्रम में कहा कि आज हमारा दायित्व बनता है कि हम उन कारणों को ढूंढे, जो समाज को बांटने वाले हैं। यह जाति, क्षेत्र, भाषा के नाम पर विभाजन नए जिन्ना को पैदा करने की साजिश का हिस्सा है। हमें याद करना होगा कि भारत के अंदर कोई नया जिन्ना पैदा न होने पाए और वह पैदा होने का साहस करता है, तो हमें उससे पहले कि



**वंदे मातरम के 150 साल पूरा होने पर बोले मुख्यमंत्री**

वह भारत की अखंडता को चुनौती दे, उसे दफन करके रख देना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह उग्रवाद और आतंकवाद जो लगातार भारत की एकता अखंडता को चुनौती दे रहा है। जो भी भारत के महापुरुषों का क्रांतिकारी का अपमान करते हैं, जिनके कारण भारत की एकता राष्ट्रीयता को चुनौती मिलती है। हमें एकजुट होकर खड़ा होना होगा, यह एकता यात्रा भारत के हर नागरिक की एकता अखंडता के प्रति प्रतिबद्ध करती है। सीएम योगी ने कहा कि हम सब भारतवासियों को इस बात को ध्यान में रखना होगा कि हमारी आस्था हमारी जगह है, हमारी आस्था भारत की एकता अखंडता में बाधा पैदा कर रही है, तो हमें उसे एक ओर करना होगा। सबसे पहले हमें हमारी राष्ट्रीय अखंडता के लिए प्राण और प्राण से जूझने के लिए तैयार रहना होगा।

उन्होंने कहा कि 1876 के बाद कौन सा ऐसा क्रांतिकारी रहा है, जिसने वंदे मातरम का उद्घोष न किया हो। जो मंत्र भारत की आजादी का कारण बना हो, उस मंत्र को भी लोगों ने सांप्रदायिक कह कर उसमें संशोधन करने का प्रयास किया। कांग्रेस ने कहा ये पांच या छह छंद का क्यों पढ़ना है दो छंद में ही हो जाए। कोई व्यक्ति, जाति, मत कोई मजहब किसी राष्ट्र से बढ़कर नहीं हो सकता। सीएम ने कहा कि वंदे मातरम का विरा. ेध ही भारत के विभाजन का कारण बना था। कांग्रेस ने उस समय मोहम्मद अली जौहर को पद से हटा दिया होता और वंदे मातरम का सम्मान किया होता, तो भारत का दुर्भाग्यपूर्ण विभाजन नहीं हुआ होता। राष्ट्रीय एकता और अखंडता को कमजोर करने वाले कारकों को ढूंढना होगा, उस पर प्रभावी प्रहार करना पड़ेगा, जिससे आने वाले समय में कोई दूसरा जिन्ना पैदा होकर भारत की अखंडता को चुनौती न देने पाए।

### धन की कमी से नहीं रुकेगा गंभीर बीमारियों का उपचारः सीएम

गोरखपुर। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान सोमवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। सोमवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने करीब 200 लोगों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने जरूरतमंदों को आवास दिलाने, आर्थिक रूप से कमजोर परिवार की बेटियों की शादी और गंभीर बीमारियों से पीड़ितों के उपचार में आर्थिक सहायता देने का आत्मीय संबल दिया। उन्होंने कहा कि सरकार हर जरूरतमंद और पात्र व्यक्ति को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने तथा हर समस्या के प्रभावी निस्तारण के लिए संकल्पित है। जनता दर्शन में लोगों की समस्याएं सुनते हुए मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे जन समस्याओं पर त्वरित संवेदनशीलता दिखाएं।



सेंसेक्स 83535.35
निफ्टी 25574.35



सोना रु. 122494
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 150660
प्रति किलो



# गिरावट से उबरे शेयर बाजार, सेंसेक्स 319 अंक उछला

मुंबई, वार्ता

घरेलू शेयर बाजार सोमवार को तीन दिन की गिरावट से उबरने में कामयाब रहे और बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 319.07 अंक (0.38 प्रतिशत) की बढ़त के साथ 83,535.35 अंक पर बंद हुआ।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 82.05 अंक यानी 0.32 फीसदी ऊपर 25,574.35 अंक पर पहुंच गया। वैश्विक बाजारों में बढ़त के कारण घरेलू बाजारों में भी निवेश धारणा को मजबूती मिली। आईटी और फार्मा सेक्टरों में सबसे अधिक तेजी देखी गई। मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में भी निवेशकों ने विश्वास दिखाया। निफ्टी मिडकैप-50 सूचक. ांक 0.39 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.40 प्रतिशत की बढ़त में रहा। एनएसई में जिन 3,233



कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, उनमें 1,637 के शेयर लाल निशान में और 1,502 के हरे निशान में रहे। अन्य 94 कंपनियों के शेयरों में कोई बदलाव नहीं हुआ। आईटी और फार्मा के साथ धातु, ऑटो और टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद समूहों के शेयरों में भी तेजी रही। रियलिटी, सार्वजनिक बैंक और एफएमसीजी समूहों की कंपनियों में बिकवाली का जोर रहा। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 18 के शेयर हरे निशान में रहे। इंफोसिस में सबसे अधिक 2.52 प्रतिशत की तेजी रही। एचसीएल टेक्नोलॉजीज का शेयर 1. 88 प्रतिशत, बजाज फाइनेंस का 1. 76, एशियन पेंट्स का 1.28, टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स का 1.20, टीसीएस का 1.12 और भारती एयरटेल का 1.00 प्रतिशत चढ़ा। एलएंडटी, टाइटन, बजाज फिनसर्व, रिलायंस इंडस्ट्रीज, टेक महिंद्रा, मारुति सुजुकी, बीईएल और आईटीसी के शेयर भी बढ़त में रहे। ट्रेंट में सबसे अधिक 7.41 फीसदी की गिरावट रही। इटरनल का शेयर 1.49 प्रतिशत, पावर ग्रिड का 1.36, अल्ट्राटेक सीमेंट का 0.85, महिंद्रा एंड महिंद्रा का 0.77 और एक्सिस बैंक का 0.51 प्रतिशत टूट गया। भारतीय स्टेट बैंक, अडानी पोर्ट्स और हिदुस्तान यूनीलिवर के शेयर भी लाल निशान में बंद हुए। एशियाई बाजारों में जापान का निक्केई 1.26 प्रतिशत, हांगकांग का हैंगसेंग 1. 55 प्रतिशत और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.53 प्रतिशत ऊपर बंद हुआ। यूरोप में शुरुआती कारोबार में जर्मनी का डैक्स 1.75 फीसदी और ब्रिटेन का एफटीएसई 0.99 प्रतिशत की बढ़त में था।

### मार्केट खुलते ही सोना व चांदी के भाव में उबाल

**नई दिल्ली।** सोमवार को सोने और चांदी की कीमत में बाजार खुलते ही उछाल आ गया। एमसीएक्स पर शुरुआती कारोबार में सोना 1,400 रुपये प्रति 10 ग्राम और चांदी 3,000 रुपये प्रति किलो महंगी हो गई। 5 दिसंबर की डिलीवरी वाला सोना सोमवार सुबह 10 बजे 1427 रुपये की तेजी के साथ 1,22,494 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर ट्रेड कर रहा था। पिछले सत्र में यह 1,21,067 रुपये पर बंद हुआ था और आज 1,21,768 रुपये पर खुला। चांदी की कीमत में भी शुरुआती कारोबार में काफी तेजी आई है। एमसीएक्स पर 5 दिसंबर को डिलीवरी वाली चांदी 2942 रुपये की तेजी के साथ 1,50,660 रुपये किलो के भाव पर ट्रेड कर रही थी। पिछले सत्र में यह 1,47,728 रुपये पर बंद हुई थी और आज 1,49,540 रुपये पर खुली। सोने की कीमत अक्टूबर में ऑल-टाइम हाई पर पहुंच गई थी। उसके बाद उसमें गिरावट आई, लेकिन अमेरिकन इकॉनमी की हेल्थ से जुड़ी चिंताओं और दिसंबर में एक और रेट कट की उम्मीद में सोने की चमक फिर से बढ़ने लगी है।

# चावल, चीनी, दालें मजबूत खाद्य तेलों में रही घट-बढ़

**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में सोमवार को चावल की औसत कीमत बढ़ गई, जबकि गेहूं में कमोबेश टिकाव बना रहा। चीनी और दालों के दाम भी बढ़े। वहीं खाद्य तेलों में उतार.चढ़ाव देखा गया। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जनवरी वायदा दो रिंगिट चढ़कर 4,111 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया।

अमेरिकी सोया तेल का दिसंबर वायदा 0.56 प्रतिशत की बढ़त के साथ 49.96 डॉलर के भाव बोला गया। घरेलू थोक जिंस बाजारों में चावल की औसत कीमत 92 रुपये बढ़कर 3,838.23 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गई। गेहूं 2,855.96 रुपये प्रति क्विंटल पर लगभग स्थिर रहा। आटे की कीमत 19 रुपये घटकर 3,003.64 रुपये प्रति क्विंटल हो गई। खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव बना रहा। मूंगफली तेल की औसत कीमत 81 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। सरसों तेल भी 56 रुपये और वनस्पति 170 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। सूरजमुखी तेल 31 रुपये और सोया तेल नौ रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। पाम ऑयल में 113 रुपये प्रति क्विंटल की गिरावट रही। दाल-दलहनों में मजबूती रही। मूंग दाल 111 रुपये प्रति क्विंटल महंगी



हुई। तुअर दाल 190 रुपये और मसूर दाल 149 रुपये प्रति क्विंटल चढ़ गई। चना दाल की कीमत 119 रुपये और उड़द दाल की 32 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ी। गुड़-चीनीः मीठे के बाजार में आज गुड़ की औसत कीमत 86 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। चीनी भी 23 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहेः दाल-दलहनः दाल चना 7876.63 रुपये, मसूर काली 8152.33 रुपये, मूंग दाल 10088.98 रुपये, उड़द दाल 10369.04 रुपये, तुअर दाल 10583.98 रुपये प्रति क्विंटल। अनाजः (भाव प्रतिं क्विंटल) गेहूं दड़ा 2855.96 रुपये और चावल 3838.23 रुपये प्रति क्विंटल। चीनी-गुड़ः चीनी एस 4324.96 रुपये और गुड़ 5027.78 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये।

# कर्नाटक में कानून व्यवस्था बदहाल, अपराधियों को जेल में मिल रहा वीआईपी ट्रीटमेंटः भाजपा

## कानून का भय नहीं, बलात्कार, हत्या की घटना आम हो गई

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी ने सोमवार को कांग्रेस की कर्नाटक सरकार पर कानून व्यवस्था को बदहाल करने एवं अपराधियों को जेल के बाहर और भीतर आश्रय देने का आरोप लगाया।

भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने पार्टी मुख्यालय में आयोजित संवाददाता आरोप लगाया कि कर्नाटक में सत्ता के संघर्ष में कानून व्यवस्था बदहाल है, अपराधियों में कानून का कोई भय नही है, बलात्कार, हत्या की घटना आम हो गई है। इतना ही नहीं राज्य सरकार जेल में बंद आतंकियों, बलात्कारी, हत्यारोपी को सरकार सुख सुविधा के साथ अय्याशी का सामान उपलब्ध करा रही है। पूनावाला ने कहा कि एक तरफ प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार जम्मू-कश्मीर से लेकर फरीदाबाद तक, देश की सुरक्षा एजेंसियां और सरकार गंभीरता और सजगता से आतंकवाद की किसी भी घटना को होने से पहले ही आतंकियों के नापाक इरादों का भंडाफोड़ कर रही हैं। वहीं कांग्रेस शासित कर्नाटक में इस्लामिक टेरर प्लॉट का भंडाफोड़ हुआ है। पूनावाला ने कांग्रेस पार्टी पर इस्लामिक जिहादी आतंक के प्रति सॉफ्ट कॉर्नर

**■ कांग्रेस शासित कर्नाटक में इस्लामिक टेरर प्लॉट का भंडाफोड़ हुआ, कर्नाटक सरकार पकड़े गए आतंकवादी के लिए जलसे का आयोजन कर रहीः पूनावाला**

आरोप लगाते हुए कहा कि कर्नाटक सरकार की ओर से जेल में बंद एक इस्लामिक जिहादी आतंकवादी को वीवीआईपी ट्रीटमेंट दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि एक तरफ केंद्र सरकार द्वारा आतंकवाद पर हमला किया जा रहा है और नागरिकों को आतंकवादियों के नापाक मंसूबों से बचाया जा रहा है। वहीं दूसरी तरफ कांग्रेस शासित कर्नाटक सरकार पकड़े गए आतंकवादी के लिए जलसे का आयोजन कर रही है। पूनावाला ने कहा कि आतंकी संगठन आईएसआईएस के लिए भर्ती करने वाले आतंकी को जेल में फोन समेत तमाम सुविधा देने के साथ साथ बलात्कारी और हत्या के अभियुक्त, सोने के स्मगलिग में शामिल आरोपी को जेल प्रशासन सुविधाएं उपलब्ध करा रहा है।

# बिहार में दो दशक के अन्याय के अंत को महागठबंधन सरकार बनाएं : खड़गे

**नई दिल्ली।** बिहार विधानसभा के लिए दूसरे और अंतिम चरण के मतदान से पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मतदाताओं से अपील करते हुए कहा है कि राज्य में 20 साल जारी अराजकता को खत्म करने और सबको न्याय दिलाने के वास्ते वे महागठबंधन के पक्ष में मतदान करें।

खड़गे ने कहा कि बिहार के लोग दो दशक से अन्याय सह रहे हैं और मतदाता इसका अंत करने के लिए महाठबंधन के पक्ष में वोट करें। उन्होंने वादा करते हुए कहा कि महागठबंधन सरकार बिहार के लोगों को दो दशकों की लाचार और भ्रष्ट व्यवस्था से मुक्ति दिलाएगी तथा समाज के हर वर्ग के विकास के लिए काम करेगी। खड़गे ने सोमवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि अब पलायन रुकेगा,



युवाओं के भविष्य से अंधेरा छंटेगा, हर घर नौकरी से उनका कल संवरेगा। अन्याय का करेंगे अंत, सामाजिक न्याय से बदलेंगे बिहार। हमारा वादा है-महागठबंधन दलित, महाद. लित, आदिवासी, पिछड़े, अति-पिछड़े, आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों और अल्पसंख्यकों को उनका अधिकार दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है। महिलाओं, किसानों और युवाओं के आर्थिक उत्थान के लिए ठोस योजनाएं लागू की जाएंगी। उन्होंने कहा कि बिहार की जनता बदलाव के लिए तैयार है और महागठबंधन राज्य का गौरव लौटाने का संकल्प लेकर मैदान में है। इसलिए मतदाता विकास, समानता और न्याय के लिए महागठबंधन को वोट दें।

### इंडिया गठबंधन ने मानी हारः भाजपा

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने सोमवार को कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव से पहले ही इंडिया गठबंधन हताश और निराश होकर अपनी हार मान ली है। वरिष्ठ भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद ने यहां पार्टी मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा कि बिहार में विधान सभा चुनाव के लिए प्रचार समाप्त हो गया है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# झालू में शिक्षक का किशोरी की इज्जत पर नापाक हमला

## पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** झालू कस्बे में इंसानियत को शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है। ट्यूशन के बहाने सरकारी शिक्षक ने किशोरी के साथ गलत हरकत की। घटना के बाद क्षेत्र में आक्रोश व्याप्त है। फिलहाल आरोपी शिक्षक फरार बताया जा रहा है। जबकि पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

प्राप्त समाचार के अनुसार शनिवार शाम किशोरी ट्यूशन पढ़ने गई थी। इसी दौरान आरोपी शिक्षक उसे अपनी गाड़ी में बैठाकर कस्बे के सुनसान क्षेत्र में ले गया। जहां उसने उसके साथ अनुचित हरकत की। किसी तरह भयभीत किशोरी घर पहुंची और रोते हुए अपने परिजनों को पूरी घटना बताई। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी ने बताया कि यह मामला अत्यंत संवेदनशील है। पीड़िता की मेडिकल जांच कराई जा रही है। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की एक विशेष टीम गठित की गई है। जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

उधर घटना के बाद स्थानीय नागरिकों, अभिभावक संघ और समाजसेवी संगठनों में भारी रोष है। सभी ने इस कृत्य की निंदा करते हुए आरोपी शिक्षक को कठोरतम सजा देने की मांग की है। शिक्षा विभाग ने भी मामले का संज्ञान लेते हुए कहा है कि यदि आरोपी सरकारी सेवा में पाया गया, तो उसे तत्काल निलंबित कर विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

दूसरी तरफ नागरिकों का कहना है कि शिक्षक जैसी पवित्र जिम्मेदारी को कलंकित करने वाले ऐसे लोगों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाना चाहिए।

गौरतलब हे कि झालू कस्बे में सरकारी शिक्षकों द्वारा निजी ट्यूशन पढ़ाने का चलन दिन ब दिन बढ़ता जा रहा है। जबकि शासन स्तर से इस पर सख्त पाबंदी है। अब ट्यूशनों में छात्राओं के साथ अनुचित व्यवहार की घटनाओं ने शिक्षा जगत को हिला कर रख दिया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई सरकारी शिक्षक विद्यालय के बाद निजी ट्यूशन पढ़ाते हैं। जो न केवल नियमों का उल्लंघन है, बल्कि कुछ मामलों में बच्चों के साथ अनुचित व्यवहार की शिकायतें भी सामने आई हैं। बावजूद इसके प्रशासनिक स्तर पर अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।

शासन के नियम स्पष्ट हैं कि सरकारी शिक्षक निजी ट्यूशन नहीं पढ़ा सकते, क्योंकि यह हितों का टकराव माना जाता है। इसके बावजूद कस्बे में अनेक स्थानों पर ट्यूशन सेंटर्स खुलेआम चल रहे हैं। अभिभावकों ने बताया कि कुछ शिक्षक ट्यूशन के नाम पर छात्राओं के साथ अनुचित व्यवहार करते हैं। जिससे समाज में आक्रोश फैल गया है। हालांकि अधिकतर अभिभावक सामाजिक मर्यादा के चलते शिकायत दर्ज नहीं कराते। इससे ऐसे लोगों के हौसले बढ़ रहे हैं। जबकि बेसिक शिक्षा विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि यदि किसी सरकारी शिक्षक के ट्यूशन चलाने या अनुचित आचरण में लिप्त होने की शिकायत मिलती है, तो तत्काल जांच कर निलं.बन की कार्रवाई की जाएगी। किसी भी सरकारी कर्मचारी को निजी ट्यूशन चलाने की अनुमति नहीं है।

समाजसेवी संगठनों और अभिभावक संघों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि सभी सरकारी शिक्षकों की ट्यूशन गतिविधियों की जांच की जाए और दोषी पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाए। शिक्षा प्रेमियों का कहना है कि जब सरकारी शिक्षक वेतन लेकर निजी ट्यूशन से आय अर्जित करते हैं, तो शिक्षा सेवा का मूल उद्देश्य समाप्त हो जाता है। यदि ऐसे शिक्षक अनुशासनहीनता या अनुचित व्यवहार में पाए जाते हैं, तो यह पूरे शिक्षक समाज की साख को धूमिल करता है।

# शेख शाहनवाज खलील चेयरमैनों के अधिकारों की रक्षा के लिए गंभीर



## नगीना में विकास कार्यों में बरती जा रही पूरी पारदर्शिता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** चेयरमैन संघ के जिला अध्यक्ष एवं नगीना के युवा विकास पुरुष शेख शाहनवाज खलील चेयरमैनों व सभासदों के अधिकारों की रक्षा के लिए पूरी तरह से गंभीर है। उनके कुशल निर्देशन में नगीना में विकास कार्यों में पूरी पारदर्शिता बरती जा रही है।

प्राप्त समाचार के अनुसार जब से शेख शाहनवाज खलील चेयरमैन संघ के जिला अध्यक्ष बने है, तब से जनपद में चेयरमैनों के अधिकारों पर हमला नहीं हो पा रहा है। इससे पूर्व अफसरशाही हावी थी और निर्वाचित चेयरमैनों के अधिकारों पर डाका डाला जाता था। लेकिन चेयरमैन संघ के जिला अध्यक्ष शेख शाहनवाज खलील ने कमान संभालने के बाद सभी चेयरमैनों को एकजुट करने का काम किया और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए चट्टान की तरह दीवार बन कर खड़े हो गए है। चाहे किसी भी चेयरमैन का मामला हो, वह हर समय कंधे से कंधा मिला कर उनके साथ खड़े दिखाई देते है। वह सभासदों व कर्मचारियों के अधिकारों की रक्षा के लिए भी गंभीर है। उनकी समस्याओं को सुनते व समझते है। उनका हल कराने का पूरा प्रयास भी उनके द्वारा किया जाता है। जिससे सभी बदलाव महसूस कर रहे है।

दूसरी तरफ उनके निर्देशन में नगीना में पूरी पारदर्शिता व ईमानदारी के साथ विकास कार्य कराए जा रहे है। वह नगर में बिना प्रचार के खामोशी के साथ घूम कर जनसमस्याओं के बारे में जानकारी प्राप्त करते है और फिर उनका समाधान कराने के लिए गंभीरता से पहल करते है। इसी लिए चेयरपर्सन ताहिरा बेगम के कार्यकाल में रिकार्ड विकास कार्य हो रहे है और विरोधी भी इसका लोहा मान रहे है। नगर में साम्प्रदायिक सौहार्द व भाईचारा बनाए रखने में भी युवा विकास पुरूष शेख शाहनवाज खलील का अहम योगदान है। वह अपनी कार्यशैली की बदौलत सर्वसमाज में मजबूत पकड़ रखते है। सर्वसमाज खुले दिल से उनकी तारीफ करता है। वह पूर्व चेयरमैन व नगीना के शेर शेख खलीलुर्रहमान के नक्शे कदम पर चल कर उनका नाम चारों तरफ रौशन कर रहे है।

## बढ़ापुर में धर्म सिंह व चांदपुर में जगराम गिरफ्तार

**बिजनौर।** जनपद में वारंटियों को पकड़ने के लिए चलाए गए अभियान में बढ़ापुर में ग्राम अलीपुर मिठ्ठन (नगीना देहात) के धर्म सिंह उर्फ धर्मचंद, चांदपुर में ग्राम हरपुर के जगराम, हीमपुर दीपा में ग्राम मनोटा के टिंकू पुत्र हरपाल, ग्राम गंधौर के अंकित पुत्र जयकरण एवं ग्राम राजपुर परसू के करन सिंह पुत्र रामपाल सिंह को गिरफ्तार किया गया।

## एक नजर

### छात्राओं को किया जागरूक



**शिवाला कलां।** थाना क्षेत्र के ग्राम फीना स्थित सार्वजनिक इंटर कॉलेज में आयोजित जागरूकता अभियान के अंतर्गत प्रभारी निरीक्षक लखपत सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने छात्र और छात्राओं को विभिन्न महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों के बारे में विस्तार से बताया। पुलिस टीम ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स का सावधानीपूर्वक उपयोग करने के संबंध में भी जानकारी दी। उन्हें महिला संबंधी अपराधों के प्रति जागरूक किया और उनके कानूनी अधिकारों से अवगत कराया। कार्यक्रम में जनकल्याणकारी योजनाओं और बढ़ते साइबर अपराधों से बचाव के उपायों पर भी चर्चा की गई। ताकि महिलाएं और बालिकाएं सुरक्षित रह सकें और उपलब्ध सरकारी सुविधाओं का लाभ उठा सकें। इस मौके पर पुलिस टीम में उप निरीक्षक संजय पाल सिंह, कांस्टेबल विष्णु कुमार, कांस्टेबल सचिन व ममता सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

### राधिका तहसील प्रमुख नियुक्त



**अफजलगढ़।** शिव सेना (यूबीटी) की जिला कार्यकारिणी की बैठक निरीक्षण भवन कादराबाद में आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से विजयलक्ष्मी रावत निवासी कादराबाद को भवानी सेना का जिला उप प्रमुख, राधिका राजपूत को तहसील प्रमुख, परशुराम को इस्लामनगर ग्राम पंचायत प्रमुख मनोनीत किया गया। शिव सेना जिला प्रमुख चौधरी संजय राणा ने नव नियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र प्रदान कर शिव सेना की विचारधारा के अनुकूल समाज सेवा करने का आह्वान किया। इस दौरान जिला महासचिव डॉ. चन्द्रपाल सिंह, जिला कार्यकारिणी सदस्य मनवीर सिंह यादव, तहसील प्रमुख सरदार कुलदीप सिंह, ब्लॉक प्रमुख महेन्द्र सिंह, यशपाल सिंह आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

### उर्दू दिवस पर विचार गोष्ठी



**नगीना।** उर्दू दिवस के पावन अवसर पर जिले के प्रतिष्ठित सर सैयद मेमोरियल जूनियर हाईस्कूल में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में उर्दू भाषा की समृद्धि, उसकी साहित्यिक विरासत और आधुनिक संदर्भों में इसकी प्रासंगिकता पर गहन चर्चा हुई। स्कूल प्रबंधन द्वारा आयोजित इस गोष्ठी में छात्र-छात्राओं में उर्दू के प्रति रुचि जगाने का सराहनीय प्रयास किया गया। कार्यक्रम का संचालन स्कूल की प्रमुख अध्यापिका आयशा परवीन ने किया। उन्होंने अपनी कुशल प्रस्तुति से समस्त सत्र को जीवंत बनाए रखा और प्रतिभागियों को उर्दू कविता, गजल और कहानी के माध्यम से भाषा की मिठास का रसास्वादन कराया। आयशा परवीन ने कहा कि उर्दू केवल एक भाषा नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक धरोहर है। इसे जीवित रखना हमारी जिम्मेदारी है। विचार गोष्ठी में खालिद नोमानी, मौहम्मद सलमान, मौहम्मद अहमद, आसन परवीन, इकरा परवीन, शगुफ्ता परवीन, अर्शी परवीन, नाजिया, तस्मिया, मोहम्मद जैद आदि ने अपने विचार रखे। इस अवसर पर विद्यार्थी, समस्त स्टाफ और अभिभावक उपस्थित रहे।

# साइबर ठग ने बढ़ापुर की महिला को बनाया शिकार

## पांच हजार रुपए ठगे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बढ़ापुर।** साइबर ठग ने महिला को शिकार बना कर पांच हजार रुपए ठग लिए।

प्राप्त समाचार के अनुसार साइबर ठग ने स्थानीय मौहल्ला पक्का बाग निवासी रूपा देवी से उसके पति का परिचित होने का हवाला देकर उसके मोबाइल नंबर पर बीस हजार रुपए का फर्जी मैसेज भेज कर पांच हजार रुपए ठग लिए। महिला ने थाने में तहरीर देकर ठग के खिलाफ कार्यवाई की मांग की है। रूपा देवी का पति नितिन उत्तराखंड के बागेश्वर में मजदूरी करता है। उसके मोबाइल फोन पर एक अनजान नंबर से कॉल आई। कॉल करने वाले ने रूपा से कहा कि उसका पति इस समय बागेश्वर में कार्य कर रहा है। वह उसका परिचित है। उसने आपके मोबाइल नंबर पर सात हजार रुपए डालने को कहा है, इसलिए मैं पैसे डाल रहा हूं। कुछ समय बाद रूपा के मोबाइल पर बीस हजार रुपए का एक मैसेज आया। मैसेज को उसने सही मान लिया, लेकिन अपना बैलेंस चैक नहीं किया। तभी ठग का फोन फिर आया कि गलती से सात हजार रुपए की जगह बीस हजार रुपए चले गए है। उसने कहा कि ज्यादा गये तेरह हजार रुपए मेरे द्वारा भेजे गए स्कैनर पर वापस भेज दो। रूपा ने बिना कुछ सोचे समझे ठग के स्कैनर पर दो-दो हजार रुपए दो बार व एक हजार रुपए एक बार भेजकर कुल पांच हजार रुपए भेज दिए। शेष रकम भेजने को जब उसने अपना बैलेंस चेक किया, तो अपने रुपए खाते से गायब पाए। रूपा ने तुरंत ठग के फोन पर फोन किया, तो ठग ने उसका मोबाइल नंबर ब्लैक कर दिया। पीड़िता ने थाने में तहरीर देकर कार्यवाई की मांग की है।

## वाहनों के चालान में तेजी

**बिजनौर।** यातायात पुलिस के द्वारा यातायात माह के अंतर्गत वाहनों के चालान में तेजी लाई गई है। आज बिना हेलमेट के दुपहिया वाहन चलाने पर 195 वाहनों के चालान किए गए। सीट बैल्ट न लगाने पर 23 वाहनों के चालान किए गए। वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का इस्तेमाल करने पर 26 वाहनों के चालान किए गए। रांग साइड वाहन चलाने पर 16 वाहनों के चालान किए गए। दुपहिया वाहन पर तीन सवारियां बैठाने पर 62 चालान किए गए। बिना बीमा के 17 वाहनों के चालान किए गए। बिना प्रदूषण प्रमाण पत्र के 15 वाहनों के चालान किए गए। बिना लाइसेंस के वाहन चलाने पर 43 चालान किए गए। नौ पार्किंग में वाहन खड़ा करने पर 57 चालान किए गए।

# चांदपुर में चोरी की दो बाइकों के साथ चार किशोर दबोचे

## किशोर कर रहे संगीन अपराध

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जनपद में किशोर भी संगीन अपराध करने से बाज नहीं आ रहे है। उन्हें कानून का डर नहीं सताता है।

प्राप्त समाचार के अनुसार चांदपुर थाने में मौहल्ला सरायरफी निवासी नईम अहमद पुत्र इसरार अहमद ने तीस अगस्त को तहरीर दी थी कि अज्ञात चोर उनकी पेशन प्रो बाइक को चोरी करके ले गया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर धारा 303 (2) बीएनएस में रिपोर्ट दर्ज की थी। चोर को पकड़ने के लिए पुलिस ने मुखबिरों का जाल बिछाया था। इसी क्रम में पुलिस ने चार किशोरों को दबोच लिया। उनके पास से चोरी की गई बाइक यूपी 20 एएम 5083 एवं बिना नम्बर प्लेट की एक अन्य बाइक भी बरामद की गई। चोरों के पकड़े जाने से साफ हो गया है कि अब किशोर भी चोरी जैसी संगीन वारदातों को अंजाम दे रहे है।

किशोरों को न तो पुलिस का डर है और न ही उन्हें अपने भविष्य की चिंता है।

# कवयित्री रमा त्यागी सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोतवाली देहात।** क्षेत्र के ग्राम महुआ निवासी कवयित्री रमा त्यागी को रुड़की में साहित्य के क्षेत्र में सम्मानित किया गया।

रुड़की के इमलीखेड़ा में स्थित फीनिक्स विश्वविद्यालय में शिक्षा, कला, संस्कृति और पर्यावरण उत्थान ट्रस्ट एवं फोनिक्स विश्वविद्यालय, रुड़की के संयुक्त तत्वाधान में राष्ट्र विभूति सम्मान समारोह -2025 का आयोजन किया गया। कवयित्री रमा त्यागी को साहित्य के क्षेत्र में 'राष्ट्र विभूति सम्मान' से नवाजा गया। उनको प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर शहीद-ए-आजम भगत सिंह के भतीजे किरण जीत सिंह सिंधु, फोनिक्स विश्वविद्यालय के चेयरमैन चेरब जैन एवं योगेश शिक्षा, कला, संस्कृति एवं पर्यावरण उत्थान ट्रस्ट के आयोजक संजय वत्स द्वारा विभिन्न क्षेत्रों से चयनित प्रतिभाओं को सम्मानित किया। रमा त्यागी ग्राम महुआ के सोम प्रकाश त्यागी की पत्नी हैं। वे सेवानिवृत शिक्षिका, कवयित्री और लेखिका हैं। उनके पांच काव्य संग्रह प्रकाशित हो चुके हैं।

# यूनिवर्सल एकेडमी में खेल सप्ताह

## विजेता विद्यार्थियों को किया सम्मानित



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** यूनिवर्सल एकेडमी में वार्षिक खेल सप्ताह कक्षा नर्सरी से कक्षा 12 तक के बच्चों के लिए आयोजन हर्षोल्लास से किया गया। यह कार्यक्रम विद्यालय के खेल मैदान में किया गया। बच्चों ने पूरे उत्साह और जोश के साथ विभिन्न खेलों में भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रधानाचार्य डॉ. अनुज त्यागी और उप प्रधानाचार्य खुशबू कर्णवाल द्वारा रिबन काटकर किया गया।

इसके बाद बच्चों ने रेस प्रतियोगिताएं जैसे रस्सी कूद, फ्रॉग जंप, लेमन एंड स्पून रेस, सैक और रिले रेस जैसी गतिविधियों में भाग लिया। कक्षा नर्सरी और केजी के छोटे बच्चों ने जिग जैग रेस, डक रेस, फ्रोग रेस, एनीमल रेस में भाग लेकर सब का मन मोह लिया और शानदार खेल भावना दिखाई। स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ. अनुज त्यागी व उप प्रधानाचार्य खुशबू कर्णवाल ने इन छोटे नन्हे बच्चों की प्रशंसा करते हुए उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी और कहा कि खेल हमारे जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा है। उन्होंने यह भी बताया कि खेल से शरीर और मन दोनों स्वस्थ रहते हैं। कार्यक्रम का समापन 15 नवंबर को किया जाएगा और उसमें विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार और मेडल देकर सम्मानित किया जाएगा। इस कार्य को सफल बनाने के लिए स्पोर्ट्स कोऑर्डिनेटर अजीत सिंह, कल्चरल कोऑर्डिनेटर अभिलाष कुमार और अनीता सिंह व नर्सरी विंग की टीचर्स रिया, प्राची, शिल्पा, राखी, फराह, मिली का अहम योगदान रहा।

# शिखर शिशु सदन में वॉलीबाल प्रतियोगिता

## भाभा हाउस और नेहरू हाउस के बीच रहा रोमांचक मुकाबला



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** शिखर शिशु सदन सीनियर सेकेंडरी स्कूल मे इंटर हाउस वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें विद्यालय के अर्जुन हाउस, भाभा हाउस, चाणक्य हाउस तथा नेहरू हाउस ने भाग लिया।

पहले मुकाबले में भाभा हाउस ने अर्जुन हाउस को 15-7, 15-9, दूसरे मुकाबले में नेहरू हाउस ने चाणक्य हाउस को 15-4 , 15-5 से पराजित किया। फाइनल मुकाबला भाभा हाउस और नेहरू हाउस के बीच खेला गया जो काफी रोमांचक रहा। पहला सेट भाभा हाउस ने 15- 5 से अपने नाम किया , वही दूसरा सेट नेहरू हाउस ने 15-7 से जीत लिया। तीसरे और फाइनल सेट में भाभा हाउस ने वापसी करते हुए 15-9 से जीतते हुए प्रतियोगिता को अपने नाम किया। भाभा हाउस से अभि प्रताप (कैप्टन), गगनदीप, आदि, भव्यांश, अनंत जैन, शशांक , रेयान, अहमद, नेहरू हाउस से विशेष (कैप्टन), आयुष, गौरांग, देवांश, रुद्र, निकुंज, निशांत, अपूर्व, विहान, हर्षित, विशाल, दिग्विजय , अर्जुन हाउस से कृष्णा (कैप्टन), किनीत, आकाश, सत्कीरत, वंश, अक्षय, आयुष, कुश, चाणक्य हाउस से यश (कैप्टन), अनमोल, कुणाल, मयंक, मनीष, अनंत कुमार, तनिष्क सिसोदिया, हिमांशु, जैद, तेजस, इसमार ने भाग लिया।

प्रतियोगिता का उद्घाटन विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती भारती जी ने फीता काटकर किया। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल हमारे व्यक्तित्व का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। ये न केवल शारीरिक क्षमता को बढ़ाते हैं, बल्कि टीम भावना, अनुशासन और नेतृत्व गुणों को भी विकसित करते हैं। मैं सभी प्रतिभागियों को उनकी मेहनत और समर्पण के लिए बधाई देती हूँ। अंत में प्रधानाचार्य भारती ने विजेता टीम भाभा हाउस को हार्दिक शुभकामनाएं दी और अन्य हाउसों को भी भविष्य में बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर डॉ. शेखर अवस्थी भी मौजूद रहे। विद्यालय के शिक्षक अर्जुन वर्मा, सागर भारद्वाज, पुनीत शर्मा, अंकित शर्मा, आकांशु रंजन आदि ने प्रतियोगिता को सुचारू रूप से चलने में भागीदारी की। शिक्षक गुरप्रीत सिंह एवं निकिता ने रैफरी की भूमिका निभाई। प्रतियोगिता का आयोजन विद्यालय के शारीरिक शिक्षा प्रमुख आरएन सिंह के मार्गदर्शन में हुआ।

# लायनेस क्लब का अधिष्ठापन व दीक्षा समारोह

## गरीबों को वितरित किए गर्म कपड़े



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** गोल्डन लायनेस नवचेतना क्लब व अन्य क्लब के साथ मिलकर जैन विवाह मंडप में गंगा, जमुना, सरस्वती एवं भागीरथी का संगम थीम पर डीसीपी जी.एल. अनुभा सिंघल को आमंत्रित कर अधिष्ठापन व दीक्षा समारोह धूमधाम के साथ मनाया गया।

कार्यक्रम का प्रारंभ मुख्य अतिथि पीतल नगरी- सहारनपुर से वर्तमान जिला चेयरपर्सन अनुभा, चीफ एडवाइजर निशी जैन, कैबिनेट की एडवाइजर जिल अरुणा मित्तल, एलीट एडवाइजर जिल खुशबू कर्णवाल व जिला सेक्रेटरी मनुश्री, कोषाध्यक्ष ममता का ढोल नगाड़ों व पुष्प वर्षा के साथ तिलक लगाकर स्वागत किया गया ।

इंस्टॉलेशनऑफिसर अरुणा मित्तल ने नई अध्यक्ष सुमन रावत, सचिव रेनू चौधरी, कोषाध्यक्ष ज्योति अग्रवाल का अधिष्ठापन किया। दीक्षा समारोह खुशबू कर्णवाल ने क्लब में जुड़े नए सदस्यों नेहा शर्मा, नीलम शर्मा, अर्चना चौधरी, पारुल, योगिता बब्बर का स्वागत किया। उन्हें उनकी जिम्मेदारियों से अवगत कराया व उपहार देकर सम्मानित किया। पूर्व अध्यक्षा कविता शर्मा ने ससम्मान अपना पदभार नई अध्यक्ष सुमन रावत को प्रदान किया। कार्यक्रम की संच.ालक ज्योति अग्रवाल, कन्वीनर अर्चना चौधरी रही। कार्यक्रम में जिला टेमर कविता शर्मा, कमेटी चेयरपर्सन शैली चौधरी व नीतू चौधरी को भी सम्मानित किया गया। रंगारंग कार्यक्रम में शैली चौधरी व अन्य लायन्स ने वातावरण को रोमांचित बना दिया। गोल्डन लायनेस नवचेतना क्लब द्वारा गरीबों को गर्म कपड़े वितरित किए गए। क्लब के सभी सदस्यों का कार्यक्रम में पूर्ण सहयोग रहा।

इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए नवचेतना के मेंबर्स का अहम योगदान रहा।

# बढ़ापुर के चेयरमैन मौहम्मद आबिद विकास के प्रति गंभीर



## अनाप-शनाप खर्चों में की जा रही कटौती

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** बढ़ापुर नगर पंचायत के चेयरमैन डॉ. मौहम्मद आबिद अंसारी विकास कार्यों के प्रति बेहद गंभीर है। वह कम खर्च में ज्यादा काम कराने पर विश्वास रखते है और उनकी पूरी कोशिश है कि नगर की जनता को नगर पंचायत के द्वारा प्रदान की जाने वाली सभी सुविधाएं समय पर मिल जाए।

गौरतलब है कि पूर्व में नगर पंचायत कार्यालय में न तो पारदर्शिता बरती जाती थी और न ही जनता की सुनवाई होती थी। विभिन्न आरोपों को लेकर नगर पंचायत कार्यालय चर्चित था। जिसमें सरकारी जमीन को ठिकाने लगाने जैसा गंभीर आरोप भी शामिल था। विकास कार्यों में भेदभाव भी बरता जाता था। लेकिन चेयरमैन बनने के बाद डॉ. मौहम्मद आबिद अंसारी ने नगर पंचायत की व्यवस्था में काफी बड़ा बदलाव करा दिया है। पूर्व में जल आपूर्ति के लिए जनरेटर चलाए जाने के नाम पर काफी मोटी रकम डीजल पर खर्च होती थी। इसे लेकर आरोप भी लगते थे। लेकिन चेयरमैन डॉ. मौहम्मद आबिद अंसारी ने ट्यूबवैलों पर बिजली का कनेक्शन कराने का काम किया है। जिससे डीजल की फिजूल खर्ची पर रोक लगी है। उनके इस कार्य की पूरे बढ़ापुर नगर में सराहना हो रही है। साथ ही अन्य पालिकाओं व नगर पंचायतों में भी उनकी मिसाल दी जा रही है। उन्होंने कार्यालय में नई कार्य संस्कृति को बढ़ावा दिया है। अब कार्यालय में अनुशासन रहता है और जनता की सुनवाई होती है। उन्होंने कहा कि जनता को किसी भी तरह की परेशानी नहीं होनी चाहिए। भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने में भी वह कामयाब हुए है। उन्हें सबसे अच्छा चेयरमैन माना जाता है।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं ,छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

# युवक को रोडवेज बस ने कुचला, मौत

## पुलिस ने शव पीएम को भेजा





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** नहटौर रेलवे फाटक के पास रोडवेज बस की चपेट में आने से एक युवक की मौके पर ही मृत्यु हो गई। मृत्यु की सूचना पर परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। सोमवार को एक ही दिन में रोडवेज बस की चपेट में आने से यह दूसरी घटना हुई है।

जानकारी के अनुसार धामपुर के न्यू रामगंगा कॉलोनी निवासी विपिन कुमार (35 वर्ष) पुत्र स्व. ओमप्रकाश मेहनत मजदूरी करते थे। परिजनों ने बताया कि वह सोमवार की देर शाम सब्जी लेने के लिए बाइक से घर से निकले थे। जब वह नहटौर रेलवे फाटक के पास पहुंचे तो सामने से आ रही धामपुर डिपो की अनुबंधित बस ने विपिन को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती करने का प्रयास किया। मगर चिकित्सक ने उपचार से पहले ही विपिन को मृत घोषित कर दिया। विपिन की मृत्यु की सूचना पर परि. जनों में कोहराम मचा हुआ है। विपिन के दो मासूम छोटे-छोटे बच्चे भी हैं।

## नजीबाबाद में फिल्म स्टार बॉबी देओल की झलक पाने को उमड़ी भीड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** बॉलीवुड के प्रसिद्ध फिल्म स्टार बॉबी देओल के मुम्बई से नजीबाबाद पहुंचने पर लोग उनकी एक झलक पाने के लिए उमड़ पड़े। वह नजीबाबाद अपने पर्सनल हेयर कटिंग करने वाले युवक के विवाह समारोह में शामिल होने के लिए यहां आए थे।

नगर के मौहल्ला पठानपुरा निवासी मौहम्मद शाहरूख पुत्र शकील मुम्बई में हेयर कटिंग का काम करता है। वह मुम्बई बॉलीवुड के फिल्म कलाकार बॉबी देओल की कटिंग भी करता है। शाहरूख ने अपनी शादी में फिल्म स्टार बॉबी देओल को आमंत्रित किया था। बॉबी देओल अपने पर्सनल हेयर कटिंग कारीगर शाहरूख की शादी के वलीमे में शिरकत करने के नगर के कान्हा होटल में पहुंचे। शादी में बॉबी देओल की शिरकत करने से चार चांद लग गए। बॉबी देओल को देखने व उनके साथ सेल्फी लेने के लिए शादी में युवकों की भीड़ जुट गई। बॉबी देओल के शादी में नजीबाबाद आने की विडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने से इस शादी की नजीबाबाद में काफी चर्चा हो रही है। इस मौके पर मौहम्मद इस्लाम चौधरी, मुकीम अहमद, मुस्तकीम अहमद, मौहम्मद सलीम कुरैशी, मौहम्मद इस्तखार कुरैशी, मौहम्मद कासिम, मौहम्मद तसलीम, मौहम्मद नदीम, मौ. आदिल, मौहम्मद भूरा, मौहम्मद शमशाद आदि शामिल रहे।

## नगर पंचायत के नोटिस हवाई



**विशाल खटीक**

**मंडावर।** नगर पंचायत द्वारा सार्वजनिक भूमि को संरक्षित किए जाने के लिए उस भूमि से अतिक्रमण हटाना मखौल बन गया है । अतिक्रमणकारियों को बार-बार नोटिस तो जारी किए जा रहे। किंतु नगर पंचायत उन्हें हटाने की हिम्मत नहीं जुटा पा रही हैं। जिससे सार्वजनिक भूमि से अतिक्रमण हटाना और भूमि संरक्षित किए जाना जहां कर्मचारियों की भ्रष्ट नीतियों के कारण अधर में लटकता नजर आ रहा हैं।

यहां मौहल्ला मंगल बाजार में कुंजड़ो वाली मस्जिद के बराबर में खाली पड़ी सार्वजनिक भूमि पर दो लोग सब्जी के फड़ लगाकर अतिक्रमण किए हुए है। जिसको नगर पंचायत द्वारा संरक्षित कर उस पर आरसीसी डालने का कार्य किया जाना था ताकि इस सार्वजनिक भूमि को सब लोग उपयोग कर सके। नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी रामश्रय द्वारा दो अतिक्रमणकारी शमशाद पुत्र हनीफ और आदिल पुत्र यूसुफ को 13 नवंबर को नोटिस रिसीव कराते हुए 15 दिन के भीतर अतिक्रमण हटाने की चेतावनी दी गई थी और न हटाए जाने पर नगर पंचायत द्वारा खुद अतिक्रमण हटाने और उस पर आने वाले खर्चे को अतिक्रमणकारियों से वसूलने की चेतावनी दी गई थी। 28 नवंबर को नगर पंचायत के नोटिस को 15 दिन पूरे हो गए। लेकिन इसके बाद भी नगर पंचायत द्वारा संरक्षित की जाने वाली सार्वजनिक भूमि से अतिक्रमण नहीं हटाया गया। बल्कि भ्रष्ट नीतियों को अपनाने वाले कर्मचारियों द्वारा अतिक्रमणकारियों को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से ईओ रामश्रय को गुमराह करने का कार्य किया गया। सूत्रों की माने तो भ्रष्ट कर्मचारियों ने अतिक्रमणकारियों को नगर पंचायत बुलाकर उन्हें कोर्ट में मुकदमा दायर करने की सलाह दी और इसके लिए बकायदा ईओ को संबोधित करते हुए एक अतिक्रमण कारी से जबाव देही कराई और उसमें एक नक्शा लगाते हुए एक महीने की मौहलत मांगी गई। जबकि न तो किसी के नाम पर सार्वजनिक भूमि हैं और न ही उनका इस जमीन से कोई मतलब वास्ता है। जो जमीन सार्वजनिक रूप से खाली पड़ी हुई है और अतिक्रमणकारियों के मकान बने हुए हैं, वो सभी पहले खटीक समाज के लोगों की पंचायती भूमि थी। खटीक समाज के लोग यहां से अपने घरबार और पंचायती जमीन ऐसे ही छोड़ कर यहां से पलायन कर गए थे। जिस भूमि पर मीरापुर से लाकर एक मुस्लिम बिरादरी के एक दो परिवार को पनाह दी गई थी। किंतु उन्होंने सारी भूमि को अवैध रूप से कब्जा लिया। कुछ खाली पड़ी सार्वजनिक भूमि पर भी सब्जी के फड़ लगा लिए।

नगर पंचायत इस सार्वजनिक भूमि को संरक्षित तो करना चाहती हैं, परंतु अपने ही कर्मचारियों की भ्रष्टाचार नीति के कारण अतिक्रमण को हटाने की हिम्मत नहीं जुटा पा रही है। बताते हैं कि कर्मचारी बार-बार नोटिस जारी करके अतिक्रमणकारियों को कोर्ट भेज कर मामले को अधर में लटकाना चाहते हैं। नगर पंचायत अध्यक्ष की दुलमुल नीति भी अतिक्रमणकारियों के हौंसले बुलंद कर रही हैं। जिससे सार्वजनिक भूमि को संरक्षित किया जाना और उस पर आरसीसी डालना एक मजाक सा बन कर रह गया है। जब इस विषय में नगर पंचायत अध्यक्ष आसिफ शान ने बताया जल्द ही अतिक्रमण हटा दिया जाएगा। अधिशासी अधिकारी रामाश्रय से बात की गई, तो उन्होंने बताया कि अतिक्रमण करने वालों को नोटिस दिए गए हैं। फिर दोबारा नोटिस दिए गए हैं। विधिवत रूप से कार्रवाई की जा रही है।

# अफजलगढ़ में हड्डी जांच शिविर

## सैकड़ों मरीजों ने लिया परामर्श



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** रामलीला कमेटी के द्वारा रामलीला मैदान में केवीआर हॉस्पिटल काशीपुर के डॉक्टरों की टीम द्वारा नि:शुल्क हड्डी जांच शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में मुख्य रूप से हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. वासिफ ने अपनी सेवाएं दीं। उन्होंने मरीजों की, कैल्शियम, बीपी, शुगर आदि जांच की। हड्डियों से संबंधित बीमारियों जैसे घुटनों का दर्द, पैरों व कुल्हों का दर्द, जोड़ों में अकड़न व अन्य समस्याओं के उपचार एवं बचाव संबंधी परामर्श दिए। शिविर में नगर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से करीब 150 लोगों ने पहुंच कर अपना उपचार कराया और नि:शुल्क जांच का लाभ उठाया। डॉ. वासिफ ने मरीजों को हड्डियों को मजबूत बनाए रखने के लिए संतुलित आहार, नियमित व्यायाम और समय-समय पर स्वास्थ्य जांच की सलाह दी। रामलीला कमेटी के पदाधिकारियों ने बताया कि नागरिकों के स्वास्थ्य हित में इस तरह के चिकित्सा शिविर समय-समय पर आयोजित किए जाते रहेंगे। ताकि लोगों को बेहतर उपचार और परामर्श एक ही स्थान पर मिल सके। इस दौरान शिविर में आए सभी मरीजों को दवाई नि:शुल्क दी गई। शिविर को सफल बनाने में डॉ. वासिफ, हरीशचंद्र कर्णवाल, राम लीला समिति के अध्यक्ष नितिन दिनेश कौशिक, विकास जैन, शरद कर्णवाल, विश्वास शर्मा, शंकर सिंघल, तुलाराम सैनी, प्रियांक शर्मा, शाहरुख, अरशद, हैप्पी, जश्न, कीर्ति, रितु, स्नेहा, विजय शर्मा, शिवानी कर्णवाल आदि का योगदान रहा।

# अवनी ने सुनीं नूरपुर में जनसमस्याएं



## महिलाओं ने रखी अपनी समस्याएं

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** राज्य महिला आयोग की सदस्य श्रीमती अवनी सिंह ने महिला जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों के शीघ्र निस्तारण का आश्वासन दिया।

प्राप्त समाचार के अनुसार बड़ी संख्या में महिलाओं ने अपनी शिकायतें इस दौरान रखीं। जिला प्रोबेशन अधिकारी सौरभ कुमार सिंह ने बताया कि सदस्य उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग श्रीमती अवनी सिंह द्वारा विकासखंड नूरपुर के सभागार कक्ष में महिला जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महिला जनसुनवाई में लगभग 85 महिलाओं द्वारा प्रतिभाग किया गया। पांच महिलाओं की गोद भराई की गई। 16 महिलाओं द्वारा अपनी-अपनी समस्याओं को प्रार्थना पत्रों के माध्यम से सदस्य के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए सदस्य द्वारा संबंधित विभाग के अधिकारियों को जल्द से जल्द निस्तारण करने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी विमल दुबे, वन स्टॉप सेंटर पैरामेडिकल स्टॉफ नाज परवीन, शुभम चौधरी द्वारा सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक महिलाओं एवं बच्चों को लाभ दिलाए जाने की अपेक्षा की गई है। इस दौरान सरकारी योजनाओं के पंपलेट वितरण भी किया गया है। सदस्य श्रीमती अवनी सिंह द्वारा ग्राम राहुनगली में महिला चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 105 महिलाओं ने प्रतिभाग किया। सदस्य द्वारा थाना नूरपुर व थाना शिवाला कला का निरीक्षण भी किया गया। इस अवसर पर सीडीपीओ नूरपुर, विकासखंड अधिकारी नूरपुर, महिला थाना बिजनौर, महिला थाना चांदपुर व अन्य विभागों के अधिकारीगण भी मौजूद रहे ।

# कर्मचारियों ने डीएम को सौंपा ज्ञापन



## कई महत्वपूर्ण समस्याएं उठाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** कर्मचारियों ने डीएम को ज्ञापन सौंप कर समस्याओं के समाधान की मांग की है।

चतुर्थ श्रेणी संघ सिंचाई विभाग के प्रांतीय आह्वान पर जनपद शाखा द्वारा राकेश कुमार शर्मा जिला अध्यक्ष उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी महासंघ के नेतृत्व में मुख्यमंत्री को सम्बोधित कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं के निराकरण के लिए एक ज्ञापन जिलाधिकारी जसजीत कौर को दिया गया। महासंघ के जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा ने बताया कि अभी हाल ही में प्रदेश सरकार द्वारा पूर्व संचालित नियमों को संशोधित करते हुए नया शासनादेश जारी किया गया है। जिसमें स्पष्ट किया गया है कि चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के मृतक आश्रित को नौकरी उनकी योग्यता के अनुसार न देकर केवल चतुर्थ श्रेणी संवर्ग में ही की जाएगी। इससे प्रदेश के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों में रोष उत्पन्न हो गया है। इसके समाधान के लिए पूर्व की भांति मृतक आश्रित को उनकी योग्यता के अनुसार नियुक्ति प्रदान करने, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की भर्ती पर लगी रोक हटाते हुए रिक्त पदों पर तत्काल नियुक्ति किए जाने, पुरानी पेंशन बहाली एवं निजीकरण प्रक्रिया प्रणाली समाप्त करने हेतु मांग की गई। जिलाधिकारी ने आश्वासन दिया कि उनका यह ज्ञापन मुख्यमंत्री को उपलब्ध करा दिया जाएगा।

इस अवसर पर देशराज सिंह चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ सिंचाई विभाग के अध्यक्ष, सुशील कुमार वर्मा जिला मंत्री, ब्रह्मपाल सिंह, महिपाल सिंह, अतुल कुमार शर्मा, शरीफ अहमद, शूरवीर सिंह, अंकित कुमार, जयप्रकाश पाल एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ के जिला मंत्री अजय कुमार आदि उपस्थिति रहे।

## एक नजर

### आग लगने से मचा हड़कम्प



**अफजलगढ़।** ग्राम हरपुर निवासी राजेंद्र सिंह पुत्र उदल सिंह के घर में अचानक आग भड़क उठी। आग लगने का कारण अभी अज्ञात माना जा रहा है। आग इतनी तेजी से फैली की देखते ही देखते पूरे घर को आग ने अपनी चपेट में ले लिया। ग्रामीणों ने मिट्टी डाल कर आग बुझाने का प्रयास किया। लेकिन आग पर काबू नहीं पा सके। सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग बुझाई गई। आग से एक प्लैटिना बाइक, रस का कोल्हू, दो पंपिंग सेट और एक साइकिल बुरी तरह जलकर खाक हो गई। इस घटना में राजेंद्र सिंह को भारी आर्थिक नुकसान हुआ। आग लगने की सूचना मिलते ही थाना अफजागढ़ पुलिस प्रशासन और क्षेत्र लेखपाल विशाल कुमार भी घटनास्थल पर पहुंचे। लेखपाल ने मौके का निरीक्षण कर नुकसान का आकलन कर उच्च अधिकारियों को भेज दिया है। पुलिस प्रशासन ने भी घटना स्थल का जायजा लिया और मामले की जांच शुरू कर दी है। गांव के लोगों ने फायर ब्रिगेड और प्रशासन की इस कार्रवाई की सराहना की। जिससे बड़ा हादसा व नुकसान होने से टल गया।

### अवैध कॉलोनी पर चला चाबुक



**नजीबाबाद।** पुलिस प्रशासन ने अवैध रूप से विकसित कॉलोनी को ध्वस्त कर दिया है। एसडीएम के आदेश पर विनियमित क्षेत्र व राजस्व विभाग की टीम ने कोटद्वार मार्ग पर स्थित साहू एंक्लेव, इब्राहिम पुर राजू निकट गीता नगरी, मौज्जमपुर तुलसी निकट अवैध कॉलोनी को ध्वस्त किया। आरोप है कि कॉलोनाइजरों ने अवैध कॉलोनी को विकसित किया गया था। एसडीएम के आदेश पर पहुंची टीम ने पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में जेसीबी से कॉलोनियों में अवैध निर्माण को ध्वस्त कर दिया। इस दौरान नायब तहसीलदार अमित कुमार, राजस्व निरीक्षक अशोक शर्मा, लेखपाल आशीष चौधरी आर्य पुलिस बल मौजूद रहा।

## आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का प्रशिक्षण शुरू

**नहटौर।** ब्लॉक परिसर में बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग बिजनौर की ओर से आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शुरू हुआ। पहले दिन ट्रेनर सुहेल खान की ओर से आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को बच्चों को पढ़ाई से संबंधित जानकारी दी। छोटे बच्चों को किस तरह से हम खेल-खेल में पढ़ा सकते हैं। इसके बारे में विस्तार से बताया गया। 94 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने भाग लिया। इस मौके पर मुन्नी देवी, जागेश, कविता, ज्योति मंजू, अंजू, शमीमा, शशि, मीनाक्षी, सुमन, रेनू आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने भाग लिया।

## विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत दी जानकारी



**नहटौर।** मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत एसडीएम न्यायिक के नेतृत्व में राजस्व विभाग की टीम ने सराय काजियान व सीकरी बुजुर्ग आदि के बूथों पर पहुंच कर जानकारी दी। सोमवार को अपराह्न तीन बजे एसडीएम न्यायिक राम आश्रय, तहस. ीलदार धनराज कुमार, कानूनगो ओमवीर सिंह, लेखपाल ब्रह्म सिंह रवि आदि ने नहटौर विधानसभा क्षेत्र के गांव सराय काजियान व सीकरी बुजुर्ग मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत लोगों को जानकारी दी और इस कार्यक्रम के तहत शुद्ध मतदाता सूची बनाने के लिए सहयोग की अपील की। मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत जानकारी दी गई। इस मौके पर गणना प्रपत्र भी वितरित किए गए।

# प्रशिक्षु आईएएस टाइगर रिजर्व में घूमे



## वन्य जीवों के बारे में ली जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** उत्तराखंड के मसूरी स्थित लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी से आए भारतीय प्रशासनिक सेवा, भारतीय पुलिस सेवा और भारतीय वन सेवा के 30 प्रशिक्षु अधिकारियों के दल ने अमानगढ़ टाइगर रिजर्व में भ्रमण कर जंगल सफारी का आनंद लिया।

प्राप्त समाचार के अनुसार दल का नेतृत्व ग्रुप लीडर सुरभि पाठक ने किया। वन क्षेत्राधिकारी अंकिता किशोर ने बताया कि प्रशिक्षुओं को वन क्षेत्र में मौजूद टाइगर, हाथियों के झुंड, चीतल, काकड़ आदि के दर्शन हुए। जिन्हें देखकर सभी प्रशिक्षु अधिकारी अभिभूत हो उठे। उन्होंने बताया कि वन विभाग की ओर से सभी प्रशिक्षुओं को अमानगढ़ टाइगर रिजर्व की विशेषताओं, यहां की जैव विविधताओं, वन्यजीव संरक्षण के प्रयासों तथा प्राकृतिक वनस्पतियों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। तीस सदस्यीय दल में साक्षी नागर, ऋषभ मित्तल, कार्तिक कंसल, माधवन गुप्ता, प्रियंका राठौर, मनु गर्ग सहित अन्य प्रशिक्षु शामिल रहे।

इस अवसर पर वन दरोगा रवि कुमार, थाना अध्यक्ष रेहड़ विजेंद्र सिंह राठी, उपनिरीक्षक सोनू अधाना, कुलदीप सिंह, मनोज कुमार आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### शहीदी दिवस श्रद्धापूर्वक मनाया



**धामपुर।** गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा की ओर से नवम गुरु तेग बहादुर जी महाराज तथा भाई मतिदास जी भाई सती दास जी एवं भाई दयाला जी का 350 वां पावन शहीदी दिवस श्रद्धापूर्वक सामूहिक कीर्तन दरबार एवं गुरबाणी कीर्तन उच्चारण कार्यक्रम के रूप में आयोजित किया गया। इस अवसर पर विशेष निमंत्रण पर पधारे माता साहिब कौर जी कीर्तनी जत्थे ने गुरु वाणी के अमोलक कीर्तन की विभिन्न प्रभावी प्रस्तुतियों के माध्यम से संगत को निहाल करते हुए गुरु तेग बहादुर जी महाराज के जीवन दर्शन से प्रेरणा पाने का आवाहन किया। कार्यक्रम में जत्थेदार बीबी सुरेंद्र कौर खालसा जी को पंथ से संबंधित जयकारों की सामूहिक गूंज के बीच सम्मानित भी किया गया। शहीदी पर्व से संबंधित दो विशेष गुरबाणी कीर्तन दरबार आगामी 15 एवं 22 नवंबर को आयोजित किए जाएंगे। 23 नवंबर को गुरुद्वारा के दीवान हाल में श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी का तीन दिवसीय अखंड पाठ प्रारंभ हो जाएगा जो निरंतर 25 नवंबर तक चलेगा। 25 नवंबर को विशाल स्तर पर गुरुद्वारा में विशेष दीवान सजाया जाएगा, जिसमें गुरु वाणी प्रचारक तथा राजी जत्थे द्वारा संगत को गुरु वाणी विचारों एवं गुरबाणी कीर्तन से निहाल किया जाएगा।

### श्रीमद् भागवत कथा का समापन



**धामपुर।** इंदिरा नगर कॉलोनी स्थित श्री राधा कृष्ण मंदिर के निकट चल रहे 11 दिवसीय आध्यात्मिक प्रवचन कार्यक्रम एवं श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ महोत्सव का सामूहिक हवन यज्ञ एवं विशाल भंडारे के साथ समापन हो गया है। इस अवसर पर महिला संत गुरु माता राजबाला देवी महाराज ने आध्यात्मिक प्रवचनों से उपस्थित श्रद्धालु समूह को लाभान्वित कराते हुए कहा कि कलयुग में धार्मिक कार्यों तथा आध्यात्मिक कार्यक्रमों में दिए जाने वाला योगदान ही मानव जीवन के उद्देश्यों को सार्थक बना सकता है। इस दौरान महिलाओं ने सामूहिक रूप में भजनों का उच्चारण करते हुए कार्यक्रम स्थल को भक्ति में बना दिया। भजनों की प्रस्तुतियों में स्वर्ण बंधु शर्मा, ग्राम ढक्का करमचंद से पधारी हिमांशी चौबे, सरिता रानी चौबे, सरोज देवी तथा मां जगदंबा महिला संकीर्तन मंडल की महंत दिलीप रानी और शीला रानी भारद्वाज, संदीप कुमार भारद्वाज के भजनों को बेहद सराहा गया।

### भाकियू की मासिक पंचायत सम्पन्न



**नजीबाबाद।** भारतीय किसान यूनियन की मासिक पंचायत गन्ना समिति में संपन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष अवनीश कुमार और संचालन दुष्यंत कुमार ने किया। बैठक में गन्ना संबंधित समस्याओं को लेकर सचिव विजय शुक्ला को ज्ञापन दिया गया। सहकारी समिति द्वारा किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद दिया जाए और तीन कट्टे खाद की लिमिट समाप्त की जाए । गन्ने का मूल्य पर्चियों पर डाला जाए। जालपुर सराय आलम बिजली घर के लिए जमीन उपलब्ध कराई जाए। धान केंद्र पर तोल सही की जाए। बैठक में अजय कुमार जिला उपाध्यक्ष, महेंद्र सिंह मंडल उपाध्यक्ष, बृजेश राणा, पप्पू, अजीत सिंह, सत्यपाल सिंह, पंकज, अभिषेक, रोहित कुमार, ऋषभ, साजिद, विजय सिंह, अनिल बंटी, बब्बू, सोनू, गिरिराज, बलराम सिंह, अतुल, बिजेंद्र, बिल्लू, शुभम, हिमांशु, डॉक्टर शरीफ, इलियास आदि उपस्थित थे।

### स्काउट स्थापना दिवस पर कार्यक्रम




**बिजनौर।** स्काउट स्थापना दिवस के अवसर पर जमीयत यूथ क्लब, जिला बिजनौर द्वारा एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्काउटिंग की स्थापना भारत में 1909 में स्काउट एसोसिएशन की एक विदेशी शाखा के रूप में हुई थी और 1938 में यह संगठन स्काउट आंदोलन के विश्व संगठन का सदस्य बन गया। इस अवसर पर स्काउट स्थापना दिवस हर साल सात नवंबर से 13 नवंबर तक पूरे विश्व में उत्साह के साथ मनाया जाता है। इसी कड़ी में आज जमीयत यूथ क्लब, जिला बिजनौर के तत्वावधान में दारुल उलूम रशीदिया मेमन सादात के स्काउट छात्रों ने स्काउट स्थापना दिवस के अवसर पर एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया। हजरत मौलाना मौहम्मद कलीमुज्जमा कासमी की सरपरस्ती और जमीयत यूथ क्लब जिला बिजनौर के जिला सचिव हाफिज मौहम्मद मुंकशिफ आलम साहब और डीयूसी कारी मौहम्मद जैद साहब और गाइड कैप्टन फरहा नाज के नेतृत्व में स्काउट्स का एक प्रतिनिधिमंडल जमीयत उलेमा, जिला बिजनौर के कार्यालय पहुंचा। जहां जिला महा सचिव हजरत मौलाना मुफ्ती शम्सुद्दीन कासमी, मौलाना मौहम्मद तैय्यब, सचिव पश्चिम उत्तर प्रदेश, कारी मौहम्मद अफजल, मौलाना मुनाजिर हसन, मौहम्मद शहजाद (पूर्व चेयरमैन कस्बा झालू), मौहम्मद असलम और कई अन्य शैक्षणिक, सामाजिक और राष्ट्रीय हस्तियां मौजूद थीं। इस अवसर पर स्काउट छात्रों ने गणमान्य व्यक्तियों को स्काउट सलामी दी और स्काउट स्थापना दिवस के स्टिकर चस्पा कर अपनी खुशी और प्रतिबद्धता व्यक्त की। कार्यक्रम के अंत में बुद्धिजीवियों ने स्काउटिंग की सेवाओं की सराहना की और युवाओं से अनुशासन, जनसेवा और राष्ट्रीय चेतना की भावना को बढ़ावा देने की अपील की ताकि एक बेहतर समाज का निर्माण हो सके। बाद में डीएम, कप्तान और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के कार्यालयों में पहुंचे और उन्हें स्काउट स्टिकर भेंट किए।

### किसानों को मिलेगा अनुदान

**बिजनौर।** उप कृषि निदेशक ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में कृषि यन्त्रीकरण की सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर मैकेनाईजेशन एवं प्रमोशन आफ एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन फॉर इन-सीटू मैनेजमेन्ट ऑफ कॉप रेजीड्यू योजनान्तर्गत रुपए दस हजार से अधिक अनुदान वाले कृषि यन्त्र, कृषि रक्षा उपकरण, कृषकों द्वारा विभागीय पोर्टल पर की गयी है। जिनका ई-लाटरी के माध्यम से 11नवंबर को प्रात: 11 बजे विदुर सभागार कक्ष, कलेक्ट्रेट कम्पाउण्ड में कृषकों के चयन की प्रक्रिया पूर्ण की जायेगी। उन्होंने बताया कि जनपद स्तर पर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय कार्यकारी समिति के समक्ष ई-लाटरी की प्रकिया सम्पन्न करायी जायेगी। ई-लाटरी में चयनित कृषकों को उनके मोबाइल नं. पर एसएमएस के माध्यम से चयन एवं बिल अपलोड करने की अन्तिम तिथि की सूचना दी जायेगी।

# सड़क हादसे में युवक की मौत

## बहन के घर खुशियां मनाने आया था, लौटते वक्त हादसे में चली गई जान

शाह टाइम्स संवाददाता

**धामपुर।** खुशियों का दिन मातम में बदल गया। बहन के घर बेटे के जन्म की खुशी मनाने पहुंचे 26 वर्षीय निशु कुमार की सड़क हादसे में मौत ने पूरे परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया।

जानकारी के अनुसार रेहड़ थाना क्षेत्र के ग्राम नारायणवाला निवासी निशु कुमार अपनी बहन के घर ग्राम बीरामपुर आया हुआ था। कुछ दिन पहले उसकी बहन ने एक पुत्र को जन्म दिया था। मामा बनने की खुशी में निशु बहन को बधाई देने और भांजे का चेहरा देखने पहुंचा था। रविवार को दिनभर घर में खुशियों का माहौल रहा। परिवार में सभी के चेहरे पर मुस्कान थी। निशु ने सोमवार सुबह अपने घर लौटने का फैसला किया, लेकिन शायद किस्मत को कुछ और ही मंजूर था। बताया जाता है कि जब निशु धामपुर क्षेत्र के गांव हेजरी के पास पहुंचा, तभी सामने से तेज रफ्तार





में आ रही धामपुर डिपो की अनुबंध बस ने उसकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि निशु की मौके पर ही मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बस की रफ्तार इतनी तेज थी कि निशु का सिर बस के हिस्से में फंस गया। ग्रामीणों और पुलिस की मदद से बड़ी मशक्कत के बाद शव को निकाला गया। राहगीरों ने हादसे की सूचना पुलिस को दी। थाना धामपुर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया। मृतक की पहचान उसके पास मिले आधार कार्ड से की गई। हादसे की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। मां-बाप, बहन और पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। गांव में शोक की लहर दौड़ गई। जो युवक कुछ घंटे पहले बहन की खुशियों में शामिल था, अब सफेद कपड़े में लिपटा घर लौटा। उधर हादसे के बाद बस चालक बस समेत मौके से फरार हो गया। पुलिस ने पीछा कर बस को कब्जे में लेकर चालक को हिरासत में लिया और पूछताछ शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस मार्ग पर तेज रफ्तार वाहन अक्सर हादसों का कारण बनते हैं, लेकिन प्रशासन की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। परिजनों ने प्रशासन से मांग की है कि दोषी चालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए ताकि भविष्य में किसी और परिवार को ऐसी पीड़ा न झेलनी पड़े।

# जमीयत उलेमा ने एसआईआर के बारे में किया जागरूक

## वोट लोकतंत्र का मजबूत आधार : आसिफ

शाह टाइम्स संवाददाता

**नजीबाबाद।** जमीयत उलेमा की ओर से नगर के मौहल्ला पठानपुरा स्थित मदरसा अनवारूल उलूम में रविवार को एसआईआर के संबंध में एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें मुस्लिम समाज के लोगों को भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार चलाए जा रहे अभियान एसआईआर के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

जमीयत उलेमा के पदाधिकारी मौलाना मौहम्मद असलम कासमी ने समाज के सभी लोगों से 2027 की नई मतदाता सूची में अपना नाम शामिल कराने के लिए बीएलओ से फॉर्म लेकर उन्हें भरकर पूरी जिम्मेदारी के साथ बीएलओ को जमा करने की अपील की। शिक्षक दिलदार अहमद ने बताया कि यह फार्म प्रत्येक व्यक्ति को चाहे उसका नाम 2003 की सूची में शामिल है या नहीं सभी को भरकर जमा करना जरूरी है। समाजसेवी काजी आसिफ मुत्तकी ने कहा कि वोट लोकतंत्र का मजबूत आधार है। हम सभी को अपने नाम कई वोटर सूची में शामिल होने के लिए जागरूक रहना चाहिए। साथ ही इस कार्य में जिन लोगों को जाकारी नहीं है उनके नाम भी सूची में शामिल कराने के लिए उन्हें जागरूक करना चाहिए।

इस मौके पर मुफ्ती इसरार अहमद, मौलाना इम्तियाज अहमद, मौलाना रईस, मौलाना मौहम्मद अकरम, मौलाना मौहम्मद लियाकत, मुफ्ती मौहम्मद मुजाहिद, मुफ्ती इसरार उल हक, मौलाना मौहम्मद इरशाद, कारी मौहम्मद साजिद, मौलाना मुख्तार अहमद, चेयरमैन इंजीनियर मुअज्जम, हाजी वसीम अहमद, मौहम्मद आदिल शम्सी सहित मुस्लिम समाज के काफी लोग मौजूद रहे।

# गुलाब सिंह हिंदू महाविद्यालय में जनजातीय गौरव दिवस पर कार्यक्रम



शाह टाइम्स संवाददाता

**चांदपुर।** देश भर में जनजातीय गौरव दिवस के उपलक्ष्य में 1 नवंबर 2025 से 15 नवंबर 2025 तक विभिन्न कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की जा रही है। इसी क्रम में गुलाब सिंह हिन्दू स्नातकोत्तर महाविद्यालय में एनएसएस के तत्वावधान में कार्यक्रम अधिकारी डा. उदिता राजपूत तथा मौ. आरिफ के निर्देशन में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के छात्र एवं छात्राओं के समक्ष महान स्वतंत्रता सेनानी भगवान बिरसा मुंडा के जीवन वृत (लाइफ स्टोरी) का स्क्रीन पर प्रसारण किया गया। प्रा. दिनेश सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए भगवान बिरसा मुंडा के साथ-साथ तिलका मांझी, गोविंद गुरु, वीर नारायण सिंह, सिद्धू और कान्हू मुर्मू जैसे आदिवासी नायकों के महत्वपूर्ण योगदान और बलिदान का विस्तार पूर्वक परिचय दिया तथा साथ ही उनके विभिन्न आंदोलनों जैसे दामिन विद्रोह, संथाल विद्रोह, उलगुलान विद्रोह आदि के बारे में भी विस्तारपूर्वक बताया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों को देश के जनजातीय इतिहास और स्वतंत्रता संग्राम में उनके अमूल्य योगदान से सफलतापूर्वक परिचित कराकर एक नई जागरूकता की दिशा में अग्रसर करते हैं। प्राचार्या प्रो. साधना ने विद्यार्थियों से इन महान आदिवासी नायकों के जीवन और संघर्षों से प्रेरणा लेने का आग्रह किया। कार्यक्रम का कुशल संचालन डॉ. उदिता राजपूत ने किया।

# आरवीआईटी में स्वदेशी संकल्प दिवस मनाया

## दत्तोपंत ठेंगड़ी की जयंती पर कार्यक्रम

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बिजनौर।** आरवी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी परिसर में स्वदेशी जागरण मंच के संस्थापक दत्तोपंत ठेंगड़ी की जन्म जयंती पर आयोजित स्वदेशी संकल्प दिवस (स्वदेशी सुरक्षा एवं स्वावलंबन अभियान) कार्यक्रम का आयोजन किया गया।




मुख्य अतिथि अशोक कटारिया ने अपने सम्बोधन में स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने के लिए सभी छात्र-छात्राओं को प्रेरित किया। उन्होंने दत्तोपंत ठेंगड़ी की जीवन शैली पर चर्चा करते हुये बताया कि उन्होंने स्वदेशी जागरण मंच, श्रमिक संघ, किसान संघ, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद आदि जैस कई बड़े संघ की स्थापना की। श्री कटियार ने कहा कि हम सब को अपने जीवन में दत्तोपंत ठेंगड़ी के विचारों पर चलना चाहिए, जिससे अपने भारत को समृद्ध, सुरक्षित, स्वावलम्बी, स्वाभिमानी व प्रेरक राष्ट्र बनाने में सहायक होगा। आज की युवा पीढ़ी छात्र-छात्राएं ही देश का भविष्य है। हमें रोजगार लेने वाला नहीं बल्कि रोजगार देने वाला बनना होगा, तभी भारत एक आत्मनिर्भर राष्ट्र बनने की दिशा में अग्रसर होगा। उन्होंने कहा कि शैक्षणिक शिक्षा के साथ साथ सांस्कृतिक शिक्षा का ज्ञान होना भी जरूरी है ।

संस्थान के फार्मेसी पाठ्यक्रम के निदेशक डा. हितेश कुमार ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुये स्वदेशी वस्तुओं के साथ साथ अपने देश की सांस्कृतिक सभ्यता एवं पारंपरिक गतिविधियों आदि पर भी चर्चा की। संस्थान के प्रबन्धक निद. 'शक सनी देशवाल ने कार्यक्रम में आए मुख्य अतिथि अशोक कटारिया व सभी विशिष्ट अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन प्रशांत महर्षि ने किया। उन्होंने भारत को समृद्ध, सुरक्षित, स्वावलम्बी, स्वाभिमानी व प्रेरक राष्ट्र बनाने हेतु सभी को संकल्प दिलाया कि- हम अपने घर परिवार, व्यापार में स्थानीय और स्वदेशी वस्तुओं को प्राथमिकता देंगे।

मुख्य अतिथि अशोक कटारिया (सदस्य विधान परिषद एवं पूर्व मंत्री उत्तर प्रदेश) के साथ प्रशांत महर्षि (प्रांत सह संयोजक), अजय वत्स (जिला संयोजक), सतीश त्यागी (सह जिला संयोजक), कौशल ईश्वर शर्मा (जिला संपर्क प्रमुख), सुधीर अग्रवाल (जिला उपाध्यक्ष), शलील शर्मा (पूर्व प्रधानाचार्य राजकीय पॉलिटैक्निक बिजनौर) रहे।

# गंगा एक्सप्रेस-वे की मांग को लेकर शिक्षकों ने सीएम को भेजे पोस्टकार्ड

## मांग ने जनांदोलन का रूप लिया

शाह टाइम्स संवाददाता

**नांगल सोती।** गंगा एक्सप्रेसवे की मांग को लेकर शिक्षकों ने मुख्यमंत्री के नाम पोस्ट कार्ड लिखे। बिजनौर वासियों की यह मांग अब धीरे धीरे जनांदोलन का रूप ले रही है, एक्सप्रेसवे की मांग को लेकर सभी वर्ग प्रयासरत दिखाई दे रहा है।

बिजनौर की धरती से गंगा एक्सप्रेसवे निकाले जाने की मांग को लेकर सामाजिक संगठन, राजनैतिक दल, व्यापारिक संगठन, किसान संगठन, छात्र संगठन, बार संगठन अपने अपने तरीके से सरकार से मांग कर रहे है। वहीं भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के वरिष्ठ नेता दिगम्बर सिंह के आह्वान पर इस गंगा एक्सप्रेसवे की मांग को लेकर बीते एक माह से लगातार किसान, नेता, छात्र, ग्रामीण, व्यापारी पोस्ट कार्ड पर



एक्सप्रेसवे की मांग लिखकर मुख्य मंत्री के नाम भेज रहे है। जानकारी के अनुसार अब तक लाखों पोस्टकार्ड पोस्ट कार्ड भेजे जा चुके है। मुख्यमंत्री के नाम पोस्ट कार्ड लिखने का यह सिलसिला अब जनांदोलन बन चुका है। गांव से लेकर शहर तक हर व्यक्ति पोस्ट कार्ड लिखने के लिए लालायित दिखाई दे रहा है। पोस्ट कार्ड लिखकर मुख्यमंत्री के नाम भेजने का सिलसिला लगातार जारी है, जिस कारण डाकघरों में पोस्ट कार्ड की भारी कमी हो गई है। स्थानीय राजा भरत सिंह इंटर कालेज के प्रधानाचार्य राजीव चौहान, शिक्षक केशव शरण, अमित कुमार, श्याम सिंह वितेश, सतेंद्र यादव, बसंत यादव, सत्यप्रकाश आर्य, लोकेश कुमार, मुकेश सिन्हा आदि ने गंगा एक्सप्रेसवे बिजनौर की धरती से निकाला जाए। गन्ने का भाव 500 प्रति कुंतल किया जाए। नजीबाबाद सहकारी चीनी मिल की क्षमता वृद्धि की जाए। नजीबाबाद विधान सभा में नांगल सोती के सामने प्रस्तावित गंगा नदी का पुल शीघ्र बनाया जाए आदि मांगों के पोस्ट कार्ड मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भेजे।

# कृष्णा कालेज की छात्राओं ने किया देहरादून का मनोरंजनात्मक भ्रमण

## छात्राओं ने महत्वपूर्ण जानकारियां की अर्जित

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बिजनौर।** कृष्णा कॉलेज के गृह विज्ञान विभाग के छात्राओं ने देहरादून का मनोरंजनात्मक भ्रमण किया। कृष्णा कॉलेज ऑफ साइंस एण्ड इन्फोर्मेशन टेक्नॉलोजी महाविद्यालय के प्रबंधक निदेशक राजीव कुमार, चेयरमैन मनोज कुमार, निदेशक पवन कुमार, कृष्णा कॉलेज ऑफ लॉ के प्राचार्य डा. परवेज़ अहमद खान कृष्णा कॉलेज आर्फ साइंस की प्राचार्या डा. सीमा शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर छात्राओं को रवाना किया।

छात्राओं ने देहरादून, खण्ड के टपकेश्वर महादेव जो धार्मिक मान्यताओं और पवित्र महाकाव्य महाभारत के अनुसार ऐसा माना जाता है कि इस गुफा में कभी पांडवो और कौरवों के गुरु निवास करते थे तथा शिवलिंग पर निरंतर जल की बूंदे गिरती रहती है। छात्राओं ने बुद्धा मंदिर का भी भम्रण किया जो 220 फीट ऊंचा है और पांच मंजिलों में बुद्ध और गुरु की मूर्तियां स्थापित है। लच्छीवाला नैचर पार्क जो देहरादून वनजीव भाग के अंतर्गत लच्छीवाला रेंज के एक हिस्से के रूप में 1982 में स्थापित इस मनोरम पार्क का एक समृद्ध इतिहास है। हरे भरे जंगलों के बीच बसा और पानी के छोटे-छोटे कुंडो से



सुसज्जित यह पार्क आगंतुकों को सुकून पाने और प्रकृति से जुड़ने के लिए एक मनोरम स्थान प्रदान करता है।

भ्रमण के दौरान छात्राओं ने वहां से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां अर्जित की। भ्रमण को सफल बनाने में विभाग की विभागाध्यक्षा डा. शालिनी शर्मा, सहायक प्रवक्ता ज्योति चौहान, प्रीति चौहान, शिवानी, सायमा खानम तथा रोहित राजपूत के नेतृत्व में मनोरजंनात्मक भ्रमण किया।

# गन्ना वाहनों पर लगाए रिफ्लेक्टर



**धामपुर।** शुगर मिल धामपुर में सड़क सुरक्षा और जनहित को ध्यान में रखते हुए एक विशेष अभियान चलाया गया। मिल गेट पर गन्ने से भरे वाहनों पर रिफ्लेक्टर और लाल कपड़े लगाए गए ताकि सड़क हादसों से बचाव किया जा सके। कार्यक्रम में शुगर मिल के उपाध्यक्ष निष्काम गुप्ता, वरिष्ठ महाप्रबंधक प्रशासन विजय गुप्ता, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक अमित पांडे, गन्ना महाप्रबंधक ओमवीर सिंह, भारतीय किसान यूनियन के तहसील अध्यक्ष दुष्यंत राणा तथा अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने कहा कि यातायात सप्ताह के अंतर्गत यह पहल किसानों और आम नागरिकों की सुरक्षा के लिए की गई है। रात के समय रिफ्लेक्टर के कारण सड़क पर वाहनों की दृश्यता बढ़ेगी जिससे दुर्घटनाओं की संभावना कम होगी। मिल प्रबंधन और किसान नेताओं ने सभी वाहन चालकों से अपील की कि वे यातायात नियमों का पालन करें, खुद सुरक्षित रहें और दूसरों को भी सुरक्षित रखें। यह प्रयास सड़क सुरक्षा के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक सराहनीय कदम माना जा रहा है।

## अफजलगढ़ के ग्रामों में मच्छर

**अफजलगढ़।** क्षेत्र में सर्दी का मौसम शुरू होने के बाद भी मच्छरों का प्रकोप कम नहीं हो रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था ठप है। जिसकी वजह से मोटे-मोटे मच्छर दिखाई दे रहे है। यह मच्छर जब काटते है, तो पीड़ित बीमार जरूर होता है। मच्छरों के कारण बुखार फैल रहा है। डॉक्टरों का कहना है कि डेंगू जैसी बीमारियों में भी मच्छरों का अहम रोल होता हैं। लेकिन पंचायत सचिव व ग्राम प्रधान इससे बिल्कुल बेखबर है। ग्रामीण क्षेत्रों में महीनों तक भी सफाई नहीं होती है। जगह-जगह गंदगी के अम्बार लगे हुए है। ग्रामीणों का कहना है कि जिला प्रशासन एवं खासतौर पर पंचायत राज विभाग नकारा हो गया है। डीपीआरओ व अन्य जिम्मेदार अधिकारियों को नौकरी से बर्खास्त कर दिया जाना चाहिए।

# यकीनन बदगुमानी दूर कर देती है रिश्तों को...

## उर्दू भाषा के भविष्य पर विचार-विमर्श एवं कवि सम्मेलन का आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

**धामपुर।** बज्म-ए-कमर धामपुर के तत्वावधान में यौम-ए-उर्दू जनाब हैदर अली आढ़ती के निवास पर अत्यंत उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कारी नोशाद आलम 'शाद' ने की तथा संचालन इरशाद धामपुरी ने किया।

इस अवसर पर उर्दू भाषा के इतिहास और उसके भविष्य पर विचार व्यक्त किए गए। अल्लामा इकबाल की जीवन-गाथा और उनकी सेवाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही शिक्षा को इंसान का मूल अधिकार बताने वाले महान विचारक मौलाना अबुल कलाम आजाद की उर्दू और शिक्षा के क्षेत्र में की गई मेहनत और प्रयासों पर भी रोशनी डाली गई। स्वतंत्रता संग्राम में मौलाना मौहम्मद अली जौहर की कुर्बानियों और शिक्षा के क्षेत्र में उनके महत्वपूर्ण योगदान को भी याद किया गया। इस मौके पर एक काव्य-गोष्ठी का भी आयोजन किया गया, जिसमें शायरों ने अपना कलाम सुनाकर भरपूर सराहना हासिल की। नूर आलम नूर ने कहा- जो भी सरकार-ए-दो आलम का दीवाना होगा, उसके कदमों के तले सारा



जमाना होगा। जो भी रखता है हसद मेरे नबी से ऐ नूर, उसका जन्नत नहीं, दोजख में ठिकाना होगा। नोशाद आलम 'शाद' अलीग धामपुरी ने कहा- शायर एक से एक बढ़कर है जहाँ में मोतबर, पर कोई इकबाल के जैसा नहीं आता नजर। राशिद हमीदी धामपुरी ने कहा-मसाइल से मिल्लत के बेचैन हूँ मैं, सिवा इसके राशिद नहीं कोई गम भी। हबीब धामपुरी ने कहा- तूने गुलाम-ए-मुस्तफा पर फिर सितम ढाए तो हैं, यह निशाना भी तेरा जालिम खता हो जाएगा। शहजाद आलम 'शहजाद', धामपुर ने कहा- चाहतों के सफर का यह दस्तूर है, आतिश-ए-इश्क को फासला चाहिए। शमशेर अली शम्स धामपुर ने कहा- मैं कभी भी न इसको छोड़ूँगा, मेरी माँ की जबान है उर्दू। नफीस मंजर धामपुरी ने कहा- यह अलग बात कि इम्तिहानों में हूँ, शोहरतों के मगर आसमानों में हूँ। आरिफ रसूलपुरी ने कहा- माँगकर रब से फूल-सी बेटी, अपने आँगन में रोशनी कर ली। अनवर अहमद अनवर ने कहा- क्या मैं था, क्या बना गई औरत, जिंदगी को मिटा गई औरत। नईम जज्बी ने कहा- मेरे बच्चों के यह दामन को भिगोने वाले, रोज आ जाते हैं कमबख्त खिलौने वाले। इरशाद धामपुरी ने कहा-यकीनन बदगुमानी दूर कर देती है रिश्तों को, अगर हो दिल में चाहत, हुस्न-ए-जन मैला नहीं होता। यौम-ए-उर्दू के कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उर्दू-प्रेमियों ने भाग लिया और अपने विचार व्यक्त किए। श्रोताओं में जनाब हैदर अली, शफीक अहमद मुन्ना, शकील अहमद, नफीस अहमद, मौहम्मद जाकिर, शहजाद लाला, अरहान, मौहम्मद इकबाल आदि ने शायरों को दिल खोलकर दाद और प्रशंसा से नवाजा। कार्यक्रम के अंत में जनाब हैदर अली साहब ने सभी का धन्यवाद अदा किया।

## एक नजर

### कबड्डी टूर्नामेंट लालपुर मान ने जीता



**नांगल सोती।** गांव मायापुरी में आयोजित कबड्डी टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला लालपुर मान की टीम ने जीता। गांव मायापुरी में चल रहे डे-नाइट कबड्डी टूर्नामेंट में फाइनल मुकाबला लालपुर मान और मायापुरी की टीम के बीच खेला गया, जिसमें लालपुर मान की टीम ने मायापुरी को 20- 18 से हराकर टूर्नामेंट जीता। इससे पूर्व खेले गए सेमीफाइनल मुकाबले में लालपुर मान ने सौफतपुर को 22-18 और मायापुरी ने बाकरपुर को 21-14 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। मुख्य अतिथि रामचरण सिंह ने विजेता व उपविजेता टीम को नगद धनराशि व शील्ड देकर पुरस्कृत किया। फाइनल मैच में बेस्ट रेडर का पुरस्कार मायापुरी टीम के अर्पित कुमार और लालपुर मान टीम के ब्रुशली को दिया गया। टूर्नामेंट में राहुल कुमार, अर्पित, मिथुन, विशाल, विनीत, मोनू, आदि का सहयोग रहा।

### पूरे मनोयोग से एसआईआर का कार्य करें

**नजीबाबाद।** एसआईआर के निमित्त विधानसभा नजीबाबाद के कार्यकर्ताओं की एक कार्यशाला स्वयंभू मोटा मंदिर परिसर में जिलाध्यक्ष भूपेंद्र चौहान बॉबी के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुई। कार्यशाला की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष कमल सैनी एवं संचालन महामंत्री सचिन देशवाल ने किया। जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र चौहान बाबी ने कहा कि सभी कार्यकर्ता पूरे मनोयोग से मतदाता का गहन पुनरीक्षण का कार्य करें। बीएलओ का सहयोग करते हुए शुद्ध मतदाता सूची बनवाना सुनिश्चित करें। यह कार्य हमें शक्ति केंद्र बूथ स्तर पर मजबूती से करना है। इसके लिए हर कार्यकर्ता को पूरे मनोयोग से जुटने की आवश्यकता है। इस अवसर पर पूर्व प्रत्याशी राजीव अग्रवाल, जिलामंत्री बलराज त्यागी, राजन टंडन गोल्डी, ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल आदि उपस्थित रहे।

### रैली की सफलता को जनसम्पर्क



**चांदपुर।** 26 नवंबर को जनपद मुजफ्फरनगर में आजाद समाज पार्टी के तत्वावधान में होने वाली ऐतिहासिक रैली को सफल बनाने के लिए विधानसभा प्रभारी मौहम्मद ताहिर ने कई ग्रामों का भ्रमण कर ग्रामीणों से रैली को सफल बनाने की अपील की। मौहम्मद ताहिर ने गांव स्याऊ, तिगरी, उमरी पीर, मुबारकपुर कलां, पीपलीजट, राजोपुर बहमन, सब्दलपुर रेहरा आदि गावों का भ्रमण किया। उन्होंने नगीना लोकसभा सांसद एडवोकेट चंद्रशेखर आजाद के विचारों व उनके संघर्षो को जानने समझने और सुनने के लिए समय पर पहुंचने की अपील की। इस मौके पर जिला सचिव इरशाद उर्फ गोला भैया, विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र कुमार जाटव, मौहम्मद नासिर, निजामुद्दीन, उस्मान प्रधान, सर्वर उर्फ जोंटी, नसीनुद्दीन मनिहार आदि शामिल रहे।

### ग्रामीणों की समस्याएं सुनी

**नजीबाबाद।** क्षेत्र के ग्राम महावतपुर में अपना दल (एस) की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र चौधरी ने करते हुए ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। शैलेन्द्र चौधरी ने बताया कि केंद्र व प्रदेश सरकार आम जनता के हित में कई योजनाएं चला रही है। जैसे प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत योजना, किसान सम्मान निधि, उज्जवला योजना व स्वच्छ भारत मिशन आदि। उन्होंने कहा कि हर पात्र व्यक्ति इन योजनाओं का पूरा लाभ उठाये। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वह गांव-गांव जाकर लोगों को इन योजनाओं के प्रति जागरूक कर पात्र परिवारों को आवेदन की प्रक्रिया में सहयोग दें। बैठक में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने हिस्सा लेकर अपने क्षेत्र की समस्याएं सामने रखी। जिला अध्यक्ष ने सभी समस्याओं को संबंधित विभागों तक पहुंचाकर हल करने का आश्वासन दिया।

### संविदा कर्मचारियों का धरना जारी



**धामपुर।** उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन निविदा/संविदा कर्मचारी संघ के बैनर तले संविदा कर्मचारियों का अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन आज तीसरे दिन भी अधीक्षण अभियंता कार्यालय पर जारी रहा। कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि मै. इंटरप्राइजेज द्वारा लगभग एक करोड़ रुपये की ईपीएफ राशि गबन की गई, फिर भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। आदेशों के बावजूद पुराने अनुभवी कर्मचारियों को हटाकर अनुभवहीन लोगों की नियुक्ति की जा रही है। ईएसआईसी कार्ड अब तक नहीं बने हैं और परिवार के नाम नहीं जोड़े गए। 45 कर्मचारियों की अगस्त व 37 की सितंबर की वेतन राशि बकाया है। सुरक्षा उपकरणों के अभाव में दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं। 12 अप्रैल 2024 को कोतवाली उपकेंद्र पर हुई दुर्घटना में ताबिश की मौत के बावजूद परिजनों को मुआवजा नहीं मिला। धरने में जसराम सिंह, अरविंद सिंह, रोहित कुमार, अंकुल कुमार, उमेश कुमार, अनिल मेहरा, सलमान, ब्रह्मपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

### विकसित भारत थीम पर बनाए मॉडल

**बिजनौर।** दिल्ली पब्लिक स्कूल बिजनौर में आयोजित स्टूडेंट्स लेड कॉन्फ्रेंस छात्रों की सृजनात्मकता, नेतृत्व क्षमता और नवाचार को अभिव्यक्त करने वाला एक अद्वितीय मंच सिद्ध हुई। नर्सरी से लेकर कक्षा नौ तथा कक्षा ग्यारह तक के विद्यार्थियों ने इसमें उत्साहपूर्वक भाग लेकर विकसित भारत थीम पर आधारित अपने-अपने उत्कृष्ट प्रोजेक्ट्स प्रस्तुत किए। सामाजिक विज्ञान विभाग के छात्रों ने भूकंप भूस्खलन, सूखा, ज्वालामुखी, विस्फोट, बाढ़, सुनामी और जंगल की आग जैसी प्राकृतिक आपदाओं पर आधारित स्टीक मॉडल तैयार किए। साथ ही छात्रों ने राजस्थान की संस्कृति और डायनासोर की उत्पत्ति से लेकर उसके अंत तक के जीवन काल को दर्शाया, जो बहुत ही एक रोमांचक था। इसके अतिरिक्त ऊर्जा संरक्षक, सतत विकास, सौर एवं पवन ऊर्जा, वर्षा जल संचयन तथा बांध जैसे विषयों पर भी सारगर्भित प्रस्तुतियां दी गई। नर्सरी, एल.के.जी. और यू.के.जी. के नन्हे विद्यार्थियों ने अपनी कल्पनाशीलता से सभी का मन मोह लिया। नर्सरी के बच्चों ने छोटे बच्चों का वंडरलैंड शीर्षक से रंग-बिरंगे मॉडल सजाए।

### ब्लॉक समन्वय समिति के गठन पर जोर

**बिजनौर।** गायत्री परिवार समन्वय समिति के कार्य को विस्तारित करने के लिए ब्लॉक मौहम्मदपुर देवमल के गांव शहबाजपुर में गोष्ठी सम्पन्न हुई। वरिष्ठ गायत्री परिजन सुरेन्द्र सिंह वकील साहब के द्वारा अध्यक्षता और संचालन सोमेश्वरदत्त शर्मा पंकज द्वारा किया गया। गोष्ठी में इन्द्रदेव शर्मा जिला सहसमन्वयक विशेष अतिथि रहे। संचालक सोमेश्वरदत्त शर्मा के द्वारा 'नव युग के संविधान' का पाठ करवाने के पश्चात सभी उपस्थित परिजनों को सम्बोधित करते हुए गोष्ठी के उद्देश्य और वर्तमान समय में युग निर्माण योजना मिशन की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए समय, दान एवं अन्नदान की महती आवश्यकता बताई। इन्द्रदेव शर्मा ने मिशन के विस्तारीकरण के लिए ब्लॉक समन्वय समिति के गठन की आवश्यकता पर बल दिया।

# अवैध हूटरों के खिलाफ अभियान चलाकर की जाए कार्रवाई

## ○आज़ाद अधिकार सेना के कार्यकर्ताओं ने सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** वीआईपी कल्चर समाप्त करने के सरकारी आदेशों के बावजूद कई निजी वाहनों पर अवैध रूप से हूटर और सायरन के इस्तेमाल का आज़ाद अधिकार सेना के कार्यकर्ताओं ने विरोध किया और पुलिस महानिदेशक के नाम ज्ञापन एएसपी को सौंपकर लाल,नीली, पीली लाईटों ओर हूटरों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की मांग की।

भारत सरकार ने देश भर में वीआईपी वाहनों पर लाल,नीली पीली और अवैध रूप से हूटर लगाकर चलने वालों पर पाबंदी लगा दी थी। देश भर में वाहनों पर वीआईपी कल्चर समाप्त कर देने के बाद भी अधिकारी अपने निजि वाहन और राजनैतिक व सामाजिक और यूनियों के नेता व कार्यकर्ता अपने-अपने वाहनों पर हूटर का प्रयोग कर आदेशों को ठेंगा दिखा रहे हैं। कई वाहनों से आला अधिकारी वाहनों पर लग अवैध हूटरों को हटवा भी चुके हैं,लेकिन काफी लोगों पर इस आदेश का असर अभी भी नहीं हो रहा है। आज़ाद अधिकार सेना के प्रदेश महासचिव खिजर गौस ने बताया कि भारत सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार ने वीआईपी कल्चर खत्म करने के उद्देश्य से लाल-नीली बत्तियों, हूटर और सायरन के प्रयोग पर पूर्ण प्रतिबंधलगाया है। बावजूद इसके सम्भल जनपद में अनेक निजी और गैर-अधिकृत वाहन चालक इनका दुरुपयोग कर रहे हैं, जिससे आम जनता में भय और असुविधा की स्थिति बन रही है। उन्होंने कहा कि यह शासनादेशों का खुला उल्लंघन है और कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े करता है। खिजर गौस ने प्रशासन से सख्त कार्यवाही की मांग करते हुए कहा कि पुलिस विभाग को विशेष अभियान चलाकर ऐसे वाहनों की पहचान करनी चाहिए और संबंधित वाहन स्वामियों पर वैधानिक कार्यवाही करनी चाहिए। ज्ञापन में अवैध हूटर लगे वाहनों की पहचान कर अभियान चलाने तथा ऐसे चालकों पर नियमों के तहत कार्रवाई की जाए, और हूटर हटाओ अभियान पूरे जनपद में प्रभावी ढंग से संचालित किया जाए।



सम्भल- अवैध हूटर और लाल बत्ती पर रोक की मांग को एएसपी को ज्ञापन देते सेना कार्यकर्ता।



सम्भल- वाशिंग सेंटर का निरीक्षण करते नगर मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार सोनी।

# 31 दिसम्बर तक जिले में लागू हुई निषेद्याज्ञा

## ○पीड़ित को प्रोटेस्ट याचिका की अनुमति

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** विगत वर्ष 24 नवम्बर को हुई हिंसा के एक साल का समय होने जा रहा है। माह नवम्बर में जिला प्रशासन फूंक-फूंककर कदम रखने लगा है। पूर्व में हुए बवाल और आगामी पर्वों के मददेनजर जिले निषेद्याज्ञा को लागू कर दिया गया है।

जनपद में गुरूनानक जयंती, कातिर्मक पूर्णिमा और अन्य पर्व शांति पूर्वक व सदभाव के साथ सम्पन्न हो गए। अब पूर्व वर्ष 24 नव्म्बर को लेकर हुई हिंसा को साल भर का समय करीब आता जा रहा है। इससे पूर्व प्रशासन ने अहतियाती कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। जबकि 24 नवम्बर को गुरूतेग बहादुर शहीद दिवस व 25 दिसम्बर को क्रिसमस डे मनाया जाना प्रस्तावित है। जिला प्रशासने विश्वस्त सूत्रों से मिली जानकारी पर कतिपय आसमाजिक तत्वों द्वारा शांति व्यवस्था भंग की जा सकती है। जिससे कटुता बढ़ने और लोक शांति भंग होने की समाभावनाएं हैं। इसलिए जनविरोधी गतिविधियों में शांति व्यवस्था बनाये रखने और घोषित आयोजनों/कार्यक्रमों के कारण उत्पन्न होने वाले तनाव को कम करने व जन सम्पत्ति की तथा लोक शांति भंग होने से रोकने को धारा 163 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के तहत जिले में निषेद्याज्ञा लागू की गयी है। जिले में निषेद्याज्ञा लागू होने से कोई भी व्यक्ति बिना अनुमति पांच से अधिक लोग किसी प्रकार का जुलूस नहीं निकाल सकेंगे और न ही सार्वजनिक थ्स्थान पर पांच या उससे अधिक व्यक्तियों का समूह बनाये और न ही ऐंसे किसी समूह में शामिल होगां जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया ने बताया कि निषेद्याज्ञा आदेश बीच में वापस नहीं किया गया तो 31 दिसम्बर 2025 तक लागू रहेगा।

# नगर मजिस्ट्रेट ने बंद कराए वाशिंग सेंटर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** बिना भूगर्भ जल विभाग की अनुमति के चल रहे वाशिंग सेंटरों पर प्रशासन की नजरें तीखी हो गयी है। ताबड़तोड़ चल रहे निरीक्षण में नगर मजिस्ट्रेट को निरीक्षण में आधा दर्जन से अधिक वाशिंग सेंटर अवैध रूप से संचालित पाये गए। नगर मजिस्ट्रेट ने सेंटरों को बंद कराकर उपयुक्त अनमति के बाद ही संचालन करने के निर्देश दिए।

नगर और आसपास क्षेत्र में दर्जनों वाशिंग संटरों का संचालन किया जा रहा है। बिना भूगर्भ जल विभाग की एनओसी के संचालित वाशिंग सेंटरों पर रोज़ाना कार और बाइक आदि धोकर हज़ारों क्यूसेट जल बर्बाद किया जाता है। जबकि जल स्रोत काफी कम होता जा रहा है। अवैध रूप से संचालित वाशिंग सेंटरों का नगर मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार सोनी ने मुरादाबाद, चंदौसी रोड और हसनपुर मार्ग पर नौबत सिंह पुत्र मोहर सिंह निवासी शहजादी सराय, सजल पुत्र संजीव सिंघल निवासी मोहल्ला ठेर सम्भल, अहजाजुल इस्लाम पुत्र नजर उल इस्लाम निवासी दिल्ली दरवाजा, मैराज पुत्र मुन्ना निवासी चमन सराय, निजामुद्दीन पुत्र अली अहमद निवासी चमन सराय, कासिम पुत्र नईम निवासी तुर्तीपुर इल्हा, फरमान पुत्र सरवर निवासी खग्गूपुरा, नायाब दूल्ला पुत्र मुनव्वर हुसैन निवासी दीपा सराय, हाजी यमीन के वाशिंग सेंटर का निरीक्षण के समय कार एवं बाइक आदि वाहनों को धोने के लिए अत्यधिक पानी का इस्तेमाल किया जाता पाया। जबकि सेंटर संचालकों के पास भूगर्भ जल विभाग से कोई भी अनुमति (एनओसी) नहीं ली गई थी और ना ही फ्लोमीटर लगवाया गया था। साथ ही उद्योग कार्यालय में भी रजिस्ट्रेशन नहीं कराया गया। अवैध रूप से संचालित वाशिंग सेंटरों को नगर मजिस्ट्रेट ने बंद करा दिया।

# भारत और भारतीयता की आत्मा है वंदे मातरम

## ○सरस्वती विद्या मंदिर में हुआ सामूहिक गायन

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** भारतीय इतिहास संकलन समिति के तत्वावधान में सरस्वती विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में सामूहिक गायन के पश्चात राष्ट्रीय गीत को भारत और भारतीयता की आत्मा बताया गया। चन्दौसी रोड पर सरस्वती विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में छात्र छात्राओं अध्यापक और प्रबन्ध समिति सदस्यों तथा समिति के सदस्यों ने सामूहिक रुप से राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् का गायन किया। समिति के जिला संरक्षक अशोक कुमार गर्ग ने कहा कि देश के दुश्मनों को मौत के घाट उतारना और देश की बलि वेदी पर हंसते-हंसते बलिदान हो जाना वंदे मातरम सिखाता है। इसलिए वंदे मातरम भारत और भारतीयता की आत्मा है। देश और दुनिया में केवल भारत को ही मां कहकर वंदना करके गुणगान करने की परंपरा है। यहां के निवासी अर्थात 140 करोड भारतीय वंदे मातरम और भारत माता की जय जयकार करके नवस्फूर्ति, उत्साह, उल्लास और आनंद प्राप्त करते हैं। भारतीय इतिहास संकलन समिति के जिलाध्यक्ष अजय कुमार शर्मा ने वंदे मातरम को अपने देश का मान बिंदु बताया। बंकिम चंद्र चटर्जी द्वारा 7 नवंबर 1875 को रचित राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम की 150 वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में सभी को संस्कार सेवा सहयोग समर्पण के माधयम से अपनी विशेष पहचान बनाने का संकल्प भी दिलाया। उत्तर प्रदेश विधान परिषद के पूर्व सदस्य संजय मिश्रा ने मुख्य अतिथि के रुप में बोलते हुए राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम को देशवासियों का अभिमान बताकर 150 वीं वर्षगांठ पर सभी को शुभकामनाएं दीं। विजेंद्र सिंह, निरंकार गंगवार, सौरव सोमवंशी, आशीष, सचिन गुप्ता, कौशल बाबू शर्मा, पीयूष वर्मा आदि ने राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम का अर्थ महत्व एवं इतिहास के संबंधे में विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम का संचालन प्रधानाचार्य शिव शंकर शर्मा ने किया।



सम्भल- सरस्वती कन्या इंटर कॉलेज मे सामूहिक वंदेमातरम का गायन कराते।

# अधिवक्ता पर जानलेवा हमलावरों की गिरफ्तारी को एसपी से मिलेंगे वकील

## ○जिला बार एसोसिएशन ने चन्दौसी बार एसोसिएशन का किया समर्थन, कल-आज कार्य से रहेंगे विरत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** अधिवक्ता पर हुए प्राण घातक हमले से अधिवक्ताओं में रोष बढ़ता जा रहा है। हमलावरों पर कार्रवाई और गिरफ्तारी की मांग को बार एसोसिएशन के प्रतिनिधि मंडल पुलिस अधीक्षक से वार्ता करने जायेगा। इस दौरान अधिवक्ता कल आज अदालतों में कार्य नहीं करेंगे।

जिला बार एसोसिएशन की आवश्यक सभा का आयोजन किया गया। सभा में चन्दौसी बार एसोसिएशन से मिले प्रस्ताव की जानकारी देते हुए अधिवक्ता रूपेश यादव पर हुए प्राण घातक हमले के आरोपियों की गिरफ्तारी न होने पर रोष जताया। जबकि इसके विरोध में चन्दौसी बार एसोसिएशन हमलावरों की गिरफ्तारी और सख्त कार्रवाई की मांग को प्रतिनिधि मंडल पुलिस अधीक्षक से मिलने जायेगा। जिसमें जिला बार एसोसिएशन सम्भल व अन्य बारों के पदाधिकारी भी इसमें शामिल होंगे। जिससे अधवक्ता जिला और अन्य न्यायालयों में उपस्थित होकर न्यायिक कार्य में न्यायालयों का सहयोग नहीं कर सकेंगे। इसलिए चन्दौसी बार एसोसिएशन की ओर से जिले की सभी बारों से इसका सर्मथन करने की मांग की। जिला बार एसोसिएशन की सभा में चन्दौसी बार एसोसिएन का पूरा सर्मथन किया और न्यायालयों से किसी भी पत्रावली में प्रतिकूल आदेश पारित नहीं करने की मांग की।

## गर्म वस्त्रों की बिक्री बढ़ी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी का असर होने लगा है। ठंडक बढ़ते ही गर्म वस्त्रों की दुकानों पर भीड़ बढ़ने लगी है।



सम्भल- मिशन शक्ति में पाक कला प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते प्रतिभागी।

# मिशन शक्ति में दिया पाक कला का प्रशिक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** एम जी एम (पीजी) कॉलेज में मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत छात्राओं को पाक कला का प्रशिक्षण दिया गया।

डाक्टर पूजा गुप्ता प्रभारी गृह विज्ञान विभाग के नेतृत्व में आयोजित प्रशिक्षण में अलीशा ,जोया, हफीजा नाज, सानिया, तूबा, रहनुमा फातिमा, गौसिया, इरम फातिमा ,अर्शी, अलीना आदि ने डिजाइनिंग फ्रूट चाट ,चना चाट, सलाद को डेकोरेट करने का प्रशिक्षण प्राप्त किया। सभी छात्राओं ने अपनी- अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए प्राकृतिक दृश्य एवं मोर की आकृति के आकर्षक डिजाइन बनाए। डा. पूजा गुप्ता ने छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि वह शादी जन्मदिन एवं अन्य समारोह पर सलाद एवं चाट डेकोरेशन के माध्यम से कैटरिंग रोजगार के अवसर प्राप्त कर सकती हैं। यह छात्राओं को पेशेवर सैफ या आथित्य उद्योग में भूमिका के लिए तैयार करता है। इस अवसर पर डा. अनुभा गुप्ता ने छात्राओं को समझाया कि पाक कला के लिए केवल व्यावहारिक कौशल ही नहीं बल्कि खाद्य विज्ञान पोषण और आहार संबंधी ज्ञान की भी महति आवश्यकता होती है। समूह में कार्य करने से व्यंजन पकाना और उन्हें आकर्षित तरीके से प्रस्तुत करने के तरीके भी छात्राएं सीखेंगे। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर डा. योगेंद्र सिंह ने छात्राओं के कार्यों की सराहना करते हुए उत्साह वर्धन किया। इस अवसर पर डा. अर्चना बंसल, डा. अनुभा गुप्ता का विशेष सहयोग रहा। डा. रीतू भटनागर,डा. जोहरा जबी एवं सभी शिक्षिकाएं उपस्थिति रही।

# विशेष पुनरीक्षण कार्यों का डीएम ने किया निरीक्षण

## ○गांव-गांव संचालित है पैथेलोजी लैब और अस्पताल

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** विकासखण्ड असमोली के प्राथमिक विद्यालय असमोली प्रथम, प्राथमिक विद्यालय मदाला फत्तेहपुर तथा विकासखण्ड सम्भल के प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय नाहरठेर तथा उच्च प्राथमिक विद्यालय मण्डलाई में विशेष गहन पुनरीक्षण (एस. आई.आर) के कार्यों तथा गणना प्रपत्र की प्रगति का जिलाधिकारी ने निरीक्षण किया।

सोमवार को जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया ने सबसे पहले विकासखण्ड असमोली के प्राथमिक विद्यालय असमोली प्रथम का निरीक्षण कर एसआईआर के अन्तर्गत बीएलओ से गणना प्रपत्रों के वितरण और मैपिंग को लेकर जानकारी ली जबकि संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। डीएम ने मैरिड तथा डी से डाउट तथा ओ से बाहरी के संबंध में भी दिशा निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने सम्बंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि 11 नवंबर तक शत प्रतिशत गणना प्रपत्र का वितरण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही समर्थ उत्तर प्रदेश विकसित उत्तर प्रदेश के अन्तर्गत विजन डॉक्यूमेंट 2047 के लिए सुझाव फीडबैक प्राप्त करने के लिए भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने विद्यालय में कुर्सियां क्रय करने की कार्रवाई सुनिश्चित करने को लेकर संबंधित को निर्देशित किया। इस दौरान शिक्षकों के स्वाध्याय के अंतर्गत पुस्तकों की भी जानकारी ली ओर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। तत्पश्चात जिलाधिकारी ने विकासखण्ड असमोली के प्राथमिक विद्यालय मदाला फत्तेहपुर का निरीक्षण कर एसआईआर के अन्तर्गत गणना प्रपत्रों के वितरण कीं जानकारी प्राप्त की तथा फार्म 6 एवं फार्म 8 को लेकर भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए। एम से मैरिड तथा डी से डाउट तथा ओ से बाहरी वोटर के संबंध में प्रधान, पूर्व प्रधान तथा राशन डीलर के साथ क्रास वैरीफिकेशन को लेकर संबंधित को निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने विद्यालय के शैड पर जाली लगाने को लेकर भी निर्देशित किया तथा विद्यालय के शिक्षकों को स्वाधयाय के लिए पुस्तकों के अध्ययन को लेकर जानकारी लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए तथा विद्यालय में साफ सफाई को, मेरा विद्यालय स्वच्छ विद्यालय के अंतर्गत बच्चों से साफ सफाई में सहयोग प्राप्त करने को लेकर भी निर्देशित किया।तत्पश्चात डीएम ने विकासखण्ड सम्भल के प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय नाहर ठेर का निरीक्षण गणना प्रपत्र को लेकर निर्देशित करते हुए कहा कि 11 नवंबर तक गणना प्रपत्र शतप्रतिशत वितरित किये जाएं।

# देशहित में स्वदेशी वस्तुओं के प्रयोग का लिया संकल्प

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल द्वारा सोमवार को भारत के महान चिंतक, राष्ट्रवादी विचारक एवं स्वदेशी आंदोलन के प्रणेता पंडित दत्तोपंत ठेंगड़ी जी की जयंती स्वदेशी संकल्प दिवस के रूप में मनाया गया।

प्रदेश संगठन मंत्री गौरीशंकर चौधरी के नेतृत्व में दिल्ली रोड पक्का बाग स्थित ए आर रिसोर्ट होटल में संगठन के पदाधिकारी और व्यापारियों की उपस्थिति में देशहित में स्वदेशी वस्तुओं के प्रयोग का संकल्प लिया और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के लिए ठेंगड़ी के विचारों को जन-जन तक पहुँचाने का आहवान किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि दत्तोपंत ठेंगड़ी जी का सम्पूर्ण जीवन राष्ट्र सेवा, स्वावलंबन और स्वदेशी के सिद्धांतों को समर्पित रहा। उनका मानना था कि भारत तभी सशक्त बन सकता है जब प्रत्येक नागरिक भारतीय उत्पादों को अपनाए और देश के संसाधनों को प्राथमिकता दे। आज के वैश्विक प्रतिस्पर्धा के युग में स्वदेशी विचार ही भारत की आर्थिक आजादी का सबसे मजबूत स्तंभ है। गौरीशंकर चौधरी ने कहा कि स्वदेशी हमारे देश की आत्मा है ठेंगड़ी जी ने भारतीय मजदूर संघ, भारतीय किसान संघ और स्वदेशी जागरण मंच जैसे राष्ट्रहितकारी संगठनों के माधयम से समाज को एकजुट कर आत्मनिर्भर भारत की दिशा में अभूतपूर्व योगदान दिया। आज आवश्यकता है कि हम उनके दिखाए मार्ग पर चलकर छोटे व्यापारियों, कुटीर उद्योगों और स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहित करें, ताकि भारत का व्यापारी वर्ग मजबूत और आत्मनिर्भर बन सके। इस अवसर पर स्वदेशी उत्पादों के उपयोग के लिए हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया और स्वदेशी संकल्प पत्र भर कर स्वदेशी को आपनाने का संकल्प लिया।



सम्भल- स्वदेशी वस्तुओं के प्रयोग का संकल्प दोहराते।

## एक नज़र इधर भी



सम्भल-अपंजीकृत ईरिक्शा के खिलाफ अभियान चलाते अधिकारी।

# अपंजीकृत ई-रिक्शाओं के खिलाफ चला अभियान

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** अपंजीकृत ईरिक्शाओं के विरूद्व चले अभियान में पुलिस एवं परिवहन अधिकारी ने अवैध रूप सं संचालित ईरिक्शाओं के चालान किए गए।

पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विशनोई के निर्देश पर पुलिस उपाधीक्षक दीपक कुमार एवं उप सम्भगीय परिवहन अधिकारी अमिताभ चर्तुवेदी ने संयुक्त अभियान चलाकर अपंजीकृत ईरिक्शाओं पर शिकंजा कसा। अभियान से ई रिक्शा चालकों में हड़कम्प मच गया। आनन-फानन में ईरिक्शा चालक ईरिक्शा लेकर इधर-उधर दौड़ने लगे। अभियान के दौरान कस्बा हयातनगर, सराय तरीन, चौधरी सराय में बिना रजिस्ट्रेशन की ई-रिक्शा एवं सड़क किनारे पर अतिक्रमण करने वाले ठेलों आदि के चालान कर कार्रवाई की।



सम्भल- बूथ पर बीएलओ का सहयोग करते भाजपा कार्यकर्ता।

## भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा ने किया बूथ पर सहयोग

**सम्भल ( शाह टाइम्स,ब्यूरो।** मोहल्ला बदायूं दरवाजा सेक्टर आचार्य मुक्तेश हकीम रईस सरस्वती इंटर कॉलेज मंडल हयात नगर पर बी एल ओ संजय कुमार के साथ भाजपा के सेक्टर सयोजक निवर्तमान भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष अधयक्ष सैयद शान अली ने मतदाता गहन पुनिरीक्षण को लेकर घर घर जाकर फार्म वितरण कराए साथ मे वार्ड सभासद पति आजम कुरैशी, शाहरुख खान, फारूक खान, शाहनवाज शेख, राजू, मुन्ना खान, रिजवान अब्बासी, नाजिम खान, यामीन खान आदि बूथ पदाधिकरियो ने बी एल लो का सहयोग किया।

## घर में मूर्ति स्थापित करने को निकाली कलश यात्रा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** पंवासा ब्लॉक के ग्राम पंचायत फत्तेहपुर उत्तमा में सोमवार की शाम एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें धर्मेंद्र पाल ने अपने घर पर माता मंदिर में मां शेरावाली की मूर्ति स्थापित की। इस अवसर पर गांव में भव्य कलश यात्रा निकाली गई और भंडारे का आयोजन किया गया। मूर्ति स्थापना पर महिलाओं एवं बच्चों ने डीजे की धुन पर नृत्य किया। ग्रामीणों ने कलश यात्रा के मार्ग को झाड़ू लगाकर साफ किया और दूध से धोया। धर्मेंद्र पाल ने बताया कि इसी कमी को पूरा करने के लिए यहां अपने घर पर नए मंदिर का निर्माण कर मां शेरावाली की मूर्ति स्थापित की गई है। सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए मौके पर भारी पुलिस बल तैनात रहा।

# गीता का हर श्लोक सनातनियों के लिए प्रसाद

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** कल्कि संवाद में कल्कि संवाद के मुख्य वक्ता स्वामी कृष्णानंद महाराज राष्ट्रीय महासचिव भारतीय चरित्र निर्माण संस्थान ने गीता के माध्यम से लोगों में समरसता और संगठन की भावना को जागृत करने का मंत्र दिया।

प्राचीन कल्कि विष्णु मंदिर में कलिक संवाद में उन्होने बताया कि गीता का हर श्लोक प्रत्येक सनातनीय के लिए प्रसाद है। प्रत्येक सनातनी को गीता के माध्यम से अपने जीवन में वास्तविक बदलाव लाना होगा। गीता संदेश देती है कि जैसा कर्म करोगे वैसा ही आप फल पाओगे. लोगों में यह भावना हो गई है कि कर्म कोई और करें और फल उसे मिले. व्यक्ति को अपनी इस भावना का त्याग कर सेवा भाव को जागृत करना होगा। और समाज को एकीकृत और संगठित करने के जो उपाय गीता ने हमें दिए हैं। उसको आत्मसात करते हुए धर्म के आधार पर विजय प्राप्त करने के लिए कूटनीति का प्रयोग करते हुए हमेशा धर्म को ऊपर रख हम सब सनातनियों को एक रहकर जीवन जीना होगा।उन्होने कहा कि हम सब एक रहेंगे तो सनातन मजबूत होगा और अगर हम बटेंगे. तो सनातन टूटेगा और जब सनातन टूटेगा तो देश टूटेगा देश की अखंडता को बनाए रखने के लिए गीता को अपने जीवन का सर बनाना बहुत जरूरी है। आज के जीवन में पवित्र गीता की सार्थकता को जीवन में लाना अपने आप को तमाम पापों से मुक्त करना है तथा कर्म करने की ओर अग्रसर करना है। कल्कि निष्कलंक दल के राष्ट्रीय संयोजक कुलदीप गुप्ता ने मंच को सुशोभित किया। राष्ट्रीय संयोजक एवं रामलीला कमेटी के प्रबंधक वैभव गुप्ता ने मंच को सुशोभित किया और अपने विचार प्रकट करते हुए गीता में अपना विश्वास व्यक्त किया और अपने जीवन को गीता के प्रति समर्पित करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डा. अरविंद गुप्ता ने की। संचालन रामलीला कमेटी के अध्यक्ष अनंत अग्रवाल ने किया। जबकि अमित पवार, अजय शर्मा, पंडित अजय शुक्ला, संजीव कुमार शर्मा, विष्णु श्रीमाली,राजीव श्रीमाली,राजेश छाबड़ा, सुभाष मोंगिया, अभिषेक गुप्ता, पंकज सांख्यध,वंश ठाकुर मनीष भटनागर, सीमा आर्य, बबीता भारद्वाज, नीलम वार्ष्णेय, नितिन गुप्ता कल्कि, राजकुमार गुरु, प्रभाकर शुक्ला, संजीव शुक्ला, दुष्यंत मिश्रा भरत मिश्रा आदि मौजूद रहे।





सम्भल- कल्कि संवाद कार्यक्रम में बोलते डा. अरविंद गुप्ता।

## भीम आर्मी की बैठक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** भीम आर्मी, व आजाद समाज पार्टी काशीराम के पदाधिकारी व कार्यकर्ता की बैठक में 17 नवम्बर को भीम आर्मी के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनय रतन सिंह कर कुरकवाली प्रतिभा रिसोर्ट सम्भल में होने वाले कार्यक्रम सफल बनाने और मौजूद रहने के निर्देश दिए गए।

# गैस सिलेंडर में लगी आग, फायर ब्रिगेड ने समय रहते बुझाई, बड़ी दुर्घटना टली

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** शहर के करूला क्षेत्र के मोहल्ला इस्लामनगर में उस समय हड़कंप मच गया जब एक मकान के किचन में रखे घरेलू गैस सिलेंडर में अचानक आग लग गई। यह घटना रिजवान पुत्र सुलेमान के मकान की बताई जा रही है। आग लगने की सूचना मिलते ही आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। लोगों ने तुरंत फायर ब्रिगेड को सूचना दी, जिसके बाद दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया।जानकारी के अनुसार, घटना रविवार की रात की है जब परिवार के सदस्य रसोई में खाना बनाने की तैयारी कर रहे थे। उसी दौरान अचानक गैस पाइप में रिसाव होने से आग भड़क उठी



और कुछ ही मिनटों में रसोई धुएं से भर गई। मकान मालिक रिजवान ने समझदारी दिखाते हुए परिवार के सभी सदस्यों को बाहर सुरक्षित निकाल लिया। आसपास के लोगों ने भी तुरंत पानी डालकर आग को फैलने से रोकने की कोशिश की।सूचना पर फायर स्टेशन से फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंची।

फायरमैनों ने तत्परता दिखाते हुए आग को पूरी तरह बुझा दिया। दमकल विभाग के अधिकारियों ने बताया कि यदि आग कुछ देर और फैलती तो सिलेंडर फटने से बड़ी घटना हो सकती थी, लेकिन समय रहते आग पर नियंत्रण पा लिया गया।गनीमत रही कि इस हादसे में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। हालांकि, रसोई में रखा कुछ घरेलू सामान जलकर खाक हो गया।

मौके पर मौजूद लोगों ने दमकलकर्मियों की तत्परता की सराहना की और राहत की सांस ली कि कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ।फायर ब्रिगेड अधिकारियों ने घटना के बाद लोगों को गैस सिलेंडर के उपयोग में सावधानी बरतने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि सिलेंडर और रेगुलेटर की नियमित जांच करवानी चाहिए और किसी भी प्रकार की गैस की गंध आने पर तुरंत गैस सप्लाई बंद करके संबंधित एजेंसी को सूचना देनी चाहिए।

# नाबालिग से दुष्कर्म करने के आरोपी को सिविल लाइंस थाना पुलिस ने किया गिरफ्तार

**मुरादाबाद।** अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना सिविल लाइन्स पुलिस ने नाबा. लिग लड़की से दुष्कर्म करने वाले शातिर आरोपी को गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता हासिल की है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देशन में, पुलिस अधीक्षक नगर तथा क्षेत्राधिकारी सिविल लाइन्स के पर्यवेक्षण में यह कार्रवाई की गई।थाना सिविल लाइन्स क्षेत्र में बीती 8 नवंबर को नाबालिग पीड़िता के साथ दुष्कर्म की जघन्य घटना घटित हुई थी। इस संबंध में थाना सिविल लाइन्स पर अभियुक्त रेहान पुत्र नवाब अली निवासी करूला पीर का बाजार, बड़ी मस्जिद, थाना मझोला, जनपद मुरादाबाद के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कराया गया था।घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने त्वरित जांच प्रारंभ की पुलिस टीम ने सक्रियता दिखाते हुए सोमवार को आरोपी रेहान को गिरफ्तार



कर लिया। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने बताया कि नाबालिगों के साथ होने वाले अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस लगातार सख्त कार्रवाई कर रही है। इस प्रकार के जघन्य अपराधों में शामिल किसी भी अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा।

## एक नजर

### सफाई कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर स्थानीय निकाय सफाई मजदूर संघ ने सौंपा ज्ञापन



**मुरादाबाद।** स्थानीय निकाय सफाई मजदूर संघ (रजि.) की ओर से सोमवार को नगर निगम मुरादाबाद में सफाई कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं को लेकर 12 सूत्रीय मांगपत्र मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश शासन लखनऊ को संबोधित करते हुए नगर आयुक्त को सौंपा गया। इस दौरान नगर निगम परिसर में संघ के पदाधिकारी व सदस्य बड़ी संख्या में मौजूद रहे।संघ के प्रतिनिधिमंडल ने सफाई कर्मचारियों की वेतन विसंगतियों, स्थायीकरण, नियमित मानदेय भुगतान और कार्य परिस्थितियों में सुधार जैसी मांगों को प्रमुखता से उठाया।नगर आयुक्त ने ज्ञापन प्राप्त करते हुए संगठन को पूर्ण आश्वासन दिया कि सफाई कर्मचारियों की सभी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि आगामी माह में जब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मुरादाबाद के दौरे पर आएंगे, तो स्थानीय निकाय सफाई मजदूर संघ को उनके समक्ष अपनी समस्याएं सीधे रखने के लिए समय निर्धारित किया जाएगा। साथ ही नगर आयुक्त ने यह भी कहा कि वह स्वयं अपने स्तर से भी शासन से वार्ता कर इन समस्याओं के निस्तारण का प्रयास करेंगे।नगर आयुक्त ने कहा यह समस्याएं केवल सफाई कर्मचारियों की नहीं, बल्कि मेरी अपनी समस्याएं हैं। मैं इनके समाधान के लिए पूरी निष्ठा से प्रयास करूँगा। इस सकारात्मक प्रतिक्रिया पर संगठन के पदाधिकारियों ने नगर आयुक्त का आभार व्यक्त किया और विश्वास जताया कि अब कर्मचारियों की पुरानी मांगों का समाधान शीघ्र होगा।इस अवसर पर संघ के प्रदेश अध्यक्ष ओमिलाल वाल्मीकि, जिला अध्यक्ष नीरज पाराशर, प्रदेश मंत्री मुरारी लाल, महामंत्री धर्मेंद्र मुल्तानी सहित अन्य पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में सफाई कर्मचारी उपस्थित रहे।

### रितु गोयल को मिला जायंट्स श्री अवॉर्ड



**चन्दौसी।** जायंट्स वेलफेयर फाउंडेशन के फेडरेशन वार्षिक अधिवेशन में जायंट्स महिला शक्ति चंदौसी की अध्यक्ष रितु गोयल को संगठन के सर्वोच्च सम्मान 'जायंट्स श्री' से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें समाजसेवा और जनकल्याण के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रदान किया गया। सम्मान प्राप्त करने के उपरांत रितु गोयल ने कहा कि 'जब व्यक्ति निस्वार्थ भाव से समाज के लिए कार्य करता है, तभी सच्चे अर्थों में विकास संभव होता है। हमें सामूहिक रूप से समाज के हित में आगे आना चाहिए ताकि हर व्यक्ति के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया जा सके।' इस अवसर पर फेडरेशन अध्यक्ष उमेश अग्रवाल, फेडरेशन उपाध्यक्ष अनु रस्तोगी, यूनिट निदेशक क्षमा अग्रवाल, प्रशासनिक निदेशिका कविता अग्रवाल, वित्त निर्देशिका रागिनी अग्रवाल, गार्गी अग्रवाल, मीना वार्ष्णेय, मृदुला अग्रवाल, और कविता रुस्तगी सहित कई गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम में रितु गोयल के सम्मान पर उपस्थित सभी सदस्यों ने उन्हें बधाई दी और उनके समाजसेवी कार्यों की सराहना की।

### 13 दिसम्बर को आयोजित होगी राष्ट्रीय लोक अदालत

**चन्दौसी ( शाह टाइम्स संवाददाता )।** माननीय राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के आदेशानुसार एवं माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जनपद सन्मल डॉ विदुषी सिंह के निर्देशन में जनपद न्यायालय सम्भल में 13 दिसंबर 2025 (शनिवार) को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। इस लोक अदालत में आपराधिक कंपाउंडेबल प्रकरण, दीवानी वाद, मोटर दुर्घटना दावा प्राधिकरण, पारिवारिक विवाद, बैंक वसूली, बिजली-पानी बिल, श्रम प्रकरण, भूमि एवं अन्य वादों का निस्तारण आपसी सुलह-समझौते के माध्यम से किया जायेगा। लोक अदालत में मामलों का निस्तारण आपसी सहमति से किया जाता है, जिससे पक्षकारों के समय व धन दोनों की बचत होती है। लोक अदालत में पारित निर्णय अंतिम होता है तथा उसके विरुद्ध अपील का अधिकार नहीं होता है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा सभी नागरिकों से अनुरोध है कि वे अपने लम्बित प्रकरणों को लोक अदालत में प्रस्तुत कर, आपसी समझौते से सुलझाकर न्याय प्राप्त करें। लोक अदालत के माध्यम से सस्ता, सुलभ और त्वरित न्याय प्राप्त करने का यह सुनहरा अवसर है। यह जानकारी अवधेश कुमार सिंह, नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट), सम्भल स्थित चन्दौसी द्वारा दी गयी।

# जिला बदर को पुलिस ने चरस के साथ किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देश पर अपराध और अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना सिविल लाइंस पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने जिला बदर चल रहे अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से भारी मात्रा में नाजायज चरस बरामद की है।जानकारी के अनुसार, पुलिस अधीक्षक नगर कुमार रणविजय सिंह के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी सिविल लाइंस के निकट पर्यवेक्षण में थाना सिविल लाइंस पुलिस टीम ने सोनकपुर पुल के नीचे से जिला बदर अभियुक्त मनोज उर्फ ढोलू पुत्र मान सिंह निवासी आदर्श कॉलोनी थाना सिविल लाइंस जनपद मुरादाबाद को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, मनोज उर्फ ढोलू जिला बदर की अवधि पूरी होने से पहले ही जनपद की सीमा में अवैध रूप से घूम रहा था। तलाशी के दौरान अभियुक्त के कब्जे से 1142 ग्राम नाजायज चरस बरामद हुई।बरामद चरस के संबंध में थाना सिविल लाइंस पर एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही



है। पुलिस ने बताया कि अभियुक्त लंबे समय से नशे के कारोबार में सक्रिय था और क्षेत्र में युवाओं को चरस की आपूर्ति करता था।

थाना प्रभारी सिविल लाइंस ने बताया कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में लगातार ऐसे अपराधियों पर कड़ी नजर रखी जा रही है, जो जनपद की शांति व्यवस्था के लिए खतरा बन सकते हैं। उन्होंने कहा कि अपराध और नशे के अवैध कारोबार में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

# छात्रा सड़क पर बेहोश होकर गिरी, यातायात पुलिस ने दिखाई मानवता, फर्स्ट एड देकर कराया जिला अस्पताल में भर्ती

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** मानवीय संवे. दनाओं की मिसाल पेश करते हुए यातायात पुलिसकर्मियों ने एक छात्रा की जान बचाई। जिला अस्पताल के सामने ड्यूटी पर तैनात यातायात पुलिस कर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए बेहोश होकर सड़क पर गिरी छात्रा को तुरंत प्राथमिक उपचार दिया और जिला अस्पताल में भर्ती कराया। समय पर की गई इस कार्रवाई से छात्रा की जान बच गई। जानकारी के अनुसार, जिला अस्पताल के सामने यातायात व्यवस्था संभालने में लगे मुख्य आरक्षी राजपाल, आरक्षी नितिन कुमार, आरक्षी कौशल कुमार और होमगार्ड इकरार अली अपनी ड्यूटी पर मौजूद थे। इसी दौरान एक किशोरी अचानक सड़क पर बेहोश होकर गिर पड़ी। पुलिसकर्मियों ने बिना देर किए तत्परता दिखाते हुए छात्रा को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया और फर्स्ट एड दी। इसके बाद उसे तत्काल जिला अस्पताल के इमरज. ेंसी वार्ड में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने उसका उपचार शुरू किया।छात्रा के पास मिले स्कूली



बैग में रखे आई-कार्ड से उसकी पहचान हुई। आई-कार्ड पर दर्ज मोबाइल नंबर से संपर्क कर पुलिस ने उसके पिता को घटना की सूचना दी, जिसके बाद वह अस्पताल पहुंचे। डॉक्टरों के अनुसार, छात्रा को चक्कर आने से बेहोशी आई थी और अब वह पूरी तरह सुरक्षित है।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने यातायात पुलिसकर्मियों की सराहना की और कहा कि ऐसे मानवीय कार्य पुलिस की संवे. दनशीलता और जनता के प्रति समर्पण का उदाहरण हैं।

उन्होंने बताया कि यातायात माह के दौरान जहां एक ओर नियमों के पालन के लिए लोगों को जागरूक किया जा रहा है, वहीं पुलिसकर्मी जरूरतमंदों की सहायता में भी आगे आ रहे हैं।छात्रा के परिवार ने यातायात पुलिस का आभार जताते हुए कहा कि अगर समय पर पुलिसकर्मी मदद न करते, तो बड़ा हादसा हो सकता था। पुलिसकर्मियों की सतर्कता और संवेदनशीलता से न केवल एक जीवन सुरक्षित हुआ, बल्कि मानवता की मिसाल भी कायम हुई।

## कैथल गेट पर जाम बना आम समस्या

**चन्दौसी।** नगर के कैथल गेट क्षेत्र में जाम लगना अब आम बात बन गई है। दिनभर राहगीर, स्कूल वाहन, ई-रिक्शा और चारपहिया वाहनों को जाम से जूझना पड़ता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में बढ़ते अतिक्रमण और दुकानदारों द्वारा सड़क पर सामान फैलाने से मार्ग और भी संकरा हो गया है, जिससे आए दिन आवागमन बाधित रहता है। सुबह और शाम के व्यस्त समय में तो हालात इतने बिगड़ जाते हैं कि वाहनों की लंबी कतारें लग जाती हैं। स्कूली बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएं जाम में फंसकर घंटों तक परेशान रहती हैं। राहगीरों ने बताया कि कई दुकानदार फुटपाथ और सड़क के हिस्से तक अपना सामान रख लेते हैं, स्थानीय निवासियों ने नगरपा. लिका प्रशासन से मांग की है कि क्षेत्र में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाकर सड़क को पूरी तरह से खाली कराया जाए, ताकि लोगों को जाम की समस्या से राहत मिल सके।

# टिमिट कॉलेज में एमबीए के छात्रों के लिए कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** टिमिट-कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट में एक अत्यंत प्रेरक एक्सपर्ट टॉक माय फर्स्ट पे चेक द जर्नी बिगिंस का आयोजन किया गया। इस सत्र का उद्देश्य एमबीए छात्रों को प्रथम नौकरी, करियर के शुरुआती संघर्ष, कॉरपोरेट संस्कृति एवं आर्थिक अनुशासन के महत्व से अवगत कराना था। कार्यक्रम में विशिष्ट वक्ताओं के रूप में श्री ललित शर्मा, एवीपी एवं जोनल मैनेजर, आदित्य बिड़ला सन लाइफ एएमसी लिमिटेड, तथा श्री शरद शर्मा, पूर्व मुख्य महाप्रबंधक, सेबी, उपस्थित रहे जिन्होंने अपने समृद्ध अनुभवों के आधार पर छात्रों को जीवन एवं करियर की वास्तविकताओं पर विस्तृत मार्गदर्शन दिया। श्री ललित शर्मा ने कहा कि "पहला पे-चेक केवल वेतन का





दस्तावेज नहीं, बल्कि यह स्वयं पर विश्वास, कठिन परिश्रम और आत्मनिर्भरता की पहली आधिकारिक पहचान है। करियर में निरंतर सीखना, समय का सम्मान और सही वित्तीय प्रबंधन ही व्यक्ति को लंबे समय तक सफल बनाते हैं। वहीं श्री शरद शर्मा ने अपने प्रखर विचार रखते हुए कहा कि "कॉरपोरेट दुनिया में ईमानदारी, धैर्य और नई चुनौतियों को स्वीकार करने की क्षमता ही व्यक्ति को शीर्ष तक ले जाती है।

पहला पे-चेक इस बात का प्रमाण है कि आपकी मेहनत और आपकी क्षमता को स्वीकार किया जा रहा है। वक्ताओं के इन अनुभवपूर्ण वक्तव्यों ने छात्रों में नई ऊर्जा, सकारात्मकता और करियर के प्रति स्पष्टता विकसित की। कार्यक्रम के अंत में टिमिट के डीन, डॉ. विपिन जैन ने अपने प्रेरक उद्बोधन में कहा कि "पहला पे-चेक जीवन की यात्रा का वह पड़ाव है जहाँ संघर्ष, अनुशासन और सपनों का मेल दिखाई देता है। टिमिट का उद्देश्य छात्रों को केवल शिक्षा देना नहीं बल्कि उन्हें ऐसे व्यावहारिक अनुभवों से जोड़ना है जो उन्हें जीवन में सशक्त और भविष्य के लिए तैयार बनाएं।" डॉ. जैन ने विशिष्ट अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि "ऐसे कार्यक्रम छात्रों में आत्मविश्वास, लक्ष्य-स्पष्टता और कैरियर उन्मुख दृष्टिकोण विकसित करते हैं। कार्यक्रम के समापन पर छात्रों ने कहा कि यह सत्र उनके लिए अत्यंत प्रेरणादायक रहा, जिसने उन्हें अपने करियर को लेकर अधिक उत्साहित, जागरूक और उद्देश्यपूर्ण बनाया। छात्रों ने यह भी महसूस किया कि पहली कमाई केवल आय नहीं बल्कि जीवन में आगे बढ़ने का मनोबल है।

# इमामुद्दीन डिग्री कॉलेज में इस्लामिक जलसे का हुआ आयोजन





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुंदरकी।** नगर की के प्रसिद्ध समाजसेवी एवं इमामुद्दीन डिग्री कॉलेज के संस्थापक हाजी शरीफुद्दीन पाशा उर्फ बाबू वकील के चालीसवे के सिलसिले मे इमामुद्दीन डिग्री कॉलेज में एक इस्लामिक जलसे का आयोजन किया गया, जो शांतिपूर्ण तथा व्यवस्थित रहा , जलसे मै उलमा ए इकराम ने समाज के सुधार तथा इसलाह के बयान किए, मुख्य वक्ता मुफ्ती अय्यूब साहब प्रिंसिपल जामिया नईमिया मुरादाबाद ने खिताब करते हुए कहा कि हमें अपनी मौत को याद रखना चाहिए , दुनिया आखिरत की खेती है, शिक्षा हासिल करना जरूरी है, साथ में हाजी साहब की खूबियों को भी बयान किया ,मुफ्ती नईम ने अपने बयान में फुजूल खर्ची से बचने की नसीहत की शादी को महंगा करने से रोकने पर जोर दिया, मौलाना सैयद गुलाम रब्बानी अलीग ने भी अपने बयान में समाज को सुधारने पर जोर दिया, निजामत के फ्राइज कमर अली ने अदा किए , आखघ्रि मैं मुफ्ती अय्यूब साहब ने मुल्क व मिल्लत के लिए तरक्की की दुआ कि इस मौके पर मुफ्ती ताहिर उल कादरी कारी अकरम रजा मौलाना तालिब हुसैन हाफिज साबिर हुसैन हाफिज आजम हाफिज मेंहदी हसन हाफिज हाफिज शब्बीर के अलावा बहुत सारे उलेमा हजरत ने इस्लाही तकरीर की। इस दौरान बड़ी संख्या में सामाजिक शैक्षिक राजनीतिक एवं धर्मगुरुओं ने अपने शोक संदेश ओर खिराजे ए अकीदत देने पहुंचे जिसमें तीर्थंकर महावीर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति सुरेश जैन विधान परिषद सदस्य जयपाल सिंह व्यस्त बिलारी विधायक फहीम इरफान कुंदरकी विधायक ठाकुर रामवीर सिंह के प्रति. निधि विक्की ठाकुर मुरादाबाद बार एसोसिएशन के अध्यक्ष आनंद मोहन गुप्ता सचिव अंजार हुसैन पाशा हाजी मोहम्मद उस्मान कुंदरकी के ब्लॉक प्रमुख गुलाम जिलानी आजाद समाज पार्टी के मंडल प्रभारी पुष्पेंद्र राना रमेश कुमार गंधर्व आसपा जिला अध्यक्ष जिला अध्यक्ष सुमित कुमार मर्चेंट नेवी ऑफिसर प्रख्यात युटुबर रिहान अशरफ सपा के शिक्षक एमएलसी प्रत्याशी दानिश अख्तर भाजपा शिक्षक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष अमर सिंह सैनी भाजपा नेता उमंग ठाकुर पीयूष कुमार पूर्व बसपा विधानसभा अध्यक्ष छत्रपाल सिंह सपा नेता फराज मोहम्मद बिलारी बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष अफाक हुसैन डॉ तारिक अली डॉ मोहम्मद हसन डॉ फिरोज खान बिलारी अंबेडकर संघ के अध्यक्ष डॉ कुंवर सिंह पूर्व जिला पंचायत सदस्य फतेह सिंह आदि उपस्थित रहे।

## घर-घर जाकर बीएलओ के साथ किया फार्म वितरण

**चन्दौसी।** सोमवार को संभल के बूथ संख्या 307, मोहल्ला बदायूं दरवा. जा, सेक्टर आचार्य मुक्तेश, हकीम राइस, सरस्वती इंटर कॉलेज, मंडल हयात नगर, जिला सम्भल में चल रहे मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत घर-घर जाकर फॉर्म वितरण कार्य किया गया। इस अभियान में बीएलओ संजय कुमार के साथ भाजपा के सेक्टर संयोजक एवं निवर्तमान भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष सैयद शान अली ने सक्रिय रूप से भाग लिया। उन्होंने घर-घर जाकर नागरिकों से अपने नाम, पते एवं विवरण की जांच कर आवश्यक संशोधन कराने की अपील की। अभियान के दौरान वार्ड सभासद पति आजम कुरैशी, शारुखघ्‍ खान, फारूक खान, शाहनवाज शेख, राजू, मुन्ना खान, रिजवान अब्बासी, नाजिघ्म खान, तथा यामीन खान सहित अनेक बूथ पदाधिकारी उपस्थित रहे और उन्होंने बीएलओ के साथ मिलकर अभियान को सफल बनाने में सहयोग किया।

इस अवसर पर सैयद शान अली ने कहा कि मतदाता सूची की शुद्धता लोकतंत्र की नींव है, अतः प्रत्येक नागरिक को इसमें अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए ताकि कोई भी पात्र मतदाता मतदान के अधिकार से वंचित न रह जाए।

**न्यायालय श्रीमान सिविल जज ( जू०डि० ) महोदय मुरादाबाद।**
**तारीख पेशी:** 27.11.2025
**उत्तरा० वाद सं०:**132 सन् 2025
**काशाना मसरूर बनाम वसीम मसरूर खान**

काशाना मसरूर आयु लगभग 44 वर्ष पुत्री स्व. मसरूर अली खान निवासी दीवान का बाजार कटरा बशीधर थाना नागफनी शहर व जिला मुरादाबाद।

**बनाम**

1. वसीम मसरूर खान पुत्र स्व. मसरूर अली खान निवासी दीवान का बाजार कटरा वंशीधर थाना नागफनी शहर व जिला मुरादाबाद आदि।
2. **नता आम-विपक्षीगण।**

इश्तहार मजरिया अदालत सिविल जज (जू.डि.) मुकाम मुरादाबाद दरख्वास्त मुसम्मा काशाना मसरूर हुसूल सार्टीफिकेट बसूल कर कर्जा व किफायत हाय यापतनी मुसम्मा काशाना मसरूर मुसबफा मसरूर अली खान अपने मजिब एक्ट 7 सन् 1878 ई. बकत रू.12,000/- हरगाह मुसम्मा काशाना मसरूर ने दरख्वास्त हूसूल सार्टीफिकेट गुजरानी हैं और तारीख 27 मास 11 सन् 2025 ई. बास्ते समाअत दरख्वास्त के मुकर्रर हुई हैं कि लिहाजा और इश्तहार जारी किया हैं कि जिस किसी को निस्तबत दरख्वास्त उत्तराधिकार के उज्र हो या असालत या बकालतन बक्त 10 बजे सुबह अदालत सिविल जज (जू.डि.) मुकाम मुरादाबाद में तारीख मुकर्रह हाजिर होकर उज्र अपना पेश करें। दर सूरत इनकजाय तारीख मजकूर के फिर उन किसी का सुना न और हुक्म मुनासिब निस्बत मजकूर दरख्वास्त के सादिर होगा।

**प्रबंधक**
**न्यायालय सिविल जज ( जू०डि० ), मुरादाबाद।**

न्यायालय श्रीमान अपर सिविल जज (सी०डि०) कोर्ट नं0 1. मुरादाबाद।
**मूलवाद संख्या:** 642 सन् 2004
**तारीख पेशी:** 17.11.2025
**राकेश गुप्ता आदि बनाम नन्हें सिंह आदि।**

1. श्रीमति मोहिनी बजाज विधवा स्व० अमृत लाल बजाज, 2. आकाश बजाज), 3. आयूष बजाज पुत्रगण स्व० अमृत लाल बजाज निवासीगण मौहल्ला कोठीवालान, मुरादाबाद।

हरगाह **वादीगण** ने आपके नाम एक नालिश बाबत स्पेसिफिक परफार्मेन्स की डिक्री हेतु योजित किया है। लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 17 माह 11 सन् 2025 को समय प्रात: 10.00 बजे असालतन या मार्फत वकील के जो मुकदमे के हालात से वाकिफ किया गया हो और जो कुल अमूरात अहम मुताल्लिक मुकदमा का जवाब दे सके या, हाजिर हो और जवाब देही दावे की करें और आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश करें, जिस पर आप बताईद अपनी जवाब देही के इस्तदलाल करना चाहते हों। लिहाजा आपको इत्तला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे, तो मुकदमा आपकी गैर हाजिरी में सुना व फैसला होगा। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर सहित आज दि. 10.11.2025 को जारी किया गया।

**प्रबंधक**
**अपर सिविल जज ( सी0डि0 ) प्रथम, जनपद-मुरादाबाद।**

# नशेड़ियों के लिए बुरी खबर, पुलिस अब जंगलों की सड़कों पर भी रखेगी नजर





**कांठ( शाह टाइम्स )** बढ़ रही नशे की पृवत्ति के कारण अब नशेड़ियों ने जंगल के रास्तों और गन्ने के खेतों की ओर रुख किया है नशेडी दूरदराज के सुनसान रास्तों के आसपास बैठे देखे जाने लगे हैं और गन्ने के खेतों में बैठकर अपनी लत को शांत करने की कोशिश कर रहे हैं। लेकिन इससे किसानों को खतरा पैदा हो गया है।

बतादे की नशा करने के बाद तो नशेड़ी शांत हो जाते हैं लेकिन नशा करने से पहले उनका स्वभाव आक्रामक रहता है उस वक्त यदि कोई इकला दुकला आदमी उन्हें टोकता है तो वह उस पर हमला कर देते हैं।

पुलिस ने अब इस और भी संज्ञान लिया है आज पुलिस ने पेली बिश्नोई रेलवे फाटक से खड़ंजा होते हुए नहर मार्ग द्वारा नवादा आने वाली सड़कों पर गस्त की बताया गया कि अब पुलिस सुनसान सड़कों पर भी इन नशेड़ियों के प्रति कार्रवाई करने के लिए निकलेगी अभी पुलिस ने आशापुर कॉलोनी के आसपास गन्ने के खेतों में भी कम्बिंग की है। कुल मिलाकर पुलिस द्वारा उठाया गया यह कदम नशेड़ियों के लिए मुसीबत बनने वाला है।

# फूलवती हत्याकांड का डेढ़ माह बाद भी पुलिस नहीं कर पाई खुलासा

**ठाकुरद्वारा।** 62 वर्षीय फूलवती हत्याकांड का कोतवाली पुलिस करीब 50 दिन बाद भी खुलासा नही कर पायी। जिससे मृतिका के परिजनो में पुलिस की कार्यप्रणाली को लेकर आक्रोश व्याप्त है। बतादें कि कोतवाली क्षेत्र के के गांव माधोवाला निवासी 62 वर्षीय फूलवती 23 सितम्बर 2023 को अपने गांव से ठाकुरद्वारा में रह रहे अपने बेटे तरुण चौहान के घर जाने के लिए निकली थी । लेकिन वह बेटे के घर नहीं पहुंची । तभी परिजनों ने वृद्ध महिला की तलाश शुरू कर दी। इसके बाद परिजनों ने पुलिस को तहरीर दी । पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर महिला की तलाश नहीं की । पांच दिन बाद क्षेत्र के गांव कमलापुरी निवासी तेजवीर सिंह अपने खेत पर लगे ट्यूबवेल के पास जा रहे थे इसी दौरान उनको वहां पर बदबू आई । कुछ दूर जाने के बाद देखा की नहर के किनारे एक महिला का शव पडा होने की सूचना ग्रामीण को दी । सूचना पर महिला के पति और बेटा तरुण चौहान व दर्जनों ग्रामीण मोके पर पहुंच कर पहचान की। जहां पर परिजनों और ग्रामीणों ने पुलिस को देख पुलिस के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी थी । ग्रामीण महिला शव को लेकर हाईवे पर स्थित गांव रामूवाला चौराहा पर रख महिला के हत्यारो को गिरफ्तार करने की मांग को लेकर हंगामा शुरू कर दिया था। एसपी ग्रामीण कुंवर आकाश पाल सिंह के आश्वास पर परिजनो और ग्रामीणों जाम खेल दिया था। इसके बाद वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने ठाकुरद्वारा पहुंचकर फूलवती हत्याकांड का जल्द ही खुलासा करने का परिजनो और ग्रामीणों का आश्वासन दिया था। लेकिन एसएसपी के आदेश के बाद भी कोतवाली पुलिस लगभग 50 दिन फूलवती हत्याकांड के बीत जाने के बाद खुलासा करना तो दूर लगता है सुराग भी नही जुटा सकी। इसको लेकर ग्रामीणों और मृतिका के परिजनों आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों का कहना है कि फूलवती हत्याकांड का खुलासा करने में कोतवाली पुलिस नाकाम साबित हो रही है। इससे ग्रामीणों और परिजनों को पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान लगा रहे है।

# हावर्ड कॉन्वेंट स्कूल में स्पोर्ट्स फेस्ट का शुभारंभ




**कांठ ( शाह टाइम्स )।** हॉवर्ड कॉन्वेंट स्कूल गढ़ी मे पांच दिवसीय स्पोर्ट फेस्ट का शुभारंभ शारीरिक शिक्षक सचिन बिश्नोई एवं विद्यालय शिक्षिका श्रीमती नीतू चौधरी के संच. ालन में किया गया। स्पोर्ट फेस्ट के अंतर्गत प्रथम दिन विद्यालय द्वारा अनेक प्रकार के खेलों का आयोजन किया गया जिसमें कक्षा नर्सरी से कक्षा 2 तक के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर अपनी प्रतिभाग करते हुए अपनी कलाओं का प्रदर्शन किया।

पांच दिवसीय स्पोर्ट फेस्ट के अंतर्गत हॉवर्ड कान्वेंट स्कूल द्वारा प्रथम दिन आयोजित खेलों के अंतर्गत हडल रेस, फ्रूट रेस, थ्रो एंड कैच, किक बॉल इन टू द नेट, फ्रॉग रेस, स्पून रेस, क्रॉस द टनल, कलेक्ट द सेम कलर ऑब्जेक्ट, जैसे मनोरंजक खेलों का आयोजन किया गया जिसमें कक्षा नर्सरी से कक्षा 2 तक के छात्रों ने सभी खेलों में अपना मनोरंजक एवं उत्साह वर्धक एवं उत्कृष्ट कला प्रदर्शन किया। विद्यालय प्रबंधक दीपेश सिंह एवं प्रधानाचार्या श्रीमती रेनू बिश्नोई ने कार्यक्रम का आगाज खेलों के महत्व को बताते हुए किया। श्रीमती रेनू बिश्नोई ने कहा कि ष्एक स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क निवास करता हैष्अतः हमारे जीवन में खेलों का बहुत बड़ा महत्व है और खेलों के कारण ही हम अपने शरीर को स्वस्थ एवं मस्तिष्क को बलशाली बना सकते हैं। खेलों को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा, समस्त शिक्षक गण उपस्थित रहे।

# चोरी के इरादे से घूम रहे दो लोगों को किया गिरफ्तार, हथियार बरामद

**बिलारी।** क्षेत्र के गांव नूरुद्दीनपुर उर्फ गंज में चोरी के इरादे से आए दो लोगों को पुलिस ने ग्रामीणों की सूचना के बाद गिरफ्तार किया। उनके पास तमंचे और कारतूस भी बरामद हुए, वह लूट की योजना बना रहे थे।इस मामले में दोनों आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। दरोगा जितेंद्र कुमार को सूचना मिली कि नूरुद्दीनपुर उर्फ गंज में अजय वीर पुत्र महीपाल के घर के पास कुछ बदमाश बैठे हुए हैं, लिहाजा मौके पर पुलिस बल के साथ पहुंचे तो पुलिस ने मुरादाबाद के थाना सिविल लाइन के गांव काजीपुरा के रहने वाले नफीस पुत्र हनीफ मुरादाबाद के थाना सिविल लाइन के गांव चक्कर की मिलक के रहने वाले जुबेर पुत्र अफसर अली को गिरफ्तार किया, तलाशी लेने पर उनके पास 12 बोर का तमंचा कारतूस व एक के पास नाजायज चाकू बरामद हुआ। पकड़े गए आरोपियों पर मुकदमा दर्ज करके उन्हें जेल भेज दिया।

# निर्मल गंगा विषय पर आध्यात्मिक काव्य गोष्ठी आयोजित

## दिव्य गंगा सेवा मिशन के तत्वावधान में आस्थावानों को सौंपे गए नवीन दायित्व



चन्दौसी। दिव्य गंगा सेवा मिशन हरिद्वार के तत्वाधान में निर्मल गंगा विषय पर आध्यात्मिक काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें मां गंगा के प्रति आस्थावान लोगों को नवीन दायित्वों पर मनोनयन किया गया। सर्वप्रथम मां गंगा एवं मां शारदे के चित्र पर डॉ0 रीता सिंह, शिवेश्वर दत्त पाण्डेय एवं शिवशंकर शर्मा ने दीप प्रज्वलन किया, तत्पश्चात दिनेश दिल. कश ने माता शारदे और मुकेश दीक्षित ने मां गंगा पर वंदना प्रस्तुत की। कार्यक्रम आयोजक डॉ रीता सिंह ने सभी अतिथियों को पटका पहनाकर एवं शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया, साथ ही साथ आजीवन मां गंगा की सेवा करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर हरिद्वार से पधारे दिव्य गंगा सेवा मिशन के राष्ट्रीय संयोजक डॉ शिवेश्वर दत्त पाण्डेय ने कहा कि मां गंगा की स्वच्छता के लिए हमें सदैव प्रयासरत रहना चाहिए ताकि हम राष्ट्रधर्म का भलीभांति निर्वहन कर सकें।

मां गंगा के साथ ही हमारी संस्कृति बच सकेगी,हमारा अस्तित्व बचा रहेगा। दिव्य गंगा सेवा मिशन साहित्यिक प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय संयोजक अतुल कुमार शर्मा ने कहा कि साहित्य में वह शक्ति है जिसके माध्यम से सामाजिक कुरीतियों को दूर किया जा सकता है और समाज में महत्वपूर्ण परिवर्तन कराए जा सकते हैं। इसलिए सभी कलमकारों को चाहिए कि वे मां गंगा के संरक्षण और उसकी सुन्दरता को बनाए रखने हेतु अपनी लेखनी को सक्रिय बनाए रखें। मिशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ज्ञानप्रकाश उपाध्याय ने बताया कि शीघ्र ही जनपद सम्भल में भी मां गंगा के संरक्षण हेतु जनजागृति कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर दिव्य गंगा सेवा मिशन की ओर से मुकेश दीक्षित को साहित्यिक प्रकोष्ठ का प्रदेश अध्यक्ष, डॉ रीता सिंह को महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश उपाध्यक्ष, एवं दिनेश पाल सिंह दिलकश को जनपद सम्भल के जिलाध्यक्ष पद हेतु मनोनयन किया गया। कार्यक्रम में डॉ रीता सिंह, सुनीता शंखवार, मनीषा गौतम, इंदिरा त्यागी, राजवीर सिंह राज, अवधेश कुमार विद्यार्थी, रमेशचंद मिश्रा, दीपक गोस्वामी, चिराग विष्णु असावा, सीमा शर्मा, मंजरी, शबनव शर्मा, गरिमा उपाध्याय आदि ने दिव्य गंगा सेवा मिशन की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर शिवशंकर शर्मा, ज्ञानप्रकाश उपाध्याय, अतुल कुमार शर्मा, मुकेश दीक्षित शिवाँश, दिनेश पाल सिंह दिलकश, मुकेश कुमार दीक्षित, डॉ रीता सिंह, मनीषा गौतम, नीलम वार्ष्णेय आदि लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिवेश्वर दत्त पाण्डेय ने एवं संचालन ज्ञान प्रकाश उपाध्याय ने किया।

# डीएसएम में जनपद स्तरीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता



**कांठ ( शाह टाइम्स )।** डी एस एम इंटर कॉलेज कांठ में जनपद स्तरीय एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम के अंतर्गत युग्मित राज्यों अरुणाचल प्रदेश व मेघालय पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें डी एस एम इंटर कॉलेज कांठ के अलावा बिहारी आदर्श कन्या इंटर कॉलेज, श्री कृष्णा इंटर कॉलेज पाठगी ,पब्लिक इंटर कॉलेज पट्टीमोडा ,कैसर जहां कयामुद्दीन इंटर कॉलेज, साहू ब्रज रतन अग्रवाल इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता की मुख्य अतिथि बिहारी आदर्श कन्या इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य डॉक्टर अंजना शर्मा रही।

शुभारंभ डॉक्टर अंजना शर्मा डीएसएम इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉक्टर कुमार देव अवस्थी तथा पब्लिक इंटर कॉलेज पट्टी मोडा के प्रधानाचार्य दानवीर चौहान के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान डीएसएम इंटर कॉलेज कांठ के छात्र प्रिंस ने प्राप्त किया तथा दूसरा स्थान तनु श्री कृष्णा इंटर कॉलेज पाठँगी तृतीय स्थान तनिष्क पब्लिक इंटर कॉलेज पट्टी मोडा द्वारा प्राप्त किया गया। डी एस एम कॉलेज के प्रधानाचार्य ने बिजेता छात्र-छात्राओं को ट्रॉफी एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। प्रतियोगिता को संपन्न कराने में जेनो वर्मा ,गौरव वर्मा बबलू तथा राम अचल का योगदान रहा। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में हरिनाथ यादव श्री कृष्णा इंटर कॉलेज पाठँगी ,नेहा बिश्नोई साहू ब्रज रतन विद्या मंदिर तथा राजबाला देवी बिहारी आदर्श कन्या इंटर कॉलेज शामिल रही।

# हमला करके घायल करने के मामले में पुलिस ने किया गिरफ्तार

**बिलारी।** क्षेत्र के गांव खाबरी अब्बल के रहने वाले राजेश पुत्र छुट्टन ने कोतवाली में गांव के ही पप्पू पुत्र ओमप्रकाश पर मुकदमा दर्ज कराया कि पप्पू व उसके साथ के लोग उसके भाई व परिवार के लोगों को मारपीट करने के लिए घर में घुस आए और जान से मारने की नीयत से डंडों से प्रहार किया, बाद में आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। इस मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी पप्पू को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया।

## एक नजर

# ब्लाक स्तरीय विज्ञान गणित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई ब्लाक संसाधन केंद्र नेकपुर पर



**ठाकुरद्वारा।** खंड शिक्षा अधिकारी मोहित कुमार विकास खंड भगतपुर टांडा के मार्गदर्शन में बीआरसी केंद्र नेकपुर पर आज ब्लाक स्तरीय विज्ञान और गणित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें कि विकास खंड भगतपुर टांडा क्षेत्र के सभी उच्च प्राथमिक विद्यालयों के 102 छात्र छात्राओं ने भाग लिया।तथा इस मौके पर प्रतियोगिता परीक्षा में पच्चीस प्रश्नों का एक प्रशन पत्र छात्र छात्राओं को दिया गया तथा समय अनुसार ग्यारह बजे परिक्षा शुरू करा दी गई तथा एक घंटे का समय दिया गया तथा समय पूरा होते ही उत्तर माला को जमा कर लिया गया उसके बाद उनको चयनित अध्यापकों के द्वारा चौक किया गया तथा सही उत्तरों पर नंवर दिए गए , उसके बाद उन सभी में से सबसे अधिक अंक लाने बाले पच्चीस छात्र छात्राओं को चिंहित किया गया और उसके बाद उन चयनित पच्चीस छात्र छात्राओं को पांच ग्रुपों में बांटा गया और फिर से उन पांचों ग्रुपो में प्रतियोगिता कराई गई जिसमें टॉप 10 छात्र जूनियर हाई स्कूल बहुरनपुर कला से अना. मिका व कनिष्क कश्यप, जूनियर हाई स्कूल वीरपुर से संजना ,जूनियर हाई स्कूल पदिया नगला से अंशिका व अक्ष जूनियर हाई स्कूल सिरसागढ़ से अहम व कल्पना, जूनियर हाई स्कूल डूंगरपुर से इस्तकार, जूनियर हाई स्कूल खवड़िया घाट से हैप्पी सिंह ,जूनियर हाई स्कूल जाहिदपुर से अलशिफा को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।

टॉप 25 में आने वाले छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र के साथ मेडल एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया एवं प्रतियोगिता में प्रतिभा करने वाले प्रत्येक प्रतिभागी को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। टॉप 10 छात्र जिला स्तर पर पांच छात्र मॉडल प्रतियोगिता एवं पांच छात्र आविष्कार/विज्ञान क्विज प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे । परीक्षा से लेकर प्रमाण पत्र वितरण तक पूर्ण सुचिता रखी गई। प्रतियोगिता खंड शिक्षा अधिकारी भगतपुर टांडा मोहित कुमार जी के मार्गदर्शन में एआरपी विनय कुमार ,नवनीत कुमार विश्नोई ,पारुल जैन , मौहम्मद तकी,बसीम राजा,विनय कुमार सिंह , श्रवण कुमार, सुभाष चन्द्र,,शमीम अहमद वेग,सतवीर सिंह,शोरभ प्रसून आदि के संचालन में आयोजित की गई।

# शांतिभंग के आरोप में चार गिरफ्तार



**ठाकुरद्वारा।** अलग अलग मारपीट में पुलिस ने चार आरोपितों को शांति भंग के आरोप में गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि कोतवाली क्षेत्र क गांव रामूवाला गनेश निवासी सचिन पुत्र बलवीर, नगर के मोहल्ला फतेउल्लागंज वाल्मीकि वस्ती निवासी दीपक कुमार पुत्र हीरालाल , हीरालाल पुत्र गुरदीन लाल , थाना डिलारी के गांव गक्खरपुर नि वासी सुहेल पुत्र शमशाद को अलग मारपीट करने पर शांति भंग के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने सोमवार को सभी आरोपितों का शांति भंग के आरोप में चालान कर एसडीएम न्यायालय में पेश किया।

# एनपीके खाद आने की सूचना पर किसानों में भगदड़, पुलिस ने पहुंचकर कराया शांतिपूर्वक वितरण

**ठाकुरद्वारा।** ग्राम गोपीवाला सहकारी समिति पर गुरुवार को एनपीके 12/32/16 खाद की खेप पहुंचते ही किसानों की भीड़ उमड़ पड़ी। लंबे समय से खाद की कमी से परेशान किसानो को जैसे ही खाद आने की सूचना मिली तो किसानो की समिति पर कतारें लगने लगीं। भीड़ अधिक होने के कारण कुछ किसानों के बीच धक्का-मुक्की और कहा. सुनी की स्थिति पैदा हो गई।

इसी दौरान मौके पर भारतीय किसान यूनियन की महिला पदाधिकारी ज्योति चौहान भी समिति पर पहुंचीं। खाद वितरण के दौरान आधार कार्डों की जांच में गड़बड़ी और अव्यवस्था का आरोप लगाते हुए किसानों ने आपत्ति जताई, जिससे माहौल कुछ देर के लिए तनावपूर्ण हो गया। शिकायत पर किसानों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही थाना ठाकुरद्वारा पुलिस मौके पर पहुंची और किसानों को समझा बुझाकर शांत किया । इसके बाद पुलिस की मौजूदगी में किसानों को लाइन में खड़ा कर सुव्यवस्थित तरीके से खाद वितरण कराया गया। किसानों का कहना है कि इन दिनों रबी सीजन की बुवाई चल रही है, ऐसे में एनपीके और यूरिया खाद की कमी बनी हुई है। समय पर खाद न मिलने से किसानों की फसल बोवाई प्रभावित हो रही है, जिससे वे काफी परेशान हैं।किसानों ने शासन और विभाग से मांग की है कि क्षेत्र में खाद की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित कराई जाए, ताकि किसान बिना किसी परेशानी के अपनी खेती का कार्य जारी रख सकें।

# सरदार पटेल की जयंती पर भाजपाइयों ने निकाली पदयात्रा



**कांठ( शाह टाइम्स )** भाजपा मंडल छजलैट कार्यालय से आध्या फॉर्म हाउस पचोकरा तक लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल की 150 वी जन्मशताब्दी के अवसर पर विशाल यूनिटी मार्च का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश मंत्री डॉ चंद्रमोहन, भाजपा जिलाध्यक्ष आकाश कुमार पाल, विधानसभा यात्रा संयोजक पूर्व विधायक राजेश कुमार सिंह चुन्नू , विक्रांत सिंह आदि रहे। उन्होंने कहा कि एक भारत श्रेष्ठ भारत ,विकसित भारत का सपना दिखाने वाले लौह पुरुष के सपनों को साकार करने का वक्त आ गया है और इसी संदर्भ में जगह-जगह भाजपा द्वारा एकता रैलियों का आयोजन किया जा रहा है। समस्त जानकारी शक्ति केंद्र संयोजक एवं सह मीडिया प्रभारी भाजपा राज. कुमार सिंह द्वारा दी गई। राजपाल सिंह प्रजापति चौधरी हुकम सिंह देवराज सिंह जाटव सूरज सिंह सत्यवान राजपूत मुकेश माहेश्वरी आदि बड़ी संख्या में भारतीय जनता पार्टी के नेता मौजूद रहे।

हेतु संदर्शित करने की सूचना
(साधारण प्रारूप)
**न्यायालय श्रीमान श्रमायुक्त महोदय, जनपद-मुरादाबाद।**
**वाद संख्या:** PWA42/22
धारा-22 F न्यूनतम मजदूरी अधि0 व 15 (2) वेतन भुगतान अधि0
थाना सिविल लाइंस, मुरादाबाद।
**तारीख पेशी:**19.11.2025
**होरीलाल आदि बनाम विनोद कुमार सिरोही आदि।**
विनोद कुमार सिरोही व पुष्पा सिरोही पत्नी विनोद कुमार सिरोही निवासी गण आशियाना कालोनी थाना सिविल लाइंस, मुरादाबाद को एतद्द्वारा सार्वजनिक रूप से सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वाद की तामीला न्यायालय के आदेशानुसार प्रतिवादी गण पर साधारण तरीके से नहीं होने के कारण, यह प्रतिस्थापित तालीम (substitute service) के तहत अखबार में प्रकाशित की जा रही है। प्रतिवादीगण को इस नोटिस के माध्यम से निर्देश दिया जाता है कि वह वाद की अगली सुनवाई की नियत दिनांक 19.11.2025 को समय 10. 00 बजे प्रात: व्यक्तिगत रूप से या अपने अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय के समक्ष उपस्थित हो। यदि नियत तारीख पर प्रतिवादीगण न्यायालय के समक्ष उपस्थित नहीं होते है तो यह मान लिया जायेगा कि उन्हें विधिवत सूचित कर दिया गया है और वाद की कार्यवाही उनकी अनुपस्थिति में भी नियमानुसार एक पक्षीय (Ex party) रूप से आगे बढ़ाई जाएगी। नोट वाद पत्र की विस्तृत जानकारी न्यायालय की फाईल में उपलब्ध है।
**न्यायालय -श्रमायुक्त जनपद-मुरादाबाद।**

**शाह टाइम्स**
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।
**सम्पादक**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# 'बेसिक्स ऑफ इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी राइट्स' विषय पर हुआ सत्र का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्व. विद्यालय में इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी राइट्स (आई0पी0आर0 सेल एवं इंस्टीट्यूशन्स इन्नोवेशन काउंसिल (आईआईसी) के संयुक्त तत्वावधान में "बेसिक्स ऑफ इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी राइट्स" विषय पर एक सत्र का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं दीं। इस सत्र में सोसाइटी ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज एण्ड रिसर्च के नेशनल प्रेसिडेंट डॉ शशि आलोक मुख्य वक्ता रहे। सत्र के दौरान मुख्य वक्ता डॉ. आलोक ने कहा कि उद्यम एक ऐसा शब्द है जो किसी भी व्यक्ति अथवा छात्र-छात्रा द्वारा अपने जीवन में अपनाया जा सकता है। किसी भी व्यक्ति की पैसे की कमी के कारण व्यवसाय नहीं कर सकने की धारणा को गलत बताते हुए उन्होंने कहा कि ऐसी स्थिति में छोटे स्तर का व्यवसाय स्थापित किया जा सकता है तथा कड़ी मेहनत से उस छोटे व्यवसाय को भी बडेघ्स्तर तक ले जाया जा सकता है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी व्यक्ति को हमेशा जॉब करने वाली नहीं, बल्कि जॉब देने वाली सोच रखनी चाहिए। इस मौके पर आई0पी0आर0 सेल के कोऑर्डिनेटर डॉ. नवनीत वर्मा ने बताया कि इस सत्र के आयोजन का मुख्य उद्देश्य युवा पीढ़ी को उद्यमी बनने की दिशा में जानकारी उपलब्ध कराना रहा। साथ ही उन्होंने छात्र-छात्राओं को सलाह दी कि पढाई के साथ-साथ उन्हें उद्यमी बनने की दिशा में भी जानकारी जुटाते रहना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में रिसर्च के डीन डॉ सुशील कुमार ने सभी उपस्थितों का स्वागत किया। सत्र के दौरान विश्वविद्यालय के विभिन्न स्कूलों के 150 से अधिक छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

# जाट महासभा उप्र के अध्यक्ष अनिल सिंह का निधन



**कांठ( शाह टाइम्स )** जाट महासभा उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष रहे अनिल सिंह का आज निधन हो गया दोपहर बाद लोकोसेड मोक्ष धाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया। अनिल सिंह मूल रूप से थाना छजलैट के गांव फूलपुर के रहने वाले थे। अनिल सिंह राष्ट्रीय खादी ग्राम उद्योग फेडरेशन के अध्यक्ष होने के साथ-साथ अन्य कई संस्थाओं में भी अपनी अहम भूमिका निभाते हुए समाज सेवा में तल्लीन थे। उन्होंने राजनीति में भी अपनी अच्छी खासी पकड़ बनाई और एक बार विधायक का चुनाव भी लड़ा इसके साथ-साथ अनिल सिंह गन्ना समिति के अध्यक्ष आदि कई महत्वपूर्ण पदों पर रहकर अपनी सेवाएं देते रहे काफी सालो पहले से वह गांधीनगर के आवास पर रहते आ रहे थे। उनकी मृत्यु का समाचार मिलते ही जाट समाज सहित अन्य काफी समाज के लोग उनके आवास पर पहुंचे और अपनी शोक संवेदनाएं व्यक्त की अनिल सिंह की शब यात्रा में भारी संख्या में लोग मौजूद रहे

**उत्तर रेलवे**
**ई निविदा सूचना**
भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य विद्युत अभियन्ता/निर्माण, उत्तर रेलवे, मुरादाबाद निम्नलिखित कार्य के लिए (एकल पैकेट प्रणाली) के अन्तर्गत खुली ई-निविदा आमंत्रित करते हैं-

| | | |
|---|---|---|
| 1 | ई-निविदा एनआईटी संख्या | 17-विद्युत/नि./टी.आर.डी./एम.बी./140-ए |
| 2 | कार्य का नाम व स्थान | मुरादाबाद मण्डल के रोजा-सीतापुर सिटी खण्ड में रोजा में क्रास ओवर शिफ्टिंग, सीतापुर के कि.मी. 78/130.201 पर गेट सं0-51 स्पेशल के बदले आरओबी, रोजा-सीतापुर सिटी खण्ड में डाउन मैन लाईन के कि.मी. 14/305.923 पर ब्रिज सं. 13 एंव सेक्शनिंग पोस्ट सीतापुर सिटी के विद्युतिकरण हेतु 25 हजार वोल्ट सिंगल फेज ओ.एच.ई. की डिजाइन, सप्लाई, इरेक्शन, टेस्टिंग व कमीशनिंग का कार्य। |
| 3 | कार्य पूरा करने की अवधि | 12 (बारह) माह |
| 4 | कार्य की अनुमानित लागत | रुपए 1,82,17,550.11 |
| 5 | बयाना राशि जो जमा की जानी है (निविदा दस्तावेज के खण्ड 3.0 के अनुसार) | रुपये 2,41,100/- |
| 6 | ई-निविदा जमा करने एवं ई-निविदा खुलने की तिथि व समय | निविदा दिनांक 02.12.2025 समय 11:30 बजे तक आईआरईपीएस की वैबसाइट www.ireps.gov.in पर अपलोड कर सकते हैं। निविदाकर्ता ई-निविदा में भाग ले सकते हैं। निविदा दिनांक 02.12.2025 समय 11:30 बजे खोली जाएगी। |
| 7 | निविदा सूचना एवं निविदा प्रपत्र की जानकारी | विस्तृत ई-निविदा एंव निविदा प्रपत्र आईआरईपीएस की वैबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। उपरोक्त निविदा प्रपत्र आईआरईपीएस की वैबसाइट www.ireps.gov.in पर दिनांक 18.11.2025 से दिनांक 02.12.2025 तक जमा करने के लिए उपलब्ध रहेगा। निविदाकर्ता जो ई-निविदा में भाग लेने को इच्छुक है उनको सलाह दी जाती है कि उपरोक्त वैबसाइट पर अपना ई-पंजीकरण करा ले जिसके लिए उन्हे क्लास-III डिजीटल प्रमाणपत्र की आवश्यकता होगी (यदि पहले से उपलब्ध नही है), जो आई टी नियम-2000 के अन्तर्गत सीसीए द्वारा जारी की जाएगी। उपरोक्त निविदा के अन्य सभी नियम एवं शर्तें निविदा प्रपत्र में दिये गये है। केवल ई-निविदाएं ही स्वीकार की जाएंगी तथा किसी अन्य रुप में प्रस्तुत निविदाएं तुरन्त अस्वीकार कर दी जाएंगी। |

प्रपत्र सं. 17-विद्युत/नि./टी.आर.डी./एम.बी./140-ए दिनांक 10.11.2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3484/25

**उत्तर रेलवे**
**ई-नीलामी सूचना**
वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/कोचिंग, (ए.सी. ओ) उत्तर रेलवे मुरादाबाद मंडल के द्वारा पार्किंग एवं पे एंड यूज के कार्य को IREPS के माध्यम से मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर ठेके पर देने हेतु ई-बोलियाँ www.ireps.gov.in पर दिनांक 28.11.2025 को आमंत्रित की जाती है, जिसकी विस्तृत जानकारी, नियम व शर्तें www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। 3490/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**द्वारिकेश शुगर इंडस्ट्रीज लिमिटेड**
**पंजीकृत कार्यालय एवं कारखाना:** द्वारिकेश नगर - 246 762, जिला बिजनौर, (उ.प्र.).
**फोन:** 01343 - 267057 - 64;
**कॉर्पोरेट कार्यालय:** 511, मेकर चैम्बर्स वी, 221, नरीमन पॉइंट, मुंबई - 400021.
**फोन:** 2283 2486, 2204 2945;
**ई-मेल:** investors@dwarikesh.com; **वेबसाईट:** www.dwarikesh.com
**सीआईएन:** L15421UP1993PLC018642

**योग्य शेयरधारकों के लिए ट्रांस्फर डीड दोबारा जमा करने के लिए विशेष विंडो खोले जाने की सूचना**

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने 01 अप्रैल, 2019 की प्रभावी तिथि से भौतिक रूप में उपलब्ध प्रतिभूतियों का हस्तांतरण बंद कर दिया था। तदुपरांत यह स्पष्ट किया गया कि 1 अप्रैल, 2019 की समय-सीमा से पहले जमा किए गए और डॉक्युमेंट में कमी की वजह से अस्वीकृत/वापस किए गए ट्रांस्फर डीड आवश्यक डॉक्युमेंट के साथ 31 मार्च, 2021 तक दोबारा जमा किए जा सकते हैं।

सेबी ने 2 जुलाई, 2025 दिनांकित सर्कुलर संख्या SEBI/HO/MIRSD/MIRSD-PoD/P/CIR/ 2025/97 के माध्यम से यह सुविधा बढ़ाने और मूल रूप से 1 अप्रैल, 2019 से पहले जमा किए गए और डॉक्युमेंट या प्रक्रिया में कमी या अन्यथा किसी कारण से अस्वीकृत, वापस कर दिए गए या विचार नहीं किए गए भौतिक शेयरों के हस्तांतरण के अनुरोध दोबारा दर्ज करने के लिए एक विशेष अवधि देने/विंडो खोलने का निर्णय लिया है। **यह 7 जुलाई, 2025 से 6 जनवरी, 2026 तक छह महीने की अवधि होगी।**

योग्य शेयरधारकों से यह ध्यान रखने का अनुरोध किया जाता है कि इस अवधि में हस्तांतरण के लिए दोबारा जमा की गई प्रतिभूतियां/शेयर (आज की तिथि तक कंपनी/आरटीए के पास लंबित अनुरोध सहित) सिर्फ डीमैट रूप में जारी किए जाएंगे और इसकी प्रक्रियाएं विधिवत पूरी की जाएंगी। 01 अप्रैल, 2019 से पहले जिन शेयरधारकों ने भौतिक रूप में उपलब्ध शेयरों के हस्तांतरण का अनुरोध किया, परंतु उल्लिखित कारणों से यह अस्वीकार कर दिया गया या वापस कर दिया गया इस अवसर का लाभ उठा सकते हैं और ऐसे शेयरों को हस्तांतरण के लिए दोबारा जमा कर सकते हैं।

किसी प्रश्न के उत्तर या सहायता के लिए कम्पनी के आरटीए से संपर्क कीजिए:
**आरटीए का नाम:** मेसर्स एमयूएफजी इनटाइम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में मेसर्स लिंक इनटाइम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड)
**ईमेल:** Investor.helpdesk@in.mpms.mufg.com
**फोन:** +91 22 49186000-79
**पता:** सी 101, एम्बेसी 247, एलबीएस मार्ग, विक्रोली (पश्चिम), मुंबई- 400 083
**यह सूचना कम्पनी की वेबसाइट www.dwarikesh.com पर भी अपडेट कर दी गई है।**

कृते द्वारिकेश शुगर इंडस्ट्रीज लिमिटेड
हस्ता./-
**बी. जे. माहेश्वरी**
**प्रबंध निदेशक एवं सीएस-सह-सीसीओ**
**डीआईएन : 00002075**

**स्थान** : द्वारिकेश नगर, जिला बिजनौर, उत्तर प्रदेश
**दिनांक:** 10 नवंबर, 2025

# आगामी टी-20 विश्व कप पर ध्यान देना होगा: गंभीर



● छोटी मोटी उपलब्धियां देखकर टीम को अपने अंतिम लक्ष्य से भटकना नहीं चाहिए

**बेंगलुरु, वार्ता।** भारतीय टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने सोमवार को कहा कि खिलाड़ियों को ईमानदारी और पादर्शिता के साथ फिटनेस के महत्व को समझते हुए 2026 में होने वाले टी-20 विश्वकप की तैयारी पर ध्यान देना होगा। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 2-1 से टी-20 सीरीज जीतने के बाद गंभीर ने कहा कि छोटी-मोटी उपलब्धियां देखकर टीम को अपने अंतिम लक्ष्य से भटकाना नहीं चाहिए। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किए गए एक साक्षात्कार में गंभीर ने कहा कि टी-20 विश्वकप की ओर टीम की प्रगति के लिए पारदर्शिता और ईमानदारी बहुत जरूरी है, लेकिन सीरीज जीतने का जश्न मनाने से बचना चाहिए। गंभीर ने टीम के रवैये में निरंतरता और शांत रहने की जरूरत पर बल देते हुए कहा कि एक देश के तौर पर और एक व्यक्ति के तौर पर, हमें कभी भी सीरीज जीतने का जश्न नहीं मनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि दबाव में परखने से ही खिलाड़ी अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन सामने आता हैं। हमने शुभमन गिल के साथ भी ऐसा ही किया था जब उन्हें टेस्ट कप्तान बनाया गया था। अपने सख्त नेतृत्व शैली के लिए जाने जाने वाले पूर्व भारतीय ओपनर ने कहा कि मौजूदा टीम में खुलापन और ईमानदारी होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि ड्रेसिंग रूम एक बहुत ही पारदर्शी और ईमानदार कमरा रहा है, और हम इसे ऐसा ही रखना चाहते हैं। हम अभी भी वहां नहीं हैं जहां हम टी-20 विश्वकप के लिए होना चाहते हैं, लेकिन उम्मीद है कि यह एक बड़ा कदम है। हमारे पास तीन महीने हैं जहां हम पहुं. चना चाहते हैं।

# एफआईएच महिला जूनियर हॉकी विश्व कप की टीम घोषित

● भारतीय टीम को जर्मनी आयरलैंड और नामीबिया के साथ पूल सी में रखा गया है



**नई दिल्ली, वार्ता।** हॉकी इंडिया ने सोमवार को चिली के सैंटियागो में 25 नवम्बर से 13 दिसंबर तक होने वाले एफआईएच महिला जूनियर हॉकी विश्व कप 2025 के लिए 20 सदस्यीय भारतीय महिला हॉकी टीम की घोषणा की। विश्व कप की 20 सदस्यों वाली इस टीम में दो वैकल्पिक खिलाड़ी भी शामिल हैं। भारत टीम को जर्मनी, आयरलैंड और नामीबिया के साथ पूल सी में रखा गया है। भारतीय टीम अपने अभियान की शुरुआत एक दिसंबर को नामीबिया के खिलाफ करेगी। इसके बाद तीन दिसंबर को जर्मनी और पांच दिसंबर को आयरलैंड के खिलाफ मैच होंगे। हर पूल से शीर्ष टीमें नॉकआउट स्टेज में पहुंचेंगी, जो सात से 13 दिसंबर तक खेले जाएंगे। भारतीय टीम की कप्तानी ज्योति सिह करेंगी और मुख्य कोच तुषार खांडकर होंगे। गोलकीपिग की जिम्मेदारी निधि और एंजिल हर्षा रानी मिज संभालेंगी, जबकि डिफेंस की जिम्मेदारी मनीषा, लालथनुआलंगी, साक्षी शुक्ला, पूजा साहू और नंदिनी को दी गई है। वहीं मिडफील्ड में, भारत साक्षी राणा, इशिका, सुनेलिता टोप्पो, कप्तान ज्योति सिह, खैडेम शिलेमा चानू और बिनिमा धन पर निर्भर रहेगा। फॉरवर्ड लाइन में सोनम, पूर्णिमा यादव, कनिका सिवाच, हिना बानो और सुखवीर कौर शामिल हैं, जो एक मजबूत आक्रमण का वादा करती हैं। प्रियंका यादव और पार्वती टोपनो को टूर्नामेंट के लिए वैकल्पिक खिलाड़ी के तौर पर नामित किया गया है। टीम के रवाना होने से पहले चयन को लेकर भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम के मुख्य कोच तुषार खांडकर ने कहा कि मेरी टीम जिस तरह से वे इस समय खेल रही हैं, उससे बहुत खुश हूं। मेरा मुख्य सिद्धांत हॉकी में अनुशासन है और मैंने इस टीम को बनाते समय इसी पर ध्यान केंद्रित रखा है। हमने एक कठिन अभ्यास से गुजरे हैं और अपने डिफेंसिव स्ट्रक्चर और विरोधी टीम के स्कोरिंग एरिया के अंदर फिनिशिंग पर कड़ी मेहनत की है। लड़कियों ने पिछले कुछ महीनों में बहुत सुधार और मैच्योरिटी दिखाई है। खांडकर ने कहा कि हम सब तैयार हैं और चिली जाने के लिए बहुत उत्साहित हैं। लड़कियां वर्ल्ड कप में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए पूरी तरह से मोटिवेटेड हैं।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### जेएलएन स्टेडियम की जगह पर बनेगी स्पोर्ट्स सिटी: सूत्र

**नई दिल्ली, वार्ता।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में स्थित प्रसि( जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम को गिरा कर इसकी 102 एकड़ जमीन पर विश्वस्तरीय स्पोर्ट्स सिटी बनाई जाएगी। युवा मामले और खेल मंत्रालय के सूत्रों ने सोमवार को यूनीवार्ता को बताया कि दिल्ली के लोधी रोड इलाके में बनने वाली इस स्पोर्ट्स सिटी के लिए कतर और ऑस्ट्रेलिया के स्पोर्ट्स सेंटर्स को मॉडल पर अध्ययन किया जा रहा है। सूत्र ने नाम न छापने की शर्त पर कहा कि जेएलएन स्टेडियम की जगह पर एक वर्ल्ड क्लास मल्टी स्पोर्ट्स सेंटर बनाया जाएगा और इस प्रोजेक्ट के लिए कतर और ऑस्ट्रेलिया के सबसे अच्छे सेंटर्स की स्टडी की जा रही है। उन्होंने फिलहाल इस प्रोजेक्ट की समयसीमा बताने से इन्कार कर दिया। उल्लेखनीय है कि 60 हजार से अधिक लोगों के बैठने की क्षमता वाले ऐतिहासिक जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम को फीफा, वर्ल्ड एथलेटिक्स (डब्ल्यूए) और एशियन फुटबॉल कॉन्फेडरेशन (एफसी) द्वारा तय किए गए इंटरनेशनल स्टैंडर्ड्स को पूरा करने के लिए डिजाइन और बनाया गया था। इस स्टेडियम को 1982 में एशियन गेम्स की एथलेटिक स्पर्धा और समारोह की मेजबानी के लिए बनाया गया था ।

### जगदीश के शानदार प्रदर्शन उत्तराखंड ने हरियाणा को पारी और 28 रनों से हराया

**रोहतक, वार्ता।** जगदीश सुचित ( 50 रन/ पांच और छह विकेट) के शानदार प्रदर्शन के दम उत्तराखंड ने सोमवार को रणजी ट्रॉफी ग्रुप सी मुकाबले में हरियाणा को पारी और 28 रनों से शिकस्त दी। हरियाणा ने दूसरी पारी में कल के छह विकेट पर 106 रनों से आगे खेलना शुरु किया। 47वें ओवर की छठी गेंद पर जगदीश सुचित ने कपिल हुड्डा (27) को युवराज चौधरी के हाथों कैच आउट कराकर उत्तराखंड को सातवीं सफलता दिलाई। सुचित का अगला शिक. ार 49वें ओवर में सुमित कुमार (शून्य) बने। अगले ओवर में मयंक मिश्रा ने अंशुल कम्बोज (शून्य) को आउटकर पवेलियन भेज दिया। 61वें ओवर की चौथी गेंद पर सुचित ने धीरू सिह को आउटकर हरियाणा की दूसरी पारी का 148 के स्कोर पर अंत कर पारी और 28 रनों से मुक. ाबला अपने नाम कर लिया। धीरू सिह ने 146 गेंदों में दो चौकों और दो छक्कों की मदद से अपनी टीम के लिए सर्वाधिक 70 रन बनाये। उत्तराखंड के लिए जगदीश सुचित ने छह विकेट लिये। मयंक मिश्रा को दो विकेट मिले। युवराज चौधरी ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले जगदीश सुचित (पांच विकेट) और मयंक मिश्रा (चार विकेट) ने हरियाण को पहली पारी में 48-1 ओवर में 112 रनों पर ढ़ेर कर दिया था। हरियाण ने अपनी पहली पारी में युवराज (60), जगदीश सुचित (50) व कप्तान कुणाल (40) के योगदान से 94.3 ओवर में 288 का स्कोर खड़ा किया।

# न्यूजीलैंड-विंडीज का मैच बारिश के कारण रद्द

● पांच मैचों की सीरीज में न्यूजीलैंड ने 2-1 से बढ़त बनाई हुई है

**नेल्सन, वार्ता।** न्यूजीलैंड और वेस्टइंडीज के बीच सोमवार को खेला जा रहा चौथा अंतर्राष्ट्रीय टी-20 मैच बारिश के कारण रद्द हो गया। पांच मैचों की सीरीज में न्यूजीलैंड 2-1 से आगे है। यहां न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सेंटनर टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज ने अभी सिर्फ दो गेंदों के बाद ही खेली थी हल्की बारिश शुरू हो गई। न्यूजीलैंड ने कुछ ओवर शांति से निकाले, आमिर जांगू संभल कर खेल रहे थे। एलिक अथानाजे ने काइल जैमीसन की गेंदों पर एक चौका और एक छक्का लगाकर पारी को आगे बढ़ाया, जिसके बाद उन्होंने अथानाजे की गेंद पर एक और छक्का लगाया। जांगू ने पांचवें ओवर के आखिर में एक चौका लगाया, जिसके बाद पहली बार बारिश के कारण से खेल रोका गया।

30 मिनट के ब्रेक के बाद, खिलाड़ी बिना किसी नुकसान के वापस मैदान में आए और सिर्फ दो गेंदों के अंदर जेम्स नीशम ने अथानाजे को आउट कर पवेलियन भेज दिया। अथानाजे के आउट होने के एक ओवर बाद बारिश फिर से तेज हो गई और खेल एक बार फिर रुक गया। बारिश के कारण खेल रोके जाने के समय वेस्टइंडीज ने 6-3 ओवर में एक विकेट पर 38 रन बना लिये थे। इसके बाद बारिश नहीं रूकने पर मैच को रद्द कर दिया गया। एलिक अथानाजे 21 रन बनाकर आउट हुये, आमिर जांगू 12 रन बनाकर नाबाद रहे।

## बेंगलुरु में होगी पहली इंडियन पिकलबॉल नेशनल चैंपियनशिप

**बेंगलुरु, वार्ता।** इंडियन पिकलबॉल एसोसिएशन (आईपीए) के तहत कर्नाटक पिकलबॉल एसोसिएशन (केपीए) ने सबला द्वारा प्रायोजित पहली इंडियन पिकलबॉल नेशनल चैंपियनशिप 2025 गुरुवार से शुरु होगी। पिकलबॉल के इस पहले संस्करण का आयोजन 13 से 16 नवम्बर तक बेंगलुरु के द स्पोर्ट्स स्कूल किया जायेगा। भारत सरकार के युवा मामले और खेल मंत्रालय से इस चैंपियनशिप के लिए आधिकारिक नेशनल स्पोर्ट्स फेडरेशन (एनएसएफ) की मान्यता मिलने के बाद इसे आयोजित किया जा रहा है। इस चैंपियनशिप में 20 से अधिक राज्यों से 1200 से अधिक खिलाड़ियों को प्रवेश मिला हैं, जिनमें अंडर-12 से लेकर 70-प्लस तक के वर्ग शामिल हैं। यह पुरुष, महिला और मिश्रित प्रारुप में होगी। इस अवसर पर केपीए के अध्यक्ष हर्षा ने कहा कि यह नेशनल चैंपियनशिप इस खेल के लिए एक ऐतिहासिक स्पर्धा है, और हम इसे बेंगलुरु में आयोजित करके बहुत खुश हैं। पिकलबॉल दुनिया भर में बहुत तेजी से बढ़ा है और भारत सरकार की मान्यता ने इसे एक नई पहचान और दिशा दी है। कोचिग क्लिनिक, बिजनेस मीट और हमारे 'मिशन वन मिलियन' कार्यक्रम जैसी पहलों के जरिए, हमारा लक्ष्य पिकलबॉल को पूरे कर्नाटक के स्कूलों तक पहुंचाना है। बेंगलुरु फुटबॉल क्लब और भारतीय फुटबॉलर आशिक कुरुनियान ने कहा कि यह देखकर बहुत अच्छा लग रहा है कि पिकलबॉल बेंगलुरु आ रहा है। यह एक मजेदार और सभी को शामिल करने वाला खेल है जो सभी उम्र और फिटनेस लेवल के लोगों को आकर्षित कर सकता है। द स्पोर्ट्स स्कूल के को-फाउंडर श्रीनिवास टीआर ने कहा, षपिकलबॉल में आने वाले सालों में मजबूत स्पोर्ट्स करियर बनाने की क्षमता है।

# अंडर-20 महिला विश्व कप में जापान से भिड़ेगा भारत

● ग्रुप ए में मेजबान थाईलैंड को चीन, वियतनाम और बांग्लादेश के साथ रखा गया है

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय महिला फुटबॉल टीम थाईलैंड में अगले वर्ष होने वाले एफससी अंडर 20 महिला एशिया कप में जापान के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी।

यहां घोषित किए गए ड्रा के अनुसार थाईलैंड में अगले वर्ष होने वाले एफससी अंडर 20 महिला एशिया कप के लिए सोमवार जारी ड्रा में भारतीय महिला फुटबॉल टीम को ग्रुप सी में रखा गया है। इस ड्रा में भारत के साथ जापान, ऑस्ट्रेलिया और चीनी ताईपे है। 20 साल बाद एएफसी अंडर 20 महिला एशियाई कप के लिए क्वालीफाई करने वाली भारतीय अपना अभियान जापान के खिलाफ शुरू करेंगी, उसके बाद ऑस्ट्रेलिया और चीनी ताइपे के खिलाफ खेलेंगी। ग्रुप ए में, मेजबान थाईलैंड को चीन, वियतनाम और बांग्लादेश के साथ रखा गया है। ग्रुप बी में दक्षिण कोरिया, उत्तर कोरिया, उज्बेकिस्तान और जॉर्डन हैं। एएफसी अंडर 20 महिला एशियाई कप 2026 में थाईलैंड की तीन जगहों राजमंगला नेशनल स्टेडियम (बैंकॉक), थम्मासैट स्टेडियम (पाथुम थानी), और पाथुम थानी स्टेडियम (पाथुम थानी) में आयोजित होगा।

एफससी अंडर 20 महिला एशिया कप के 12वें संस्करण में 12 टीमें हिस्सा लेंगी। इस टीमों को चार-चार के समूह में विभाजित किया गया है। भारतीय टीम उन 11 टीमों में से एक है। जिसमें आठ ग्रुप विजेता और तीन सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग वाली उपविजेता टीम शामिल है।

# ज्वेरेव ने शेल्टन पर शानदार जीत के साथ एटीपी फाइनल्स की शुरुआत की



● ज्वेरेव ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए शेल्टन को 6-3, 7-6 (6) से हराया

**इटली, वार्ता।** दो बार के चैंपियन अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने अमेरिका के पर्दापण कर रहे टेनिस खिलाड़ी बेन शेल्टन को हराकर एटीपी फाइनल में अपने अभियान की शुरुआत एक जबरदस्त जीत के साथ की। रविवार को खेल गए मुकाबले में जर्मनी के दिग्गज अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए बेन शेल्टन को 6-3, 7-6(6) से हराकर टूर्नामेंट के अगले दौर में जगह बनाई।

मैच कके बाद ज्वेरेव ने शेल्टन के बारे में कहा कि वह एक अविश्वसनीय रूप से आक्रामक खिलाड़ी है। शायद दुनिया के सबसे आक्रामक खिलाड़ियों में से एक। टाई-ब्रेक में, उसने शानदार शुरुआत की। हां, मैंने शायद एक या दो पहली सर्विस मिस कर दीं, और उसने (5-4 पर) जो पासिग शॉट मारा, वह जबरदस्त था। मुझे लगा कि मुझे उन चीजों को नियंत्रित करना होगा जिन्हें मैं कंट्रोल कर सकता हू, और मैं उन्हें अच्छे से कर रहा था।

# फाइनल्स में जगह पक्की करने उतरेंगे लक्ष्य



● लक्ष्य सेन सीजन के आखिर में होने वाले टूर्नामेंट के लिए क्वालिफाई करने वाले एकमात्र भारतीय एकल खिलाड़ी है

**जापान, वार्ता।** चोट से उबरने के बाद एचएस प्रणॉय एक महीने के अंतराल के बाद मंगलवार से शुरु हो रहे कुमामोटो मास्टर्स जापान 2025 बैडमिंटन टूर्नामेंट में राष्ट्रीय टीम में वापसी करने के लिए तैयार हैं। वहीं लक्ष्य सेन अच्छा प्रदर्शन कर बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर फाइनल्स में अपनी जगह पक्की करने मैदान में उतरेंगे। बैडमिंटन विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता प्रणॉय आखिरी बार सितम्बर में कोरिया ओपन में खेले थे, जहां चोट के कारण मैच से हटने के बाद उन्हें पहले राउंड में ही बाहर होना पड़ा था। 33 साल के प्रणॉय के लिए 2025 का सीजन मुश्किल रहा है।

वह अपने 14 बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर में से किसी में भी दूसरे राउंड से आगे नहीं बढ़ पाए हैं, और इस दौरान उन्हें आठ बार पहले राउंड में ही बाहर होना पड़ा है। लक्ष्य सेन कुमामोटो मास्टर्स जापान में अच्छा प्रदर्शन करने की उम्मीद करेंगे ताकि उन्हें सीज़न के आखिर में होने वाले वर्ल्ड टूर फाइनल्स के लिए क्वालिफाई करने में मदद मिल सके। लक्ष्य, सीजन के आखिर में होने वाले टूर्नामेंट के लिए क्वालिफाई करने वाले एकमात्र भारतीय एकल खिलाड़ी हैं। कल से शुरु हो रहे टूर्नामेंट में लक्ष्य सेन पहले दौर में जापान के कोकी वतनबे की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा।

वहीं प्रणय मलेशिया के जुन हाओ लियोंग के खिलाफ मैदान में उतरेंगे। आयुष शेट्टी इस साल यूएस ओपन जीतकर बीडब्ल्यूएफ खिताब जीतने वाले एकमात्र भारतीय हैं, वे भी किरण जॉर्ज और तरुण मन्नेपल्ली के साथ जापान में पुरुष एकल ड्रॉ में हैं। इसके आलवा 17 साल की नैशा कौर भटोये महिला एकल में एकमात्र भारतीय खिलाड़ी हैं और वह क्वालिफायर से शुरुआत करेंगी। रोहन कपूर और रुथविका शिवानी गड्डे की मिश्रित युगल जोड़ी ही देश की एकमात्र युगल चुनौती पेश करेंगी।

# उत्तर प्रदेश बाक्सिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष बने विशाल गुप्ता

**अयोध्या, वार्ता।** अयोध्या में चल रही राज्य स्तरीय बाक्सिंग प्रतियोगिता के दौरान रविवार को उत्तर प्रदेश बाक्सिग संघ विशेष आम सभा की बैठक (स्पेशल जनरल बॉडी मीटिग) सम्पन्न हुई, जिसमें सर्वसम्मति से अयोध्या के विशाल गुप्ता को प्रदेश अध्यक्ष चुना गया।

विशाल गुप्ता एम-आर-जयपुरिया स्कूल, अयोध्या के निदेशक और विधायक वेद प्रकाश गुप्ता के ज्येष्ठ पुत्र हैं। अभी तक वे संघ में प्रदेश उपाध्यक्ष दायित्व निर्वहन कर रहे थे। इस अवसर पर राष्ट्रीय बाक्सिग संघ के अध्यक्ष डा. राकेश मिश्र ने कहा कि उत्तर प्रदेश में बॉक्सिग की अपार संभावनाएं हैं। अब नए नेतृत्व से खेल को नई दिशा और ऊर्जा मिलेगी। संघ युवाओं को प्रशिक्षण, प्रतियोगिताओं और आधुनिक संसाधनों से जोड़ने का काम तेज करेगा। विशाल गुप्ता ने कहा कि मुझे जो दायित्व मिला है, वह सम्मान के साथ जिम्मेदारी भी है। प्रदेश के हर जिले में बॉक्सिग को बढ़ावा देने, खिलाड़ियों को सुविधाएं दिलाने और पारदर्शी चयन प्रणाली लागू करने के लिए प्रयास किया जाएगा। चुनाव में अन्य पदाधिकारियों में अभिषेक पाल (सिद्धार्थनगर) उपाध्यक्ष, उपेंद्र पांडेय (कानपुर) महासचिव, रमाकांत पांडेय (बस्ती), अभिषेक अग्रवाल (अयोध्या), आशुतोष ओझा (वाराणसी) संयुकत सचिव तथा देवेन्द्र कुमार (लखनऊ) कोषाध्यक्ष चुनें गए।

# अनीश ने पिस्टल स्पर्धा में जीता रजत



● अनीश भानवाला ने फाइनल में 40 में से 28 अंक हासिल किए और फ्रांस के खिलाड़ी से पीछे रहे

**मिस्र, वार्ता।** भारत के अनीश भानवाला ने आईएसएसएफ विश्व चैंपियनशिप राइफल/पिस्टल 2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए पुरुषों की 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल स्पर्धा का रजत पदक जीता। रविवार को हुई इस स्पर्धा में 23 वर्षीय अनीश भानवाला ने फाइनल में 40 में से 28 अंक हासिल किए और फ्रांस के क्लेमेंट बेसागुए से पीछे रहे, जिन्होंने 31 अंक हासिल करते हुए निशानेबाजी में स्वर्ण पदक जीता। यूक्रेन के मक्सिम होरोडिनेट्स ने 25 अंकों के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया। अनीश ने फाइनल की राह में चार शूटऑफ का सामना किया और हर बार अपने धैर्य और शांत मानसिकता से शानदार प्रदर्शन किया। रतीय निशानेबाज ने पहले जर्मनी के इमैनुएल म्यूलर को दो बार के शूटऑफ में हराकर पदक सुनिश्चित किया। इसके बाद उन्होंने होरोडिनेट्स को भी दो शूटऑफ में पीछे छोड़ते हुए फाइनल के लिए शीर्ष दो में जगह बनाई। अंतिम राउंड में अनीश के पास स्वर्ण पदक जीतने का मौका था, लेकिन इसके लिए उन्हें अपने सभी शॉट्स में 5 अंक हासिल करने थे और साथ ही बेसागुए को सभी शॉट्स में चूकने की जरूरत थी। जो संभव नहीं हो सका। यह अनीश भानवाला का वर्ल्ड चैंपियनशिप में पहला व्यक्तिगत पदक है और कुल मिलाकर दूसरा पदक है। इससे पहले उन्होंने तीन साल पहले सिमरनप्रीत कौर बरार के साथ 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल मिक्स्ड टीम इवेंट में रजत पदक जीता था।

# संग्राम सिंह ने एमएमए एथलीटों को कुश्ती पर ध्यान देने की सलाह दी

**नई दिल्ली, वार्ता।** पूर्व डब्ल्यूडब्ल्यूपी कॉमनवेल्थ हेवीवेट चैंपियनशिप विजेता संग्राम सिंह ने प्रोफेशनल मिश्रित मार्शल आर्ट्स (एमएमए) फाइटर्स बनने की इच्छा रखने वालों अगर सफल होना चाहते हैं तो उन्हें कुश्ती कौशल को बेहतर बनाना होगा। संग्राम सिंह ने यूनीवार्ता के साथ साक्षात्कार में इस बात पर बल दिया कि एमएमए मुकाबले काफी हद तक कुश्ती पर आधारित होते हैं। उन्होंने कहा कि स्ट्राइकिंग मुक. ाबलों का एक नगण्य हिस्सा है। उन्हें कई सालों तक अच्छी तरह से कुश्ती करनी चाहिए। एमएमए का अस्सी प्रतिशत कुश्ती है, स्ट्राइकिंग सिर्फ 20 प्रतिशत है, खबीब (खबीब नूरमगोमेदोव, अब तक के सबसे लंबे समय तक राज करने वाले अल्टीमेट फाइटिंग चैंपियनशिप लाइटवेट चैंपियन) जैसे फाइटर्स का कुश्ती बैकग्राउंड बहुत अच्छा था। 40 वर्षीय संग्राम ने हाथों की अच्छी ताकत बनाने के महत्व पर बल देते हुए कहा कि मेरे हाथ बड़े और मजबूत हैं, आप दुनिया के सभी चोक, सभी दाव-पेच जान सकते हैं लेकिन अगर आपके हाथों में जरूरी ताकत नहीं है तो आप उन दाव-पेच को अंजाम नहीं दे पाएंगे और टैप आउट नहीं कर पाएंगे। सिंह ने चार नवंबर को एम्स्टर्डम में लेवल्स फाइट लीग (एलएफएल) में ट्यूनीशियाई फाइटर हकीम ट्रैबेल्सी को दूसरे राउंड में टैप आउट करके प्रोफेशनल एमएमए फाइट में जीत हासिल की थी। मुकाबले को लेकर संग्राम सिंह ने कहा कि वह एक अच्छा पहलवान है।

# जिलाधिकारी ने निर्माण कार्यों की प्रगति को लेकर की समीक्षा बैठक, निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जिलाधिकारी अनुज सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिले में निर्माणाधीन विभिन्न परियोजनाओं की प्रगति को लेकर समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जिले में ऐसी परियोजनाएं जिनका निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है उन सभी कार्यों का अधिकारियों की टीम द्वारा भौतिक सत्यापन कराया जाएगा ताकि निर्धारित कार्ययोजना के अनुरूप कार्यों की गुणवत्ता और मानकों की स्थिति का सत्यापन कराया जा सके। मुरादाबाद में स्काडा के अंतर्गत कराए जा रहे कार्यों में प्रगति न बढ़ने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताई। विगत माह में आयोजित बैठक के बाद से अब तक कार्य में कोई प्रगति नहीं हुई जिस पर जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग के अधिकारियों से कारणों के बारे जानकारी ली। गुरु जंभेश्वर विश्व. विद्यालय के विभिन्न भवनों के निर्माण की स्थिति की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने कार्यदाई संस्था को निर्देश दिए कि वे जनशक्ति में वृद्धि करें तथा नियमित तौर पर मॉनिटर करते हुए कार्य में तेजी लाएं। नलकूपों के निर्माण की स्थिति के बारे में समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि नलकूप



निर्माण के साथ-साथ निर्धारित कार्य योजना के अनुसार पाइपलाइन बिछाने के दौरान भी गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए ताकि किसानों को सिंचाई के दौरान किसी भी प्रकार की समस्या उत्पन्न न होने पाए।

अटल आवासीय विद्यालय में छुटपुट कमियों को भी दुरुस्त करने के लिए जिलाधिकारी ने संबंधित कार्यदाई संस्था को निर्देशित किया साथ ही कहा कि सहायक श्रमायुक्त विद्यालय में बच्चों की सुविधा के दृष्टिगत नियमित रूप से मॉनिटरिंग करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने राजकीय प्रक्षेत्र रौंडा, राजकीय प्रक्षेत्र पंडितपुर, राजकीय प्रक्षेत्र फहतुल्लागंज, राजकीय कॉलेज मुरादाबाद, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय ठाकुरद्वारा, ग्रामीण स्टेडियम रतनपुर कलां, मुख्यमंत्री अभ्युदय कंपोजिट विद्यालय सहित विभिन्न कार्यों की। प्रगति के बारे में जानकारी ली और जरूरी निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सुश्री मृणाली अविनाश जोशी सहित अन्य अधिकारी गण मौजूद रहे।

# प्राथमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष की पत्नी ने दर्ज कराया मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेशचंद्र शर्मा और उनके परिवार से जुड़ा विवाद अब गंभीर रूप ले चुका है। रविवार को उनकी पत्नी ने चार नामजद समेत पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया, जिसमें एक पक्ष पर घर में घुसकर मारपीट और गोली चलाने का आरा. ेप लगाया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, दिनेशचंद्र शर्मा की पत्नी ने तहरीर में बताया कि अभिषेक गौड़, निवासी विकास नगर, ने विभाग से धोखाधड़ी कर अध्यापक की नौकरी प्राप्त की थी, लेकिन शिकायतों के बाद उसकी सेवा समाप्त कर दी गई। इसी बात को लेकर अभिषेक गौड़ उनके पति से रंजिश रखने लगा। महिला के अनुसार, अभिषेक गौड़ का बेटा अविनाश गौड़ और उनका बेटा आयुष शर्मा एक ही विद्यालय में पढ़ते हैं। पिछले दो वर्षों से अविनाश गौड़ और उसका पिता आयुष के साथ दुर्व्यवहार कर रहे थे। शिकायत विद्यालय प्रशासन को भी दी गई थी, जिसके बाद उन्होंने चार नवंबर से अपने बेटे को विद्यालय भेजना बंद कर दिया। आरोप है कि सात नवंबर की रात करीब 9रू20 बजे अभिषेक गौड़, अविनाश गौड़, रूपेश यादव, विशाल यादव और एक अन्य व्यक्ति उनके घर पहुंचे और गालियां देते हुए घर में घुस आए। उन्होंने आयुष के साथ मारपीट की और जान से मारने की नीयत से गोली चला दी, हालांकि गोली बाल-बाल चूक गई। शोर सुनकर पड़ोसी पहुंचे तो हमलावर धमकाते हुए फरार हो गए। पुलिस ने पीडिघ्त पक्ष की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। उल्लेखनीय है कि एक दिन पूर्व ही दूसरे पक्ष की ओर से भी दिनेशचंद्र शर्मा और उनके बेटे समेत चार लोगों के खिलाफ मुक. दमा दर्ज कराया गया था। पुलिस अब दोनों पक्षों की शिकायतों की पड़ताल कर रही है।

## एक नजर

# आर्य समाज ने हीरक जयंती मनाई



**मूंढापांडे।** क्षेत्र के गांव भदासना के जूनियर हाईस्कूल में आर्य समाज ने हीरक जयंती काआयोजन किया गया। आचार्य सुरेश शास्त्री (हिमाचल प्रदेश) ने यज्ञ की महिमा पर प्रकाश डाला, प्रदीप शास्त्री भजन उपदेशक (हरियाणा) ने बताया कि सोशल मीडिया के दौर में परिवार कैसे टूट रहे हैं, विद्वानों ने आर्य समाज को अपनाने का सुझाव दिया ताकि कुरीतियों से बचा जा सके,भदासना में स्थित आर्य समाज के 150वें वार्षिक उत्सव हीरक जयंती समारोह सोमवार को यज्ञ आयोजित किया गया, यज्ञ ब्रह्मा पंडित सुरेश शास्त्री ने वेद मंत्रों का पाठ करते हुए यज्ञ की महिमा पर प्रकाश डाला, वहीं हरियाणा से आए प्रदीप शास्त्री भजनोपदेशक ने बताया कि आज सोशल मीडिया का युग है, परिवार किस प्रकार मोबाइल के माध्यम से टूटते जा रहे हैं, बच्चों को कैसे बचाया जाए लोग स्वाध्याय छोड़कर गूगल का सहारा लेते हैं, वहीं अन्य विद्वानों ने बताया कि आज दुनिया में विभिन्न प्रकार के आडंबर फैला रहे हैं इनसे बचना है तो आर्य समाज को अपनाना होगा,देश विभिन्न कुरीतियों का शिकार होता जा रहा है। आर्य समाज से जुड़कर इससे छुटकारा पाया जा सकता है। आर्य समाज से जो जुड़ेगा वह कुरीतियों से बच सकता है, जिसमें सार्वदेशिक सभा के प्रधान स्वामी ओमवेश का सानिध्य प्राप्त होगा, स्वामी आर्यवेश दिल्ली की अध्यक्षता में किया और संचालन मौक्षानंद सरस्वती अंत. रराष्ट्रीय वेदीक प्रचारक मुरादाबाद ने किया।

# बिलारी पहुंचे उप मुख्य सचेतक आरके वर्मा ने कहा: भाजपा की मूल विचारधारा का जन्म संघ से हुआ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** नगर के डाकबंगले के निकट स्थित सपा कैम्प कार्यालय पर पहली बार विधानसभा उत्तर प्रदेश के समाजवादी पार्टी के उपमुख्य सचेतक आरके वर्मा पहुंचे जहां उन्होंने सपा विधायक हाजी मौहम्मद फहीम इरफान और उनके परिजनों और सपा समर्थकों एवं कार्यकर्ताओं से मुलाक. ात की। इस दौरान मीडिया से बातचीत के दौरान उन्होंने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा शिक्षण संस्थाओं और स्कूलों में वन्दे मातरम की अनिवार्यता पर कटाक्ष करते हुए कहा कि हमारे भारत के संविधान में राष्ट्रीय व्यक्तित्व के सम्मान को लेकर, संविधान के सम्मान को लेकर, राष्ट्रीय ध्वज, राष्ट्रीय गीत को लेकर जो बाते कही गई है उसमें सन्दर्भ देना चाहता हूं कि भारतीय जनता पार्टी को यह पता होना चाहिए कि 4 जनवरी 1948 को सरदार बल्लभभाई पटेल ने आरएसएस पर प्रतिबंध इसी बात को लेकर लगाया था कि संघ न ही संविधान का सम्मान कर रहा था, न ही राष्ट्रीय ध्वज का सम्मान कर रहा था और 7 जुलाई 1949 को आरएसएस और हिन्दू महासभा ने भारत सरकार को हलफनामा दिया कि हम भारत के संविधान, राष्ट्रीय गीत,



राष्ट्रीय गान का सम्मान करेंगे,चूंकि आरएसएस का राष्ट्रीय गान/गीत यह नहीं हुआ करता था, जो स्वतंत्रता संग्राम के सैनानियों द्वारा गाया गया, जो उनके उत्साह का जरिया बना। उनका अपना गीत था और अपना तिरंगा था और इस बात का उन्होंने हलफनामा दिया और गलती मानी थी और भरोसा दिलाया कि भारत के संविधान का सम्मान करेंगे और राष्ट्रीय ध्वज और राष्ट्रीय गीत, राष्ट्रीय गान का सम्मान करेंगे, भारतीय जनता पार्टी की मूल विचारधारा का जन्म संघ से हुआ है। एसआईआर को लेकर कहा कि अभी तक पूरे देश ने देखा कि जो भारत निर्वाचन आयोग है से आम जनमानस और विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं द्वारा किए सवालों का जबाब नहीं दिए गए, मुझे लगता है कि भारतीय जनता पार्टी की बी टीम बनकर के अभी तक जबाव देना का काम किया है, तो मैं तो चुनाव आयोग से अपेक्षा करूंगा जो उत्तर प्रदेश के मतदाताओं का एसआईआर हो रहा है उसमें गरीब कमजोर वर्ग के मतदाता वंछित न रह पावें।

भारतीय निर्वाचन आयोग निष्पक्षता और विश्वसनियता खों चुका है। निर्वाचन आयोग से आग्रह कि अपनी निष्पक्षता और विश्वस. नियता को बचाने के लिए एसआईआर में गरीब कमजोर वर्ग के मतदाता बने रहे। समाजवादी पार्टी अपने मतदाताओं को सुरक्षित रखने के लिए कार्य कर रही है। बिहार चुनाव को लेकर कहा कि अखिलेश यादव इंडिया गठबंधन के बड़े नेता है और बिहार के लोगों की मांग थी कि बिहार में वह चुनाव रैलियां करे, उन्होंने इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों की रैलियां की और चुनाव का माहौल बदल दिया और मतदाओं में विश्वास पैदा किया कि लोकतंत्र को बचाने, महंगाई को रोकने के लिए इंडिया गठबंधन काम करेगा। 2027 के चुनाव को लेकर कहा कि भारतीय जनता पार्टी के लोगों को भी पता है उन्हें 2024 के चुनाव में हराया था, हमारा न एजेंडा बदला है और न मुददा बदला है, हम संविधान और आरक्षण बचाने के मुददो को लेकर काम कर रहे है, मंहगाई और बेरोजगारी बढ़ रही है, उसे रोकने का काम समाजवादी पार्टी करेगी।

समाजवादी पार्टी सामाजिक न्याय की लड़ाई लड़ने का काम कर रही है। विधानसभा शीतकालीन के सत्र पर बोले कि सरकार विपक्ष के सवालों के जबाव देने से डरती है, इसीलिए भारतीय जनता पार्टी की सरकार की कोशिश रहती है कि सत्र को अधिक से अधिक छोटा करती है, एक साल में 90 दिन का सत्र दिन होना चाहिए लेकिन पांच वर्ष के कार्यकाल में 90 दिन चलती है। बिलारी विधायक हाजी मौहम्मद फहीम इरफान को उन्होंने ईमानदार नेता बताया, कहा कि चाय की चुस्कियों पर दुकानों पर जाकर उनके बारे में क्षेत्र के लोगों से खबर लेकर आया हु कि उनके ऊपर जो बिलारी की जनता का विश्वास है वह 2027 में आपको फिर से दिखेगा, जिससे हम भारतीय जनता पार्टी को हटाने का काम करेंगे। इस अवसर हाजी मौहम्मद उसमान एडवोकेट, सुबहान रजा, चीकू यादव, अमरपाल यादव, शोएब आलम, शिशुपाल यादव आदि मौजूद रहे।

# प्रधानाध्यापिका द्वारा एसएमसी और शिक्षक अभिभावक बैठक का किया गया आयोजन



**कुंदरकी।** प्राइमरी विद्यालय जटपुरा में प्रधानाध्यापिका शालिनी द्वारा एस एम सी बैठक और शिक्षक अभिभावक बैठक का आयोजन किया आयोजन किया गया ।बैठक का प्रारंभ सभी के स्वागत से किया गया ।वर्तमान तिमाही की थीम शिक्षा स्वच्छता और समाज के बारे में संक्षिप्त रूप में समझाया गया ।उसके बाद एच बी एल के बारे में अभिभावकों को समझाया गया कि किस प्रकार वे अपने बच्चे की मदद कर सकते हैं ।बच्चे को पढ़ने के लिए प्रेरित करने लिए समय और स्थान सुनिश्चित करें ।बच्चे की हर छोटी कोशिश की सराहना करें ।बच्चा गृहकार्य कर रहा है तो उसे डिस्टर्ब न करें ।बच्चे की पढ़ाई के समय टीवी और मोबाइल बंद रखें ।बच्चे की गलतियों पर उसे डाँटे नहीं बल्कि समझाए ।बच्चे को दिन भर खघली न घूमने दें ।उसे अच्छे कार्यों को करने के लिए प्रेरित करना है ।

बच्चों की तुलना किसी से न करें।उस को पढ़ाई के प्रति जिम्मेदार बनाए जिससे वो अच्छा नागरिक बन सकें ।सभी अभिभावकों को शपथ दिलायी गई कि वे अपने बच्चों की पढ़ाई में सहयोग करेंगे ।घर में अच्छा माहौल देंगे और बच्चे को रोज विद्यालय भेजेंगे। वो अध्यापक से मिलकर अपने बच्चे की जानकारी लेंगे। निपुण भारत आदि की चर्चा करते हुए बैठक का समापन किया गया। एस एम सी बैठक में कंपोजिट ग्रांट ]MDU, APAAR आई डी,यू डाइस ,नवोदय परीक्षा ,विद्या ज्ञान परीक्षा ,हॉलिस्टिक रिपोर्ट कार्ड आदि के बारे में चर्चा की गई ।बाल दिवस के आयोजन की रूपरेखा बनायी गई ।सत्र परीक्षा के बारे में सभी को जानकारी दी गई ।बैठक में जितेंद्रकुमार ,हरिशंकर ,चमन सिंह ,असलम, नीरज कुमारी ,दीप माला ,पूनम , तथा समस्त अध्यापक और रसोइयों का और उपस्थित अभिभावकों का सहयोग रहा।

# जन कल्याण सेवा समिति ने कन्या विवाह में किया सहयोग

**चन्दौसी।** जन कल्याण सेवा समिति की सदस्यों ने एक कन्या के



विवाह में सहयोग हेतु 11 साड़ी, एक बेडशीट, 15 घरेलू उपयोगी बर्तन तथा कुछ गिफ्ट एवं 3100 रु0 की नगद धनराशि से सहयोग किया। समिति द्वारा कन्याओं की शादी में सहयोग की कड़ी में यह 28वीं कन्या की शादी है। सहयोग करने वाली सदस्याओं में अध्यक्ष कल्पना वार्ष्णेय, सचिव भावना गुप्ता, उपाध्यक्ष रेखा रस्तोगी, कोषाध्यक्ष आशा गोस्वामी, मनीषा, अंशु वार्ष्णेय, सोनी रस्तोगी, कांता अदलखा, आभा, अनामिका, पूर्णिमा, पूनम वार्ष्णेय, रेखा अग्रवाल, रचना वार्ष्णेय, राजेश्वरी, दिनेशचंद्र गुप्ता, शरद कुमार वार्ष्णेय आदि मौजूद रहे।

# चेयरमैन मौहम्मद याकूब ने एसआईआर को लेकर की बैठक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**


**मुरादाबाद।** चेयरमैन मोहम्मद याकूब ने अपने कार्यालय पर आयोजित बैठक में एसआईआर (सम्मिलित मतदाता सूचियों का विशेष पुनरीक्षण) के बारे में विस्तृत जानकारी दी और लोगों को BLO (बूथ स्तर अधिकारी) का सहयोग करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि मतदाता सूचियों में नाम दर्ज कराने और आवश्यक सुधार करने के लिए लोगों को जागरूक करना अत्यंत आवश्यक है। चेयरमैन साहब ने कहा कि अगर किसी को इस प्रक्रिया के दौरान कोई परेशानी आती है, तो वे निस्संदेह उनके निजी कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं। उनकी समस्याओं का समाधान करने के लिए



हर संभव प्रयास किया जाएगा। बैठक में समाज के प्रमुख लोग काजी शम्मे आलम इमाम जामा मस्जिद, हाफिज दानिश उल कादरी, हाजी हनीफ,दानिश मलिक, अख्तर चोखडात, सलमान, शफीक मुत्वल्ली, आदि ने हिस्सा लिया और एसआईआर के महत्व पर अपने विचार साझा किए। चेयरमैन मोहम्मद याकूब ने सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया और कहा कि इस तरह के आयोजनों से ही हम अपने समाज को मजबूत और सशक्त बना सकते हैं। इस अवसर पर, चेयरमैन साहब ने लोगों से अपील की कि वे अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए मतदाता सूची में अपना नाम अवश्य दर्ज कराएं और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि मतदान हर नागरिक का अधिकार और कर्तव्य है, और हमें इसे पूरी जिम्मेदारी के साथ निभाना चाहिए। अंत में, चेयरमैन मोहम्मद याकूब ने सभी का एक बार पुन: धन्यवाद किया और उम्मीद जताई कि इस बैठक से प्राप्त जानकारी और जागरूकता से लोग लाभान्वित होंगेअपने मताधिकार का सही तरीके से प्रयोग करेंगे।

# दिल का दौरा पड़ने से वरिष्ठ अधिवक्ता गजेंद्र सिंह की मौत

**कांठ ( शाह टाइम्स )** दिल का दौरा पड़ने से वरिष्ठ अधिवक्ता गजेंद्र सिंह की मौत हो गई इसकी जानकारी मिलते ही शौक की लहर दौड़ गई



सूचना मिलने पर वकीलों ने भी आज काम नहीं किया बतादे की कांठ क्षेत्र के गांव पैगंबरपुर निवासी गजेंद्र कुमार तहसील बार के फाउंडेशन मेंबर थे वह तीन बार तहसील बार के अध्यक्ष रहे और अपनी साफ छवि के लिए जाने और पहचाने गए आज अचानक दिल का दौरा पडने से उनकी मौत हो गई इसकी सूचना मिलते ही अधिवक्ता तहसील में इकट्ठे हुए और शोक सभा कर उनकी आत्मा शांति के लिए प्रार्थना की बताया गया कि गजेंद्र सिंह के एक पुत्र और तीन पुत्रियां हैं शोक सभा के उपरांत अधिवक्ता उनके निवास पैगंबरपुर पहुंचे और अपनी शोक संवेदनाएं व्यक्ति की इस दुख में आज अधिवक्ताओं ने चैंबर नहीं खोले।

# नगरपालिका ने चलाया विशेष सफाई अभियान

**चन्दौसी।** नगरपालिका चन्दौसी में अधिशासी अधिकारी धर्मराज राम के निर्देशानुसार सभी वार्डों में विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत सफाई निरीक्षक वार्ड सभासदों की मौजूदगी में नियमित रूप से सफाई कार्य करवा रहे हैं। अधिशासी अधिकारी धर्मराज राम स्वयं प्रात:काल से ही विभिन्न वार्डों का भ्रमण कर सफाई व्यवस्था का निरीक्षण कर रहे हैं। वे सफाईकर्मियों की उपस्थिति, कार्य की गुणवत्ता तथा नालियों और सड़कों की



स्वच्छता का जायजा लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश भी दे रहे हैं। सोमवार को कैथल गेट स्थित कच्चा कटारा (वार्ड नं. 02) में विशेष सफाई अभियान संचालित किया गया। इस दौरान नाले की शिल्ट को बुल्डोजर द्वारा निकाला गया, जिसे डंपर के माध्यम से ट्रेंचिंग ग्राउंड तक पहुंचाया गया। वार्ड नं. 02 की सभासद निशांत शर्मा एवं सफाई निरीक्षक प्रियंका सिंह की मौजूदगी में सफाईकर्मियों ने पूरे क्षेत्र की सफाई कार्यवाही की। अधिशासी अधिकारी ने बताया कि नालियों में जमी शिल्ट और घास-फूस के कारण मच्छरों का लार्वा बड़ी मात्रा में पनप रहा था, जिसे अब हटाकर क्षेत्र को स्वच्छ बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शहर के प्रत्येक वार्ड में नियमित सफाई, नालियों की सफाई और मच्छरनाशक दवाओं का छिड़काव कराया जा रहा है, ताकि नागरिकों को स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण मिल सके।

# महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण के लिए किया जागरुक

**चन्दौसी।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं/बालिकाओं के सुरक्षार्थ व स्वालंबन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान (फेज-5.0) के तहत पुलिस अधीक्षक जनपद सम्भल कृष्ण कुमार व अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) जनपद सम्भल अनुकृति शर्मा के निर्देशन में सोमवार को जनपद के थानों पर नियुक्त महिला पुलिसकर्मियों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रान्तर्गत आयोजित कार्यक्रम में बालिकाओं को जागरुक करने के साथ ही महिला संबंधित समस्याओं के निस्तारण कराने के संबंध में चौपाल का आयोजन कर जागरुक किया गया। और सशक्तिकरण स्वावलंबन हेतु चलाई जा रही विभिन्न विभागों की योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, उ०प्र० राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, राष्ट्रीय पोषण योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, पी०एम० स्वानिधि योजना, पी०एम० सम्मान निधि योजना, वन स्टाप सेन्टर, आयुष्मान योजना, सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना, महिला शक्ति केन्द्र योजना, मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना, कन्या सुमंगला योजना तथा पुलिस विभाग से संबंधित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112 इमरजेन्सी-108, महिला हेल्प लाईन-181, साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 आदि के बारे मे पंपलेट बांटकर जागरूक किया गया।

# टीएमयू की इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस स्मार्ट में जुटेंगे दुनिया के आईटी एक्सपर्ट्स

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद का कॉलेज ऑफ कंप्यूटिंग साइंसेज एंड इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी-सीसीएसआईटी फिर इतिहास रचने जा रहा है। 14वीं इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस में भारत समेत उज्बेकिस्तान, आयरलैंड, यूएसए, कतर, सऊदी अरब, मलेशिया, चीन, इंडोनेशिया, एलजीरिया आदि 10 देशों के आईटी विशेषज्ञ अपने अनुभव साझा करेंगे। इस कॉन्फ्रेंस के 10 तकनीकी सत्रों के 10 ट्रैक में आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, कर्नाटक समेंत 10 सूबों के शोधार्थी अपने-अपने रिसर्च पेपर्स प्रस्तुत करेंगे।

उल्लेखनीय है, 2012 से टीएमयू के सीसीएसआईटी और आईईईई यूपी अनुभाग साझा रूप से हर साल सिस्टम मॉडलिंग एंड एडवांसमेंट इन रिसर्च ट्रेंड्स-स्मार्ट का भव्य आयोजन होता है। स्मार्ट का मुख्य उद्देश्य वैश्विक चुनौतियों का समाधान करने और अभिनव समाधानों को बढ़ावा देने के लिए उभरती हुई प्रौद्योगिकियां, आईओटी और वायरलेस संचार, संचार और नेटवर्क प्रसारण, सिग्नल इमेज और संचार प्रौद्योगिकी, शासन, जोखिम और अनुपालन, ब्लॉक चेन प्रौद्योगिकी, उद्योग 4.0, एजुकेशन 4.0, सिस्टम मॉडलिंग और डिजाइन




कार्यान्वयन, रोबोटिक्स, नियंत्रण, इंस्ट्रूमेंटेशन और स्वचालन, बायोमेडिकल इंजीनियरिंग और स्वास्थ्य सेवा प्रौद्योगिकियां, डिजिटल इमेज प्रोसेसिंग और सूचना सुरक्षा और इंजीनियरिंग जैसे 13 विषयों पर मंथन करना है। इन विषयों पर देश-दुनिया के जाने-माने एक्सपर्ट्स 97 शोधपत्र प्रस्तुत करेंगे। टीएमयू के कुलाधिपति श्री सुरेश जैन, जीवीसी श्री मनीष जैन, कार्यकारी निदेशक श्री अक्षत जैन, वीसी प्रो. वीके जैन और डीन एकेडमिक्स प्रो. मंजुला जैन कहते हैं, सीसीएसआईटी स्मार्ट कॉन्फ्रेंस की अब देश और दुनिया में पहचान है। कुलाधिपति श्री सुरेश जैन ने उम्मीद जताई, स्मार्ट टीएमयू के रिसर्चर्स समेत वैश्विक पटल पर मील का पत्थर साबित होगी। कॉन्फ्रेंस जनरल चेयर और कॉलेज ऑफ इंजी. नियरिंग के डीन प्रो. राकेश कुमार द्विवेदी ने यह जानकारी साझा करते हुए बताया, प्रतीक्षित एवम् प्रतिष्ठित दो दिनी इस कॉन्फ्रेंस का आगाज 14 नवंबर से होगा। तकनीकी सत्रों के अलावा स्मार्ट 2025 कॉन्फ्रेंस में उद्योग और शिक्षा जगत के प्रमुख शिक्षाविदों- एबीवी-आईआईआईटीएम, ग्वालियर के निदेशक प्रो. एसएन सिंह, केंद्रीय यूनिवर्सिटी, हरियाणा के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार, आईआईटी रुड़की के सेवानिवृत्त प्रोफेसर डॉ. अरुण के. सराफ, एनएसयूटी की प्रोफेसर प्रो. प्रेरणा गौर, नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के राष्ट्रीय सौर ऊर्जा संस्थान के महा. निदेशक प्रो. मोहम्मद रिहान, ईसीई डेनवर यूनिवर्सिटी, डेनवर के जीएओ प्रो. डेविड वेनझोंग, अनुसंधान और विकास एचबीटीयू, कानपुर के डीन प्रो. रघुराज सिंह, वीएसटी यूनिवर्सिटी, रूस के डॉ. डेनिला पैरीगिन, गूगल सर्च, माउंटेन व्यू, कैलिफोर्निया के सॉफ्टवेयर इंजीनियर तपिश प्रताप सिंह, अमेजन के सॉफ्टवेयर डवलपमेंट इंजीनियर श्री स्पर्श जैन, ट्यूक्सबरी, एमए- यूएसए के नीरज के. द्विवेदी, आरडब्ल्यूटीएच आकिन यूनिवर्सिटी, जर्मनी के रिसर्च एसोसिएट फेलो आईएसीएम डॉ. सत्यवीर सिंह, आरईसी बिजनौर के निदेशक डॉ. नीलेंद्र बादल, आईईटी जीएलए यूनिवर्सिटी के अंतर्राष्ट्रीय संबंध और शैक्षणिक सहयोग के डीन प्रो. दिलीप के. शर्मा, राजकीय इंजी. नियरिंग कॉलेज बांदा में आईटी के विभागाध्यक्ष डॉ. विभाष यादव, एसएमवीडीयू, कटरा के डॉ. मनोज के. गुप्ता, शिव नादर इंस्टीट्यूशन ऑफ एमिनेंस, गौतमबुद्ध नगर के डॉ. अंकित गुप्ता, कैपजेमिनी कंसल्टिंग, मैकलीन, वीए, यूएसए के पंकज केआर द्विवेदी, डब्ल्यूआईटी देहरादून के इलेक्ट्रिकल विभाग के एचओडी केसी मिश्रा, जेएनयू, नई दिल्ली के डॉ. करण सिंह, दिल्ली यूनिवर्सिटी, दिल्ली के इलेक्ट्रॉनिक्स विज्ञान विभाग की एमएनएनआईटी प्रयागराज के डॉ. सुमित तिवारी, बेनेट यूनिवर्सिटी ग्रेटर नोएडा की डॉ. दीपिका पंतोला आदि बतौर कीनोट एड्रैस भी प्रस्तुत किए जाएंगे।



# आतंकवाद की धमक

सोमवार की शाम राजधानी दिल्ली में लालकिले के आसपास भीड़भाड़ वाले इलाके में हुए कार बम विस्फोट में आठ लोगों की मौत हो गई, जबकि करीब दो दर्जन लोग घायल बताए जाते हैं। यद्यपि धमाके की स्पष्ट वजह सामने नहीं आई है, फिर भी ब्लास्ट के पीछे आतंकी घटना से इन्कार नहीं किया जा सकता, हालांकि जम्मू-कश्मीर पुलिस ने राज्य में आतंकी नेटवर्क को ध्वस्त करते हुए देश को एक बड़े आतंकी हमले से बचा लिया है। एक कहावत है कि मुंह में राम और बगल में छुरी, ऐसी ही कहानी है पकड़े गए डाक्टर और शिक्षक की। इनका पेशा जनसेवा का है, लेकिन इनके पास से जो हथ्यिार बरामद हुए हैं, उनसे साफ हो गया है कि ये लोग जनसेवा की आड़ में देश को दहलाने की कोशिश कर रहे थे। पुलिस ने बड़ी सफलता प्राप्त करते हुए जैश-ए-मोहम्मद और अंसार गजवत-उल-हिंद (एजीयूएस) संगठनों के एक अंतर्राज्यीय और अंतर्राष्ट्रीय आतंकी मॉड्यूल का पर्दाफाश करते हुए पुलिस ने दो डॉक्टर समेत 7 लोगों को गिरफ्तार करने का दावा किया है। जम्मू-कश्मीर पुलिस के अनुसार डा. मुजम्मिल अहमद गनी के पास से लगभग 360 किलोग्राम विस्फोटक बरामद किया गया है। इस विस्फोटक के अमोनियम नाइट्रेट होने का संदेह है। फरीदाबाद स्थित उसके किराए के मकान से भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया। गनी अल फलाह विश्वविद्यालय में शिक्षक है। बताया गया है कि 19 अक्टूबर को शहर के बनपोरा नौगाम इलाके में विभिन्न स्थानों पर जैश-ए-मोहम्मद के कई पोस्टर चिपके हुए पाए गए, जिनमें पुलिस और सुरक्षाबलों को धमकाने और डराने की बात कही गई थी। जम्मू कश्मीर में पुलिस ने जिस मुस्तैदी से आतंक के आकाओं को दबोचने में कामयाबी हासिल की है, उस की चारों तरफ चर्चा हो रही है। अगर पुलिस को ये कामयाबी नहीं मिलती, तो देश में कई जगह आतंकी अपने मंसूबों को अंजाम दे सकते थे।

आतंकियों के देश में कई जगह तबाही मचाने की साजिश थी, जिसे नाकाम कर दिया गया है। पुलिस जांच में बताया गया है कि आने वाले दिनों में कई खुलासे हो सकते हैं। ये लोग जैश-ए-मोहम्मद और अंसार गजवत-उल-हिंद से जुड़े बताए गए हैं। 22 अप्रैल 2025 को जम्मू और कश्मीर, भारत के अनन्तनाग जिले में पहलगाम के पास बैसरन घाटी पर एक आतंकवादी हमला हुआ था, जिसमें 26 पर्यटकों की जान गई और 17 से अधिक लोग घायल हो गए। यह हमला जम्मू और कश्मीर के विशेष दर्जे के निरस्तीकरण के पश्चात् इस क्षेत्र में सबसे घातक हमलों में से एक था, जिसमें हिन्दू नागरिकों को निशाना बना उनका नरसंहार किया गया और कथित तौर पर इसका उद्देश्य कश्मीर घाटी में जनसांख्यिकीय परिवर्तनों का विरोध करना था। आतंकियों का कोई धर्म नहीं होता, इसीलिए इन्होंने देश में तबाही मचाने के लिए ये हथियार जमा कर रखे थे। भारत ने पहलगाम हमले के लिए पाकिस्तान को जिम्मेदार ठहराते हुए ऑपरेशन सिंदूर चलाया था, जिसमें पाकिस्तान में छिपे आतंकियों के ठिकाने ध्वस्त कर दिए गए थे। भारत की खुफिया एजेंसियों ने सुरक्षा से संबंधित एक अहम अलर्ट जारी किया है, जिसमें आईएसआई और पाकिस्तान में स्थित इस्लामिक आतंकवादी संगठनों द्वारा भारत में सिलसिलेवार बम धमाकों की साजिश रचने की जानकारी दी गई थी। खुफिया विभाग के मुताबिक ये आतंकवादी संगठन बांग्लादेश की मदद से भारत में हमले करने की योजना बना रहे हैं। इसी परिप्रेक्ष्य में ये कार्रवाई की गई है।

## मेड इन इंडिया को वैश्विक सम्मान



हमारे सभी रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम (डीपीएसयू) देश की आत्मनिर्भरता के मजबूत आधार हैं, ऑपरेशन सिंदूर जैसी कार्रवाइयों में उनकी शानदार भूमिका इस बात का प्रमाण है कि हमारे स्वदेशी रक्षा प्लेटफॉर्म भरोसेमंद और सक्षम हैं, वर्ष 2024-25 में भारत का रक्षा उत्पादन 1. 51 लाख करोड़ तक पहुंच गया, जिसमें डीपीएसयू का हिस्सा सबसे बड़ा है, देश का रक्षा निर्यात 6,695 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है, जो इस बात का संकेत है कि मेड इन इंडिया उत्पादों को वैश्विक स्तर पर सम्मान और भरोसा मिल रहा है, डीपीएसयू तेजी से स्वदेशी तकनीक के विकास, अनुसंधान और नवाचार, उत्पाद गुणवत्ता, समय पर डिलीवरी और निर्यात बढ़ाने पर ध्यान दें।

**-राजनाथ सिंह, रक्षा मंत्री**

# सुप्रीम कोर्ट का आदेश और आवारा कुत्तों की समस्या





**विनीत नारायण**

भारत में आवारा कुत्तों की समस्या एक जटिल सामाजिक और सार्वजनिक स्वास्थ्य मुद्दा रही है। बीते शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट ने एक आदेश जारी किया है जिसमें रेलवे स्टेशनों, अस्पतालों, स्कूलों सहित अन्य सार्वजनिक स्थलों से आवारा कुत्तों को तुरंत हटाने और उन्हें नसबंदी, टीकाकरण के बाद निश्चित आश्रमों में स्थानांतरित करने का निर्देश दिया गया है। साथ ही कोर्ट ने साफ किया है कि इन कुत्तों को उनकी मूल जगह वापस नहीं छोड़ा जाएगा, ताकि इन सार्वजनिक स्थलों से उनकी उपस्थिति खत्म हो सके। यह फैसला भारत में आवारा कुत्तों से जुड़ी बढ़ती समस्या, जैसे कि कुत्ते के काटने की घटनाओं में वृद्धि को देखते हुए लिया गया है।

सुप्रीम कोर्ट की तीन न्यायाधीशों की बेंच ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि सभी राज्य सरकारें और स्थानीय निकाय दो सप्ताह के अंदर सभी सरकारी और निजी स्कूलों, अस्पतालों, रेलवे स्टेशनों, बस स्टैंड आदि की पहचान करें जहां आवारा कुत्ते उपस्थित हैं। इसके बाद स्थानीय निकायों की जिम्मेदारी होगी कि वे इन कुत्तों को पकड़कर सुरक्षित आश्रमों में स्थानांतरित करें, जहां उन्हें न सिर्फ नसबंदी और टीकाकरण दिया जाएगा, बल्कि उनकी देखभाल भी सुनिश्चित की जाएगी। कोर्ट ने यह भी चेतावनी दी है कि यदि कोई व्यक्ति या संगठन इस कार्रवाई में बाधा डालता है तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। यह आदेश 13 जनवरी 2026 को समीक्षा के लिए पुन: लाया जाएगा।

जानवर प्रेमियों और पशु अधिकार संगठनों ने इस आदेश पर व्यापक असंतोष जताया है। उनका कहना है कि इस तरह के आदेश से कुत्तों के प्रति चिंता और संरक्षण कम हो सकता है। कई संगठन इस बात पर जोर देते हैं कि नसबंदी और टीकाकरण के बाद कुत्तों को उनके मूल क्षेत्र में ही जारी रखना चाहिए, क्योंकि ऐसा करने से इलाके में कुत्तों की आबादी नियंत्रित रहती है और कुत्तों के व्यवहार पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। वे पशु कल्याण बोर्ड के पुराने सुझावों का हवाला देते हैं, जिनमें कहा गया है कि आवारा कुत्तों का पुन: उनके क्षेत्र में छोड़ना बेहतर तरीका है न कि उन्हें जोर जबरदस्ती आश्रमों में बंद करना। कई जानवर प्रेमी और समाजसेवी समूह आशंकित हैं कि इस कदम से आवारा कुत्तों की संख्या और व्यवहार संबंधी समस्याएं बढ़ सकती हैं।

पशु प्रेमी, जो जानवरों के कल्याण के प्रति संवेदनशील होते हैं, उन्हें इस निर्णय को एक सकारात्मक कदम के रूप में देखना चाहिए। यह आदेश केवल कुत्तों को सार्वजनिक स्थानों से हटाने की बात नहीं करता, बल्कि उनके लिए एक सुरक्षित और मानवीय वातावरण प्रदान करने पर भी जोर देता है। नसबंदी और टीकाकरण जैसे कदम न केवल कुत्तों की आबादी को नियंत्रित करेंगे, बल्कि उनके स्वास्थ्य को भी बेहतर बनाएंगे। सड़कों पर रहने वाले कुत्ते अक्सर भोजन, पानी और चिकित्सा सुविधाओं की कमी से जूझते हैं, जिसके कारण वे आक्रामक हो सकते हैं। आश्रय स्थलों में उन्हें नियमित भोजन, चिकित्सा देखभाल और सुरक्षित स्थान मिलेगा, जो उनके जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाएगा।

वहीं सुप्रीम कोर्ट के इस आदेश को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए सरकार को कई महत्वपूर्ण कदम उठाने होंगे। यदि इसे सही ढंग से अमल में लाया जाए तो यह पूरे देश के लिए एक मॉडल बन सकता है। केवल दिल्ली में अनुमानित 10 लाख आवारा कुत्तों को देखते हुए, इसे अमल करना एक चुनौती हो सकती है। सरकार को बड़े पैमाने पर आधुनिक आश्रय स्थल बनाने होंगे, जो स्वच्छता, भोजन और चिकित्सा सुविधाओं से सुसज्जित हों। इन आश्रय स्थलों में पशु चिकित्सकों और प्रशिक्षित कर्मचारियों की नियुक्ति आवश्यक है।

पशु प्रेमियों की मानें तो इस आदेश जारी करते समय कुछ सावधानियों और वैकल्पिक उपायों पर विचार किया जाना आवश्यक था जैसेरूस्थानीय आश्रमों की संख्या, संसाधन और देखभाल क्षमता का आकलन,कुत्तों की संख्या नियंत्रित करने के लिए आम लोगों में जागरूकता और सामाजिक समन्वय,नसबंदी और टीकाकरण के बाद ही कुत्तों को उनके इलाके में छोड़ने की नीति,कुत्तों के प्रति मानवीय व्यवहार सुनिश्चित करने के लिए सार्वजनिक शिक्षा,पशु अधिकार समूहों, नगर निगम और प्रशासन के बीच संवाद और सहयोग को बढ़ावा।

भारत में आवारा कुत्तों की संख्या बहुत अधिक है, और प्रबंधन के लिए अलग-अलग राज्यों में ABC (AnimalBirthControl) नियम चलाए जाते हैं, जिसमें नसबंदी, टीकाकरण और पुन: छोड़ना शामिल है। उदाहरण स्वरूप, जयपुर और गोवा जैसे शहरों ने इस विधि से कुत्तों से होने वाली बीमारियों को काफी हद तक नियंत्रण में रखा है।

दूसरी ओर, विश्व के कई देशों ने भी अपनी-अपनी रणनीतियां अपनाई हैंरूसिंगापुर में सरकारी निकाय द्वारा कुत्तों को पकड़कर नसबंदी और टीकाकरण के बाद या तो पुन: छोड़ दिया जाता है या फिर उनका पुनर्वास किया जाता है, तुर्की के इस्तांबुल में मोबाइल वेटरनरी क्लीनिक और सार्वजनिक फीडिंग स्टेशन बनाए गए हैं, जिससे कुत्तों का प्रबंधन प्रभावी ढंग से हो रहा है, भूटान में 2023 में 100 प्रतिशत आवारा कुत्तों की नसबंदी का लक्ष्य हासिल किया गया,रोमानिया में कुत्तों की संख्या नियंत्रित करने के लिए नसबंदी पर जोर दिया गया है, साथ ही सार्वजनिक प्रतिक्रिया को ध्यान में रखते हुए कुत्तों की हत्या से बचा गया है।

उल्लेखनीय है कि दुनिया भर में केवल नीदरलैंड ही एक ऐसा देश है जहां पर आपको आवारा कुत्ते नहीं मिलेंगे। नीदरलैंड सरकार ने एक अनूठा नियम लागू किया। किसी भी पालतू पशु की दुकान से खरीदे गए महंगी नसल के कुत्तों पर वहां की सरकार भारी मात्रा में टैक्स लगती है। वहीं दूसरी ओर यदि कोई भी नागरिक इन बेघर पशुओं को गोद लेकर अपनाता है तो उसे आयकर में छूट मिलती है। इस नियम के लागू होते ही लोगों ने अधिक से अधिक बेघर कुत्तों को अपनाना शुरू कर दिया। धीरे-धीरे नीदरलैंड की सड़कों व मोहल्लों से आवारा कुत्तों की संख्या घटते-घटते बिलकुल शून्य हो गई।

यह मॉडल भारत के लिए भी प्रासंगिक हैं, जहां मानवीय और वैज्ञानिक तरीके से आवारा कुत्तों की संख्या नियंत्रित करना अत्यंत आवश्यक है।सुप्रीम कोर्ट का आदेश आवारा कुत्तों की समस्या पर कड़ा कदम है, लेकिन इसके अमल में स्थानीय प्रशासन, जानवर प्रेमी और स्थानीय समुदाय के बीच सामंजस्य और समझ जरूरी है। आवारा कुत्तों को हटाने के बजाय उन्हें स्थाई और मानवीय तरीके से नियंत्रित करने के लिए बेहतर नीतियों और जागरूकता की आवश्यकता है, ताकि न सिर्फ इंसानी सुरक्षा सुनिश्चित हो बल्कि पशु कल्याण भी बना रहे। भारत जैसे बहु-आयामी सामाजिक परिवेश में आवारा कुत्तों की समस्या का समाधान सामूहिक और संवे. दनशील दृष्टिकोण से ही संभव है।इस लिहाज से यह आवश्यक होगा कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के साथ पशु अधिकार संगठनों और स्थानीय निकायों की मदद से ऐसे उपाय किए जाएं, जो दोनों पक्षों के हित में हों और आवारा कुत्तों का हानिरहित प्रबंधन सुनिश्चित करें।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# स्थानीय जैव विविधता से धान का सर्वोत्तम विकास

**गालमिज के लिए हालांकि बहुत सारे प्रतिरोधक दाता मिले हैं, पर अभी तक देश में जारी की गई अधिकतर प्रतिरा. धक किस्में या तो कम उत्पादक हैं अथवा विभिन्न स्थानों पर उगाए जाने पर, प्रतिरोध में एकरूपता नहीं दिखाती हैं। यहां भी ऊंची उत्पादकता व अधिक स्थाई प्रतिरोध के मिलन को प्राप्त नहीं किया जा सका है। टास्क फोर्स के इन उद्धरणों में हम इतना ही जोड़ना चाहेंगे कि एच. वाय.वी. की ये समस्याएं अभी तक बनी हुई हैं। इसके साथ यह भी जोड़ देना उचित है कि कम साधनों वाले छोटे किसानों के लिए ए किस्में विशेष रूप से समस्याप्रद है।**

धान विश्व की सबसे महत्वपूर्ण फसल है। अत: बहुराष्ट्रीय कंपनियां यह भरपूर प्रयास कर रही हैं कि उनके नियंत्रण वाली जीएम व जीन परिवर्तित फसलें चावल में भी चल निकलें। दूसरी ओर, किसानों के हित में यह है कि यहां की देशी विविधता भरी धान की किस्मों को खेतों में उगाया जाए। यह भारत के संदर्भ में तो और भी महत्वपूर्ण है क्योंकि भारत में धान की जैव-विविधता का विशाल भंडार है। इन्हें हमारे पूर्वज किसानों ने एकत्र किया परंतु बहुराष्ट्रीय कंपनियां इनसे मुनाफा कमाना चाहती हैं।

भारत के विख्यात धान वैज्ञानिक डॉ. आरएच रिछारिया 1960-70 के दशक में केंद्रीय धान अनुसंधान संस्थान कटक के निदेशक रहे। यहां उन्होंने देशी विविधता भरी किस्मों पर आधारित महान धान विकास कार्यक्रम तैयार किया था। लेकिन इससे पहले कि वे इसे कार्यान्वित कर पाते विदेशी किस्मों को बाहर से लाद दिया गया व डॉ. रिछारिया को अपना पद छोड़ना पड़ा। फिर भी उनके अति विशिष्ट योगदानों को देखते हुए सरकार ने बार-बार उनका परामर्श लेने की जरूरत समझी। 1960-70 के दशक के मध्य में विदेशी सहायता संस्थाओं और अनुसंधान केंद्रों के दबाव में भारतीय सरकार ने चावल की बौनी व रासायनिक खाद का अधिक उपयोग करने वाली किस्मों के प्रसार का निर्णय लिया। इन्हें चावल की अधिक उत्पादक किस्में (हाई ईल्डिंग वेरायटी-एच.वाय.वी) कहा गया। एक महत्वपूर्ण बात यह है कि इतनी ही या इससे अधिक उत्पादकता देने वाली देशी किस्मों को अधिक उत्पादक किस्मों की सरकारी सूची में सम्मिलित नहीं किया गया, और विदेशी किस्मों को अधिक उत्पादकता का एकमात्र स्रोत मान लिया गया। इन्हें देश के अनेक भागों मे हरित क्रांति किस्में कहा जाता है। नीचे प्रस्तुत तालिका से स्पष्ट है कि अपेक्षाकृत कम रासायनिक खाद व अन्य खर्च के बावजूद धान उत्पादकता में वृद्धि दर हरित क्रांति या विदेशी किस्मों के प्रसार से पहले अधिक थी। विदेशी अधिक उत्पादक किस्मों की इस विफलता के क्या कारण हैं? फरवरी 1979 में केंद्रीय धान अनुसंधान संस्थान, कटक में डॉ. रिछारिया की अध्यक्षता में हुई धान प्रजनन के ख्यात विशेषज्ञों की बैठक में इस विफलता के कुछ कारण बताए गए थे।

विदेशी अधिक उत्पादक किस्मों का भारत के अधि. कतर धान उत्पादन क्षेत्र के लिए अनुकूल न होना व बीमारियों व कीड़ों आदि के प्रति अधिक संवेदनशील होना। कहा गया कि अधिकतर एचवायवीटीएन (1) या आई.आर.(8) से व्युत्पादित है व इस कारण उनमें बौना करने का डी.जी.ओ.वू. जेन का जीन है। इस संकीर्ण आनुवंशिक आधार से भयप्रद एकरूपता उत्पन्न हो गई है, इसी कारण विनाशक जंतुओं (कीट आदि) व बीमा. रियों के प्रति संवेदनशीलता भी बढ़ी है। प्रसारित की गई अधिकतर किस्में प्रारूपी उच्च भूमि व निम्न भूमि (टिपिकल अपलैंड्स एंड लोलैंड्स), जो देश में कुल चावल क्षेत्र का लगभग 75 प्रतिशत हिस्सा है, के लिए अनुकूल नहीं है। इन स्थितियों में सफलता के लिए हमें अपने अनुसंधान कार्यक्रमों व रणनीतियों को पुनरूउन्मुख करने की आवश्यकता है। एक अन्य स्थान पर इसी टास्क फोर्स ने कहा है, हभारत में जारी की गई विभिन्न धान की किस्मों की वंशावली को सरसरी निगाह से देखने से ही स्पष्ट हो जाता है कि जनन द्रव्य का आधार बहुत संकीर्ण है। नई किस्मों की विनाशक जंतुओं (पेस्ट) के प्रति बढ़ती संवेदनशीलता के विषय में टास्क फोर्स ने कहा है, एच.वाय.वी. के आगमन से गालमिज, भूरे फुदके (ब्राऊन प्लांटहॉपर), पत्ती मोड़ने वाले कीड़े (लीफ फोल्डर) वोर्ल मैगट जैसे विनाशक कीटों की स्थिति में उल्लेखनीय तब्दीली आई है। चूंकि अब तक जारी की गई अधिकतर एच.वा.वी. मुख्य विनाशक जंतुओं के प्रति संवेदनशील है, 30 से 100 प्रतिशत तक फसल की हानि होने की संभावना रहती है। उत्पादकता को स्थायित्व प्रदान करने के लिए अंतर्निहित प्रतिरोध (बिल्ट इन रजिस्टेंस) वाली किस्मों का विकास अति आवश्यक हो गया है।

किंतु प्रतिरोधक किस्मों के विकास का पिछला रिकार्ड तो कतई उत्साहवर्द्धक नहीं रहा है, जैसा कि टास्क फोर्स ने स्वीकार किया, हकीट प्रतिरोधक प्रजनन कार्यक्रम के परिणाम अभी तक उत्साहपूर्वक नहीं रहे हैं। हालांकि विनाशक जंतुओं की प्रतिरोधी कुछ किस्में जारी की गई हैं लेकिन रत्न के अलावा इनमें से किसी का भी अच्छा प्रसार नहीं हुआ है।


(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# शिक्षा के शिल्पी राष्ट्र के वास्तुकार मौलाना आजाद



**श्वेता गोयल**

भारतीय शिक्षा जगत के लिए 11 नवम्बर का दिन अत्यंत गौरवपूर्ण है। इस दिन को पूरे देश में राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के रूप में मनाया जाता है, जो स्वतंत्र भारत के प्रथम शिक्षा मंत्री, महान स्वतंत्रता सेनानी, विद्वान, साहित्यकार, विचारक और भारतीय शिक्षा के आधारशिला-निर्माता मौलाना अबुल कलाम आजाद की जयंती के उपलक्ष्य में समर्पित है। 2008 में भारत सरकार के मानव संसाधन विकास मंत्रालय ने इस दिन को आधिकारिक रूप से 'राष्ट्रीय शिक्षा दिवस' घोषित किया था। यह केवल एक स्मृति दिवस नहीं बल्कि उस दृष्टि का उत्सव है, जिसने स्वतंत्र भारत को शिक्षित, प्रबुद्ध और प्रगतिशील बनाने की दिशा दी। मौलाना अबुल कलाम आजाद उन विरले व्यक्तित्वों में से थे, जिन्होंने न केवल स्वतंत्रता संग्राम में अपनी कलम और वाणी से योगदान दिया बल्कि आजादी के बाद राष्ट्र के बौद्धिक और नैतिक उत्थान की दिशा भी तय की। वे मानते थे कि शिक्षा केवल ज्ञान प्राप्ति का माध्यम नहीं बल्कि आत्मा को स्वतंत्र करने और समाज को जागृत करने का साधन है। उनका यह विश्वास था कि कोई भी राष्ट्र तब तक महान नहीं बन सकता, जब तक उसके नागरिक शिक्षित और सुसंस्कृत न हों। आजाद का शिक्षा दर्शन भारतीय परंपरा और आधुनिक वैज्ञानिक दृष्टिकोण का अद्भुत समन्वय था। उन्होंने शिक्षा को समानता, एकता और राष्ट्रीय पुनर्निर्माण का आधारस्तंभ माना।



स्वतंत्र भारत के पहले शिक्षा मंत्री के रूप में मौलाना आजाद का योगदान भारतीय शिक्षा व्यवस्था के इतिहास में स्वर्णाक्षरों में अंकित है। वे यह भली-भांति समझते थे कि शताब्दियों की दासता ने भारत की आत्मा को कुंठित कर दिया है और इस कुंठा को केवल शिक्षा ही दूर कर सकती है। इसी दृष्टि से उन्होंने सर्वजन शिक्षा की अवधारणा को नीतिगत रूप दिया। उन्होंने कहा था, 'एक राष्ट्र, जो अपने प्रत्एक बालक-बालिका को शिक्षित नहीं कर सकता, वह अपनी भविष्य की नींव कमजोर बना रहा है।' आज जब हम 'सबके लिए शिक्षा', 'राष्ट्रीय शिक्षा नीति' या 'शिक्षा का अधिकार' की बात करते हैं तो उसकी जड़ें मौलाना आजाद की दूरदर्शी नीतियों में गहराई तक बसी हैं। मौलाना आजाद के कार्यकाल में शिक्षा मंत्रालय ने जो आधारभूत ढ़ांचा तैयार किया, वही आगे चलकर आधुनिक भारत की ज्ञान-व्यवस्था का मेरुदंड बना। उन्होंने प्राथमिक शिक्षा को अनिवार्य और नि:शुल्क करने पर बल दिया। उन्होंने माध्यमिक और उच्च शिक्षा में भी वैज्ञानिक दृष्टिकोण के विकास को आवश्यक बताया। विश्वविद्यालयों, तकनीकी संस्थानों और अनुसंधान केंद्रों की स्थापना उनके स्वप्न का ही विस्तार था। भारत में आज जो अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई), विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी), भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), भारतीय विज्ञान संस्थान (आईआईएससी), भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) जैसे प्रतिष्ठान हैं, उनकी नींव मौलाना आजाद की कल्पना और नेतृत्व में पड़ी। उन्होंने 1948 में भारतीय शिक्षा आयोग (राधाकृष्णन आयोग) की स्थापना की, जिसने उच्च शिक्षा के उद्देश्यों और दिशा को स्पष्ट किया। मौलाना आजाद के विचार केवल संस्थान निर्माण तक सीमित नहीं थे बल्कि शिक्षा की आत्मा को लेकर भी अत्यंत व्यापक थे। वे मानते थे कि शिक्षा का उद्देश्य केवल रोजगार प्राप्ति नहीं बल्कि व्यक्ति के व्यक्तित्व का समग्र विकास है। उन्होंने धार्मिक और नैतिक शिक्षा के बीच संतुलन की आवश्यकता पर बल दिया और कहा कि शिक्षा का प्रयोजन व्यक्ति को सत्य, करुणा और सहिष्णुता के मार्ग पर अग्रसर करना है। मौलाना आजाद बहुभाषी शिक्षा के पक्षधर थे और मातृभाषा में प्रारंभिक शिक्षा के महत्व को समझते थे। उनका यह विचार आज भी नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में प्रतिध्वनित होता है, जहां मातृभाषा को प्राथमिक शिक्षा का माध्यम बनाने पर जोर दिया गया है। उनकी .ष्टि केवल औपचारिक शिक्षा तक सीमित नहीं थी, वे व्यस्क शिक्षा, तकनीकी प्रशिक्षण और महिला शिक्षा के भी प्रबल समर्थक थे। उनका मानना था कि कोई भी समाज तब तक प्रगतिशील नहीं बन सकता, जब तक महिलाएं शिक्षा से वंचित रहें। उन्होंने शिक्षा में समान अवसर की अवधारणा प्रस्तुत की, जिससे समाज के हाशिए पर खड़े वर्गों को भी मुख्यधारा में लाया जा सके। उनके अनुसार, 'शिक्षा का प्रकाश तभी सार्थक है, जब वह सबसे अंधेरे कोनों तक पहुंचे।' उनकी नीतियों का एक और उल्लेखनीय पहलू था, शिक्षा का राष्ट्र निर्माण में उपयोग। वे शिक्षा को केवल व्यक्ति की उन्नति नहीं बल्कि सामूहिक चेतना के निर्माण का साधन मानते थे। उनके अनुसार, भारत की आत्मा उसकी सांस्कृतिक विविधता और आध्यात्मिक एकता में बसती है और शिक्षा ही वह माध्यम है, जो इस विविधता में एकता का बोध करा सकती है। इसीलिए उन्होंने शिक्षा के पाठङक्रम में भारतीय संस्कृति, इतिहास और दर्शन को प्रमुख स्थान देने की आवश्यकता बताई। आज जब हम 'राष्ट्रीय शिक्षा दिवस' मनाते हैं तो यह आत्ममंथन का अवसर भी होता है। हमें यह सोचने की आवश्यकता है कि क्या हम मौलाना आजाद के स्वप्न के अनुरूप एक शिक्षित, समान और जागरूक समाज बना पाए हैं? स्वतंत्रता के 78 वर्षों बाद भी हमारे देश में अशिक्षा, विद्यालय छोड़ने की दर और शिक्षा की गुणवत्ता जैसी चुनौतियां बनी हुई हैं। सरक. ारी आंकड़े बताते हैं कि ग्रामीण भारत में अभी भी लाखों बच्चे प्राथमिक शिक्षा से वंचित हैं और उच्च शिक्षा में नामांकन दर विकसित देशों की तुलना में काफी कम है। शिक्षा में असमानता, डिजिटल अंतराल और कौशल की कमी आज हमारे विकास पथ में बड़ी बाधा बनकर उभरी हैं। मौलाना आजाद का सपना केवल विद्यालयों की दीवारों तक सीमित नहीं था बल्कि वे एक ऐसे भारत की कल्पना करते थे, जहां शिक्षा व्यक्ति को सोचने, प्रश्न करने और सृजन करने की स्वतंत्रता दे। वे कहते थे, 'हमारी आजादी तभी सार्थक होगी, जब हर व्यक्ति ज्ञान और विवेक के प्रकाश से प्रकाशित होगा।' यही वह विचार है, जो आज भी शिक्षा के हर सुधार, हर नीति और हर अभियान की आत्मा है। शिक्षा का लोकतंत्रीकरण तभी संभव है, जब समाज स्वयं आगे बढ़े, जब शिक्षक केवल ज्ञानदाता नहीं, मार्गदर्शक बनें, जब विद्यार्थी केवल अंक पाने की दौड़ में नहीं बल्कि जीवन को समझने की यात्रा पर निकलें और जब शिक्षा का उद्देश्य केवल नौकरी नहीं बल्कि राष्ट्र निर्माण बने। भारत आज ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था की ओर अग्रसर है। डिजिटल युग ने शिक्षा को नई परिभाषा दी है, लेकिन साथ ही नई चुनौतियां भी खड़ी की हैं। मौलाना आजाद की शिक्षा-दृष्टि आज भी उतनी ही प्रासंगिक है क्योंकि उन्होंने जिस शिक्षा की परिकल्पना की थी, वह केवल तकनीकी दक्षता नहीं बल्कि मानवीय संवेदनशीलता, बौद्धिक स्वतंत्रता और सामाजिक न्याय पर आधारित थी। मौलाना आजाद का नाम भारत के इतिहास में न केवल स्वतंत्रता संग्राम के महानायक के रूप में दर्ज है बल्कि उस महान शिक्षाविद् के रूप में भी, जिसने भारत के भविष्य की दिशा तय की।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## संक्षिप्त समाचार

### श्रीनगर में सर्दी का आगमन, तापमान शून्य से नीचे

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में रविवार की रात को इस मौसम में तापमान पहली बार शून्य डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार, राज्य की ग्रीष्मकालीन राजधानी में पहली बार तापमान शून्य से नीचे दर्ज किया गया। यह शून्य से एक डिग्री सेल्सियस नीचे तक गिर गया। घाटी के अधिकांश मौसम केंद्रों ने भी शून्य से नीचे तापमान दर्ज किया। एकमात्र अपवाद दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले का कोकरनाग था, जहां न्यूनतम तापमान थोड़ा अधिक 1.4 डिग्री सेल्सियस रहा।

### इक्वाडोर में जेल में हुए दंगे में चार कैदियों की मौत

**क्विटो।** इक्वाडोर के दक्षिणी तटीय प्रांत एल ओरो की राजधानी माचाला में रविवार को जेल में हुए दंगों में कम से कम चार कैदियों की मौत हो गई और 40 अन्य घायल हो गए। राष्ट्रीय जेल प्रशासन एजेंसी एसएनएआई ने सोमवार को यह जानकारी दी। एसएनएआई ने एक बयान में कहा कि माचाला की जेल संख्या एक में तड़के हिंसा भड़क उठी। स्थानीय मीडिया ने बताया कि यह दंगा कैदियों को एक उच्च-सुरक्षा वाली जेल में स्थानांतरित करने के कारण भड़का, जिसमें चार कैदियों की मौत हो गई और कम से कम 40 अन्य घायल हो गए।

### स्लोवाकिया में ट्रेन की टक्कर में 18 घायल

**ब्रातिस्लावा।** स्लोवाकिया में पेजिनोक और ब्रातिस्लावा के बीच रविवार रात दो यात्री ट्रेनों की आमने-सामने की टक्कर में 18 लोग घायल हो गए। यह दुर्घटना राजधानी को पेजिनोक से जोड़ने वाले व्यस्त गलियारे पर हुई। गृहमंत्री मतुस सुताज एस्टोक ने एक टेलीविज़न ब्रीफिंग के दौरान कहा कि इस हादसे में 12 से अधिक लोग लोग घायल हुए हैं और ग्यारह लोगों को अस्पताल ले जाया गया है। उन्होंने कहा, 'दुर्घटना में किसी की मौत नहीं हुई।' स्लोवाक गणराज्य समाचार एजेंसी की एक रिपोर्ट के अनुसार रविवार शाम ब्रातिस्लावा क्षेत्र के पेजिनोक शहर और राजधानी ब्रातिस्लावा के बीच दो ट्रेनों की टक्कर में कम से कम 18 घायल हो गए।

### न्यूजीलैंड के राष्ट्रीय उद्यान में आग लगी

**वेलिंगटन।** न्यूज़ीलैंड के टोंगारिरो राष्ट्रीय उद्यान के जंगल में लगी आग ने करीब 2500 हेक्टेयर क्षेत्र को अपनी चपेट में ले लिया है और अभी तक इस पर काबू नहीं पाया जा सका है न्यूज़ीलैंड के अग्निशमन एवं आपातकालीन विभाग ने कहा है कि आग का दायरा अनुमानित 2500 हेक्टेयर से ज्यादा होने की आशंका है। सोमवार सुबह टोंगारिरो राष्ट्रीय उद्यान में धुंध छाई रही, जिससे रात बुझाने के अभियान में देरी हुई। धुंध के कारण सभी विमानों की उड़ाने रोक दी गई हैं।



**जहानाबाद।** बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे और अंतिम चरण से एक दिन पहले मतदान सामग्री लेकर मतदान अधिकारी अपने-अपने मतदान केंद्रों के लिए रवाना हुए।

## चीन की नाव दुर्घटनाग्रस्त, दो नाविकों को बचाया गया, 11 लापता

**सोल।** दक्षिण कोरिया की राजधानी सियोल से लगभग 180 किलोमीटर दक्षिण-पश्चिम में गुसान के पास इओचेओंग द्वीप के पास सोमवार को चीन की एक मछली पकड़ने वाली नाव के दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस हादसे के बाद दो नाविकों को बचा लिया गया, जबकि नौ लोग लापता है। यह जानकारी द. कोरिया की न्यूज एजेंसी योनहाप ने अपनी रिपोर्ट में दी है। रिपोर्ट के अनुसार 99 टन वजनी यह नाव स्थानीय समयानुसार सोमवार को सुबह लगभग 8:53 बजे द्वीप से लगभग 150 किलोमीटर दक्षिण-पश्चिम में पानी में पलट गई। इस दुर्भाग्यपूर्ण जहाज पर सवार चालक दल के 11 सदस्यों में से दो को पास के पानी में चल रहे एक मालवाहक जहाज ने बचा लिया, लेकिन शेष नौ का अभी भी पता नहीं चल पाया है।

# प्रधानमंत्री-राष्ट्रपति से ज्यादा ताकतवर होंगे मुनीर

## पाकिस्तान में आर्मी चीफ को तीनों सेनाओं के मुखिया, परमाणु हथियार की कमांड मिलेगी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में आसिम मुनीर राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री से भी ज्यादा ताकतवर होने जा रहे हैं। उन्हें तीनों सेनाओं का चीफ आफ डिफेंस फोर्सेज (सीडीएफ) बनाया जा रहा है। यह पद मिलते ही उन्हें परमाणु हथियारों की कमांड मिल जाएगी।

शहबाज सरकार इसके लिए संविधान में बदलाव कर रही है। इससे जुड़ा बिल आज संसद के दोनों सदनों सीनेट और नेशनल असेंबली में पेश किया गया। इस पर वोटिंग जारी है। इसे 27वां संविधान संशोधन कहा जा रहा है। इसके जरिए सरकार सुप्रीम कोर्ट और अदालत की भी ताकत घटाने जा रही है। इस विधेयक को पाकिस्तान के इतिहास में सबसे बड़ा और विवादास्पद प्रस्ताव माना जा रहा है। कहा जा रहा है कि यह देश की न्याय व्यवस्था और सैन्य ढांचे दोनों को बदलकर रख देगा। 27वां संविधान संशोधन विधेयक को पारित कराने के लिए दो-तिहाई बहुमत की जरूरत होगी। यानी सीनेट में 64 वोट और नेशनल असेंबली में 224 वोट। 96 सदस्ईय सीनेट में सत्ताधारी गठबंधन के पास कुल 65



■ कानून बनाने के लिए संसद में वोटिंग जारी

वोट हैं, जो आवश्यक बहुमत से एक वोट ज्यादा है। वहीं, 326 एक्टिव मेंबर वाली नेशनल असेंबली में सरकार के पास कुल 233 सांसदों का समर्थन है। इन आंकड़ों के आधार पर सरकार के पास दोनों सदनों में संशोधन पारित कराने के लिए पर्याप्त बहुमत मौजूद है। पारित होने के बाद इसे राष्ट्रपति के दस्तखत के लिए भेजा जाएगा। 27वें संविधान संशोधन का एक बहुत खास हिस्सा है नेशनल स्ट्रैटजिक कमांड (एनएससी) का गठन। यह कमांड पाकिस्तान के परमाणु हथियारों और मिसाइल सिस्टम की निगरानी और नियंत्रण करेगी। अब तक यह जिम्मेदारी नेशनल कमांड अथारिटी (एनसीए) के पास थी, जिसकी अध्यक्षता प्रधानमंत्री करते थे, लेकिन अब से एनएससी के पास इसकी जिम्मेदारी हो जाएगी। एनएससी का कमांडर भले ही प्रधानमंत्री की मंजूरी से नियुक्त होगा, लेकिन यह नियुक्ति सेना प्रमुख (सीडीएफ) की सिफारिश पर ही होगी। सबसे जरूरी यह पद सिर्फ आर्मी के अफसर को ही दिया जाएगा। इससे देश के परमाणु हथियारों का नियंत्रण अब पूरी तरह सेना के हाथ में चला जाएगा। अनुच्छेद 243, जो पहले राष्ट्रपति को सशस्त्र बलों का सुप्रीम कमांडर' घोषित करता था, अब व्यवहार में सेना प्रमुख को सर्वोच्च बना देगा। पाकिस्तान में कानूनी रूप से तीनों सेनाएं राष्ट्रपति के कमांड में होती हैं और राष्ट्रपति प्रधानमंत्री की सलाह पर आर्मी चीफ, नौसेना प्रमुख और वायुसेना प्रमुख की नियुक्ति करता है। नए प्रावधान के तहत चीफ आफ डिफेंस फोर्सेस (सीडीएफ) नाम से एक नया पद बनाया जा रहा है।

# भारत पर हमले की तैयारी में हाफिज सईद

## बांग्लादेश को हमलों के लिए लॉन्चपैड के रूप में इस्तेमाल करने की योजना बना रहा आतंकी सरगना

**इस्लामाबाद।** आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा का सरगना हाफिज सईद भारत पर नए हमलों की तैयारी कर रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, वह बांग्लादेश को इन हमलों के लिए लान्चपैड के रूप में इस्तेमाल करने की योजना बना रहा है। यह खुलासा पाकिस्तान के खैरपुर तामेवाली में 30 अक्टूबर को हुई एक रैली के वीडियो से हुआ है।

इसमें लश्कर-ए-तैयबा के सीनियर कमांडर सैफुल्लाह सैफ ने कहा, शहाफिज सईद खाली नहीं बैठे हैं, वे बांग्लादेश के रास्ते भारत पर हमला करने की तैयारी कर रहे हैं। सैफ ने कहा-भारत हम पर चढ़ा हुआ था, अमेरिका उनके साथ था। लेकिन आज उनका साथ कोई नहीं दे रहा। सैफ ने दावा किया कि लश्कर के आतंकी पहले से ही बांग्लादेश में सक्रिय हैं और 'ऑपरेशन सिंदूर' का बदला लेने को तैयार हैं। सूत्रों के अनुसार, हाफिज सईद ने अपने करीबी साथी को बांग्लादेश भेजा है, जो वहां के युवाओं को ट्रेनिंग दे रहा है। रैली में आतंकवादी सैफ ने लोगों को भारत के खिलाफ जंग छेड़ने के लिए उकसाया। इस रैली में बच्चे भी मौजूद थे। आतंकी संगठन नाबालिगों को भी भड़काकर भारत के खिलाफ इस्तेमाल करना चाहते हैं। सैफ ने पाकिस्तानी सेना की तारीफ करते हुए झूठा दावा किया कि 9-10 मई की रात 'ऑपरेशन सिंदूर' के जवाब में कार्रवाई हुई। उसने कहा कि अब अमेरिका हमारे साथ है। बांग्लादेश भी फिर से पाकिस्तान के करीब आ रहा है। हाल ही में लश्कर-ए-तैयबा का डिप्टी चीफ सैफुल्लाह कसूरी का भी एक वीडियो सामने आया था, जिसमें वो भारत से हिंदुओं का सफाया करने की धमकी दे रहा था। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक ये वीडियो 22 अप्रैल के पहलगाम आतंकी हमले से पहले का था। कसूरी इस हमले के मास्टरमाइंड में से एक है। वीडियो में वह कहता है कि हमारे काफिले न रुकेंगे, न थमेंगे और तब तक चौन से नहीं बैठेंगे जब तक पूरे हिंदुस्तान पर 'ला इलाहा इलल्लाह' (अल्लाह के अलावा कोई दूसरा नहीं) के परचम लहरा नहीं देते। कसूरी आगे कहता है कि ये वक्त आने वाला है, कोई नाउम्मीदी नहीं। हम जिस मैदान में खड़े हुए हैं, अपने दुश्मन को चारो खाने चित्त किया है। ये हिंदू हमारे सामने क्या है। हिंदुस्तान का हिंदू मिट जाएगा और इस्लाम का राज आने वाला है। कसूरी वीडियो में कहता है कि ये भाषण वो लश्कर के मुरीदके हेडक्वार्टर से दे रहा है। भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान लश्कर के इस हेडक्वार्टर पर हमला बोला था। बाद में पाकिस्तानी सेना ने झूठा दावा किया था कि यह आतंकवादी अड्डा नहीं, बल्कि एक मस्जिद है। लश्कर के डिप्टी चीफ सैफुल्लाह कसूरी का वायरल वीडियो जिसमें वो भारत को धमकी देता है। कसूरी ने पाकिस्तान को 'अल्लाह की दी हुई पनाहगार' बताया। उसने कहा पाकिस्तान सलामती और अमन की सरजमीं है, ये दुनियाभर के मुस्लिमों का हमदर्द और मददगार है। इसके अलावा कसूरी ने दुनिया से पाकिस्तान की कद्र करने और जुड़ने को कहा। इससे पहले 17 सितम्बर को कसूरी ने टेलीग्राम पर वीडियो जारी कर भारत और पीएम मोदी को अंजाम भुगतने की धमकी दी थी। वीडियो में, कसूरी ने चेता. वनी दी कि जम्मू-कश्मीर में भारतीय बांधों, नदियों और इलाकों पर कब्जा करने की कोशिशें की जाएगी।



■ जंग छेड़ने के लिए बच्चों को उकसा रहा आतंकी
■ यह खुलासा पाकिस्तान के खैरपुर तामेवाली में 30 अक्टूबर को हुई एक रैली के वीडियो से हुआ

## माली में अपहृत पांच भारतीयों की जल्द रिहाई के प्रयास जारीः भारतीय दूतावास

**बमाको।** अफ्रीकी देश माली स्थित भारतीय दूतावास ने कहा है कि वह कोबरी शहर में अपहृत पांच भारतीय नागरिकों की जल्द और सुरक्षित रिहाई के लिए स्थानीय प्रशासन और नियोक्ता कंपनी के साथ मिलकर हर संभव कोशिश कर रहा है। दूतावास ने सोशल मीडिया में एक पोस्ट में कहा कि उसे इस मामले की जानकारी है और अपहृत भारतीयों को छुड़ाने के प्रयास किए जा रहे हैं। पोस्ट में कहा गया है,ष्गत छह नवम्बर को हमारे पांच नागरिकों के अपहरण की दुर्भाग्यपूर्ण घटना से दूतावास अवगत है। इनकी जल्द से जल्द सुरक्षित रिहाई सुनिश्चित करने के लिए दूतावास संबंधित अधिकारियों और कंपनी के साथ मिलकर काम कर रहा है। इस बीच रेडियो फ्रांस इंटरनेशनल ने बताया है कि नियोक्ता कंपनी के एक अधिकारी ने कहा है कि इस मामले के त्वरित समाधान के प्रयास किए जा रहे हैं।

# इजरायली हवाई हमलों में हिजबुल्लाह के दो सदस्य मारे गए

**बेरूत।** दक्षिणी लेबनान में रविवार को अलग-अलग इज़रायली हवाई हमलों में हिजबुल्लाह के दो सदस्य मारे गए। राष्ट्रीय समाचार एजेंसी (एनएनए) के अनुसार एक इज़राइली ड्रोन ने नबातीह जिले में हुमाइन अल-फ़ौका रोड पर अल-मासराह के पास एक कार पर दो निर्देशित मिसाइलें दागीं, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई। दूसरा हमला दक्षिण-पूर्वी लेबनान में अल-सवनेह और खिरबेत सेलम के बीच एक पिकअप ट्रक को निशाना बनाकर किया गया, जिसमें एक अन्य व्यक्ति की मौत हो गई।

एक लेबनानी सैन्य खुफिया सूत्र ने बताया कि हिज्जबुल्लाह के इंजीनियर अब्बास अल-जवाद, हुमाइन अल-फ़ौका में और हसन अली सुल्तान, अल-सवनेह के पास मारे गए। एनएनए ने कहा कि इज़रायली सेना दक्षिण-पश्चिमी लेबनान में ऐतरौन के पास एक नए सैन्य स्थल पर खुदाई का काम कर रही है। एक लेबनानी सैन्य खुफिया अधिकारी ने बताया कि यह विस्तार सीमा पर पांच मज़बूत चौकियों में से एक को मज़बूत करने के इज़रायल के प्रयासों का हिस्सा है। बुलडोज़र और उत्खनन मशीनों से लैस इज़रायली टीम, लेबनानी क्षेत्र पर नज़र रखने के लिए बख्तरबंद वाहनों के लिए मज़बूत आश्रय और निगरानी ढांचे बना रही है। अमेरिका और फ्रांस की मध्यस्थता में हिजबुल्लाह और इज़रायल के बीच 27 नवम्बर, 2024 से संघर्ष विराम लागू है। संघर्ष विराम के बावजूद, इज़रायल हिजबुल्लाह के 'खतरों' को खत्म करने की ज़रूरत का हवाला देते हुए लेबनान में हमले करता रहता है। उसने सीमा पर पांच मुख्य चौकियां बना रखी हैं।

■ संघर्ष विराम के बावजूद, इज़रायल हिजबुल्लाह के 'खतरों' को खत्म करने की ज़रूरत का हवाला देते हुए लेबनान में हमले करता रहता है

# अमेरिका में भारतीय छात्रा की खांसी और सीने में दर्द के बाद मौत

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका में हाल ही में स्नातक की उपाधि हासिल करने वाली और नौकरी की तलाश कर रही एक 23 वर्षीय भारतीय छात्रा की कथित तौर पर गंभीर खांसी और सीने में दर्द के बाद मौत हो गई।

जानकारी के मुताबिक, आंध्र प्रदेश की राजलक्ष्मी यार्लागड्डा उर्फ राजी ने हाल ही में टेक्सास एएंडएम यूनिवर्सिटी कार्पस क्रिस्टी से स्नातक की उपाधि हासिल की थी, यह जानकारी टेक्सास के डेंटन शहर में उनके चचेरे भाई चैतन्य वाईवीके की तरफ से शुरू किए गए गोफंडमी अभियान से मिली। राजी ने हाल ही में टेक्सास ये एंड एम यूनिवर्सिटी, कार्पस क्रिस्टी से स्नातक की पढ़ाई पूरी की थी और अपने करियर की शुरुआत करने की तैयारी कर रही थीं। उनकी अचानक मौत की खबर से परिवार और दोस्तों में गहरा सदमा है। उनकी चचेरे भाई चौतन्य वाईवीके ने अमेरिका के टेक्सास राज्य के डेंटन शहर से एक गोफंडमी अभियान शुरू किया है, ताकि राजी का पार्थिव शरीर भारत लाया जा सके और परिवार की आर्थिक मदद की जा सके। चैतन्य ने बताया कि राजी बहुत होनहार और उम्मीदों से भरी हुई लड़की थी। उसका सपना था कि वह नौकरी करके अपने माता-पिता की खेती में मदद करे। राजी के परिवार की आजीविका केवल खेती और पशुओं पर निर्भर है। वे आंध्र प्रदेश के बापटल जिले के करमचेडु गांव के रहने वाले हैं। परिवार के अनुसार, राजी को दो-तीन दिनों से खांसी और सीने में दर्द था। 7 नवम्बर की सुबह जब उनकी अलार्म की आवाज आई, तो वो नहीं जागीं। जांच में पता चला कि उनकी मृत्यु हो चुकी थी। गोफंडमी अभियान में कहा गया है कि परिवार इस अकल्पनीय दुख से जूझ रहा है और सभी से सहायता की अपील की गई है। अब तक चल रहे इस अभियान के जरिए 1,25,000 अमेरिकी डालर (करीब 1 करोड़ रुपये) जुटाने का लक्ष्य रखा गया है, जिससे उनके अंतिम संस्कार, शिक्षा ऋण और परिवार की आर्थिक मदद की जा सके। वहीं, अमेरिकी अधिकारियों ने शव का चिकित्सकीय परीक्षण शुरू कर दिया है, ताकि मौत के सही कारण का पता लगाया जा सके।

■ पढ़ाई के बाद नौकरी तलाश रही थी युवती

# ट्रम्प हर अमेरिकी को 1.7 लाख डॉलर देंगे

## कहाः टैरिफ से बहुत पैसे आए हैं, इसका विरोध करने वाले मुर्ख

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पर पोस्ट कर दावा किया कि टैरिफ से अरबों डालर की कमाई हो रही है। उन्होंने कहा कि इस कमाई से अमीरों को छोड़कर हर अमेरिकी नागरिक को 2000 डालर (करीब 1.7 लाख रुपये) का 'डिविडेंड' मिलेगा।

ट्रम्प ने पोस्ट में टैरिफ के आलोचकों को 'मूर्ख' करार दिया। उन्होंने कहा कि टैरिफ के खिलाफ बोलने वाले लोग मूर्ख हैं। हमारी सरकार ने अमेरिका को दुनिया का सबसे अमीर और सम्मानित देश बना दिया है, जहां महंगाई न के बराबर है और शेयर बाजार रिकार्ड स्तर पर है। हालांकि, ट्रम्प ने यह नहीं बताया कि ये प्राफिट किसे मिलेगा, इसकी पात्रता मानदंड (जैसे आय सीमा क्या होगी?) या समयसीमा पर कोई साफ जानक. ारी नहीं दी। यह पहली बार नहीं है जब उन्होंने ऐसा वादा किया। अक्टूबर में उन्होंने 1000 से 2000 डालर के छूट का संकेत दिया था। टैरिफ से हो रहे प्राफिट के अलावा ट्रम्प ने व्यापार मामलों में राष्ट्रपति के पावर की सीमाओं पर सवाल उठाते हुए गुस्सा जताया। उन्होंने कहा अमेरिका के राष्ट्रपति के पास किसी विदेशी देश के साथ सभी व्यापार को रोकने की अनुमति है, दूसरे देश को लाइसेंस देने की अनुमति है, लेकिन राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए टैरिफ लगाने की अनुमति नहीं है। ट्रम्प ने कहा-दूसरे देश हम पर टैरिफ लगा सकते हैं, लेकिन हम उनपर नहीं। सिर्फ टैरिफ की वजह से ही व्यवसाय अमेरिका में आ रहे हैं। टैरिफ के बिना हमारे पास कुछ भी नहीं है। क्या सुप्रीम कोर्ट यह नहीं समझता। ट्रम्प का कहना था कि अप्रैल 2025 में घोषित टैरिफ (10 प्रतिशत से 50 प्रतिशत) अमेरिकी अर्थव्यवस्था को मजबूत कर रहा है। व्हाइट हाउस ने तर्क दिया कि 1977 के इंटरनेशनल इमरजेंसी इकोनामिक पावर्स एक्ट (आईईईपीए) के तहत राष्ट्रपति को व्यापार कंट्रोल करने की शक्ति है, जिसमें टैरिफ लगाना शामिल है। सॉलिसिटर जनरल जान सावर ने चेतावनी दी कि अगर ये नीति रद्द हुई तो आर्थिक और राष्ट्रीय सुरक्षा नुकसान हो सकता है।



■ यह पहली बार नहीं है जब ट्रम्प ने ऐसा वादा किया, अक्टूबर में उन्होंने 1000 से 2000 डालर के छूट का संकेत दिया था

# विरोधी पार्टियों के सामने झुके अमेरिकी राष्ट्रपति!

## ओबामा केयर पर वोटिंग कराने पर राजी, संसद में बिल पास, शटडाउन खत्म होने की उम्मीद

वाशिंगटन। अमेरिका में 40 दिनों से जारी सरकारी शटडाउन के खत्म होने की उम्मीद जताई जा रही है। अमेरिकी सीनेट (उपरी सदन) ने फंडिंग बिल पास कर प्रक्रिया को आगे बढ़ाया है। यह बिल सरकार को 31 जनवरी तक फंडिंग उपलब्ध कराएगा। विधेयक के तहत एजेंसियों को 31 जनवरी तक कर्मचारियों की छंटनी करने से रोका जाएगा।

साथ ही, शटडाउन के दौरान काम करने वाले कर्मचारियों को पूरा बकाया वेतन दिया जाएगा। यह बिल 60-40 के अंतर से पारित हुआ। अब सीनेट इसमें संशोधन करेगी। इसके बाद यह प्रस्ताव हाउस आफ रिप्रेसेन्टेटिव (निचली सदन) की मंजूरी और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के हस्ताक्षर के लिए भेजा जाएगा। पूरी प्रक्रिया पूरी होने में अभी कुछ दिन और लग सकते हैं। शटडाउन खत्म करने के बदले रिपब्लिकन पार्टी ने कुछ डेमोक्रेट सीनेटरों से वादा किया कि बाद में ओबामा केयर की सब्सिडी बढ़ाने पर दिसम्बर में वोटिंग होगी। ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में पत्रकारों से कहा कि लगता है शटडाउन खत्म होने वाला है। लेकिन उन्होंने ट्रुथ सोशल पर एसीए सब्सिडी (ओबामा केयर सब्सिडी) को हेल्थ इंश्योरेंस कंपनियों के लिए मुनाफा और अमेरिकी लोगों के लिए आपदा बताया। ट्रम्प का कहना है कि सब्सिडी के बजाय लोगों को सीधे पैसे देकर उन्हें अपनी पसंद का इंश्योरेंस खरीदने की सुविधा दी जानी चाहिए। उन्होंने लिखा कि सरकार खुलते ही मैं दोनों पार्टियों के साथ मिलकर इस समस्या का समाधान करने को तैयार हूं। अफार्डेबल केयर एक्ट (एसीए) को लेकर डेमोक्रेट्स और रिपब्लिकन के बीच विवाद था। यह एक्ट बराक ओबामा के कार्यकाल में 2010 में पारित हुआ था। इसलिए इसे 'ओबामा केयर' कहा जाने लगा। इसके तहत सरकार कम और मध्यम आय वाले अमेरिकियों को हेल्थ इंश्योरेंस खरीदने के लिए आर्थिक सहायता (सब्सिडी) देती है। यह मदद उन परिवारों को दी जाती है जिनकी आमदनी फेडरल गरीबी रेखा से 100 प्रतिशत से 400 प्रतिशत के बीच होती है। इस साल के अंत में लोगों की सब्सिडी खत्म हो रही है। डेमोक्रेट्स इसे बढ़ाने की मांग कर रहे हैं। डोनाल्ड ट्रम्प और रिपब्लिकन पार्टी का मानना है कि ये सब्सिडी हेल्थ इंश्योरेंस कंपनियों को अनावश्यक फायदा देती हैं। ट्रम्प का तर्क है कि सरकार सीधे नागरिकों को पैसा दे ताकि वे अपनी पसंद का इंश्योरेंस खरीद सकें, कंपनियों के जरिए नहीं। डेमोक्रेट्स कहते हैं कि अगर ये सब्सिडी खत्म हुई या घटाई गई तो लाखों अमेरिकियों के इंश्योरेंस प्रीमियम आसमान छू जाएंगे, और कई लोग कवरेज से बाहर हो जाएंगे।



■ यह बिल सरकार को 31 जनवरी तक फंडिंग उपलब्ध कराएगा, विधेयक के तहत एजेंसियों को 31 जनवरी तक कर्मचारियों की छंटनी करने से रोका जाएगा

## श्रीलंका ने तमिलनाडु के 14 मछुआरों को किया गिरफ्तार

**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री और द्रमुक अध्यक्ष एम.के. स्टालिन ने श्रीलंकाई नौसेना के जलक्षेत्र में मछली पकड़ने के आरोप में गिरफ्तार किए गए 14 तमिल मछुआरों की शीघ्र रिहाई की मांग को लेकर सोमवार को विदेश मंत्री डा. एस. जयशंकर से इस मामले में शीघ्र हस्तक्षेप करने का आग्रह किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मयिलादुथुराई जिले के ये मछुआरे नेदुनथीवु के पास खुले समुद्र में रविवार देर रात मछली पकड़ रहे थे तभी उन्हें कथित तौर पर अंतर्राष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा (आईएमबीएल) पार करने और उनके जलक्षेत्र में अवैध शिकार करने के आरोप में श्रीलंका नौसेना ने गिरफ्तार कर लिया। उनकी नाव जब्त कर ली गई और गिरफ्तार मछुआरों को आगे की कार्रवाई के लिए श्रीलंका के कांकेसंथुराई बंद. रगाह ले जाया गया। स्टालिन ने इस मामले पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए डा. जयशंकर को लिखे एक अर्ध-सरकारी पत्र में आग्रह किया कि वे श्रीलंकाई हिरासत से इन मछुआरों और उनकी नावों की रिहाई सुनिश्चित करने के लिए तत्काल कदम उठाएं।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108